4 | रायपुर संभाग
कलेक्टर उइके ने धान खरीदी...

6 | अभिमत
भोपाल गैस त्रासदी का असर

09 | छत्तीसगढ़
प्रधानमंत्री आवास निर्माण में...

10 | छत्तीसगढ़
आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर ने आईएसएकॉन 2025 के तहत...

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-105
रायपुर, शुक्रवार 05 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज

### रुपए लगातार गिर रहा है तो देश कैसे विकास कर रहा है : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि सरकार बार-बार कहती है कि देश विकास कर रहा है लेकिन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है जो सटीक रूप से देश के आर्थिक हालात को बयां करता है। खरगे ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि रुपए की कीमत लगातार गिर रही है और इससे साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। उनका कहना था कि भले ही सरकार बार-बार कहती हो कि देश विकास कर रहा है लेकिन रुपए का लगातार कमजोर होना संकेत देता है कि आर्थिक स्थिति क्या है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले आज 90 के पार चला गया है सरकार चाहे कोई भी ढिंढ़ोरा पीटे, रुपये की क़ीमत गिरने से यह पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रूपया नहीं गिरता।

### सड़क निर्माण में हो रहा प्लास्टिक कचरे का प्रयोग

**नई दिल्ली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश भर के शहरों से प्रतिदिन निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे कचरे का निस्तारण तेजी से हो रहा है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को बताया गया कि यह पहल प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता की कहानी है, जिसे स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पहल ने शहरी स्थानीय निकायों को गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक वेस्ट को शहर के बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से सड़कों के निर्माण में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया है।

### राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की 33वीं बैठक संपन्न



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जल्दी खराब होने वाले बागवानी फसलों को लेकर खास रणनीति बनाने पर जोर देते हुए कहा है कि इन फसलों के खराब होने की मियाद बढ़ाने पर ध्यान देना होगा जिससे किसानों को नुकसान नहीं हो। वह यहां आयोजित राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक मंडल की 33वीं बैठक में बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बागवानी करने वाले किसानों को नुकसान से बचाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। इस बैठक में विशेष रूप से वाणिज्यिक बागवानी विकास योजनाएं, कोल्ड-चेन अवसंरचना परियोजनाएं, क्लस्टर विकास कार्यक्रम, क्षेत्र-विशिष्ट बागवानी क्लस्टरों की मदद से पैदावार और बाजार में बेचने को लेकर नयी पहल, रोगमुक्त पौधे क्लीन प्लांट कार्यक्रम -उच्च मूल्य वाली फसलों के लिए रोग-मुक्त पौध सामग्री उपलब्ध कराने के बारे में चर्चा हुई।

# मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 195.26 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम सुहेला में आयोजित कार्यक्रम में 195.26 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 1073 हितग्राहियों को आवास की चाबी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत तीन हजार महिलाओं को गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत पाँच हजार किसानों को अधिकार अभिलेख तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री और राशि के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का ध्येय है कि हर घर में पक्का मकान, शौचालय, शुद्ध पेयजल और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ पहुंचे। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए हमारी सरकार जनता के हित में वचनबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य बने 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और हम रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं। सरकार बनने से पहले प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में जो वादे किए गए थे, उन्हें हम एक-एक कर पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण की दर बढ़ाकर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये कर दी गई है। किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस भी प्रदान किया जा चुका है। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत हर घर को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना में बड़ी मात्रा में सब्सिडी भी मिल रही है, इसलिए अधिक से अधिक लोग अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर लाभ उठाएँ। उन्होंने जिले में प्रशासन की 'हम होंगे कामयाब' पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षित कर उनके बेहतर भविष्य के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, उनसे अब तक 500 से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है और बड़े-बड़े कार्य सहजता से पूरे हो रहे हैं। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में अकेले 100 करोड़ रुपये से अधिक की सड़कों की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम के दौरान सुहेला में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, तिल्दा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, बलौदाबाजार में शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भवन एवं नवीन व्यावसायिक परिसर का निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने जिले के 50 धान उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए 10-10 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण तथा सुहेला तिगड्डे में तीनों सड़कों पर एक-एक किलोमीटर तक डिवाइडर निर्माण एवं लाइट लगाने की भी घोषणा की।

# राष्ट्रपति पुतिन दिल्ली पहुंचे, मोदी ने हवाई अड्डे जाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत-रूस शिखर बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परंपरा से हटकर हवाई अड्डे गये और वहां पुतिन की अगवानी की। उन्होंने गर्मजोशी के साथ पुतिन का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने पहले हाथ मिलाया और फिर गले मिले। हवाई अड्डे से दोनों नेता एक ही कार में प्रधानमंत्री आवास पहुंचे जहां मोदी ने उनके सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया। बाद में मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंग्रेजी और रूसी भाषा में पोस्ट किया, भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है। इससे दोनों देशों के लोगों को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पुतिन का स्वागत करते हुए खुशी हुई। गुरुवार रात और शुक्रवार को उनके साथ बातचीत होगी। प्रधानमंत्री ने इस पोस्ट के साथ रूसी राष्ट्रपति के स्वागत की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। पुतिन का शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जायेगा। वहां से वह सीधे राजघाट जायेंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा चार वर्ष के अंतराल पर हो रही है। मौजूदा भू-राजनैतिक परिदृश्य में यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुतिन शुक्रवार को 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में मोदी के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में सुखोई-57 लड़ाकू विमानों के सौदे, एस-400 रक्षा प्रणाली, तेल खरीद समेत कई मुद्दों पर बातचीत होगी।

## आयकर विभाग की छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों में बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आयकर विभाग ने गुरुवार सुबह छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर छापेमारी अभियान शुरू करते हुए लोहा और भूमि कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर कार्रवाई की। यह ऑपरेशन सिर्फ छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश और ओडिशा में भी संबंधित कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी गई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, विभाग की टीमों ने रायपुर समेत अन्य राज्यों के विभिन्न लगभग 24 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया है। जिन व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उनमें लोहा व्यापार और जमीन सौदों से जुड़े लोग बताए जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 100 से अधिक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जवानों को भी राजधानी रायपुर में तैनात किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में तापमान स्थिर, आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट होने का अनुमान

**रायपुर।** मौसम केंद्र रायपुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव का अनुमान नहीं है। हालांकि उसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है। विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 07.8 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया। वहीं राज्य की राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम) और न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम) दर्ज किया गया।

## राज्यसभा में सांसदों ने उठाया प्रदूषण का मुद्दा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में कई सदस्यों ने वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया और राष्ट्रीय राजधानी तथा आसपास के शहरों में वायु प्रदूषण के ऊंचे स्तर पर चिंता व्यक्त की। ओडिशा से बीजू जनता दल की सांसद सुलता देव ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि यहां लोगों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के दलों ने लोकसभा चुनाव के समय 400 पार का जो नारा दिया था वह दिल्ली में सफल हो गया है, यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार 400 के पार है।

## किसके फायदे के लिए गाइडलाइन के लिए सरकार रेट कम नहीं कर रही है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि जमीनों की गाइडलाइन के रेट बेतहाशा बढ़ाने के चौतरफा विरोध के बावजूद सरकार हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। भाजपा के नेता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। सरकार एक मंत्री की जिद में पूरे प्रदेश को परेशान करने पर अड़ी हुई है। जिस फैसले के खिलाफ पूरा जनमानस है, सरकार उसको लागू करने की जिद पर क्यों अड़ी है? मंत्री चौधरी कहते है इससे किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा। कितने किसानों का मुआवजा प्रकरण सरकार के पास पेंडिंग है, 1 प्रतिशत के लिए 99 प्रतिशत को परेशान करना उचित नहीं। यदि किसानों की इतनी ही चिंता है तो मंत्रिमंडल की बैठक करके मुआवजे की दर सरकार 4 गुना से बढ़ाकर 10 गुना कर दे, लेकिन पूरे प्रदेश को परेशान करना बंद करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय मंत्रिमंडल ने फैसला लिया कि एक साल तक 200 यूनिट तक बिजली के दाम आधा किया गया है। इसके लिए शर्त यह है कि कुल खपत 400 यूनिट तक ही होनी चाहिए, 401 यूनिट खपत होने पर पूरा बिल लगेगा। पहले कांग्रेस के सरकार के समय से 400 यूनिट तक दाम आधा था, कितनी भी खपत हो। 400 से अधिक खपत होती थी, तब भी 400 यूनिट का आधा बिल ही लगता था। सरकार का यह फैसला जन विरोधी है। हमारी मांग है कि पुरानी 400 यूनिट तक की आधी बिजली बिल योजना बहाल किया जाय। इसके साथ ही सरकार ने जो बिजली के दाम बढ़ाए है उसको कम करे। स्मार्ट मीटर की रीडिंग की रि-चेकिंग मुफ्त किया जाय। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार को जनादेश प्राप्त किए कल दो साल पूरे हो गए कल ही चुनाव परिणाम आए थे। दो साल में ही सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया मोदी की गारंटी के नाम पर जनता से झूठा वादा कर सरकार में आए दो साल में एक भी वायदा पूरा नहीं किया।

## असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है भारतीय नौसेना : मोदी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के सालों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया है। इससे हमारा सुरक्षा सिस्टम और मज़बूत हुआ है। मैं इस साल की दिवाली कभी नहीं भूल सकता, जो मैंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ मनाई थी। भारतीय नौसेना को उनके आने वाले सभी कामों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष नौसेना ने मुख्य समारोह तिरुवनंतपुरम के षणमुगम समुद्र तट पर आयोजित किया है। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को षणमुगम समुद्र तट पर नौसेना के युद्धपोतों के प्रदर्शन को देख था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर वन्य प्रेमियों को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर वन्य प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा है कि देश में चीतों की बढ़ती आबादी बेहद उत्साहजनक है और भारत में जन्मी एक मादा चीता द्वारा पांच शावकों को जन्म देना इस बात का सशक्त प्रमाण है कि चीते भारतीय वातावरण में पूरी तरह रच-बस चुके हैं। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के लिखे एक लेख को साझा किया है जिसमें बताया गया है कि कैसे चीता पुनर्वास कार्यक्रम वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

### राष्ट्रपति मुर्मु, पीएम मोदी, बिरला ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



जाने-माने अधिवक्ता एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। वह 73 साल थे। स्वराज का शाम साढ़े चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी पुत्री एवं नयी दिल्ली सीट से सांसद बांसुरी स्वराज ने उन्हें मुखाग्नि दी। बांसुरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पापा स्वराज कौशल आपका स्नेह, आपका अनुशासन, आपकी सरलता, आपका राष्ट्रप्रेम और आपका अपार धैर्य मेरे जीवन की वह रोशनी है, जो कभी मंद नहीं होगी। आपका जाना हृदय की सबसे गहरी पीड़ा बनकर उतरा है, पर मन यही विश्वास थामे हुए हैं कि आप अब मां के साथ पुनः मिल चुके हैं, ईश्वर के सान्निध्य में, शाश्वत शांति में। आपकी बेटी होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा गौरव है, और आपकी विरासत, आपके मूल्य और आपका आशीर्वाद ही मेरी आगे की हर यात्रा का आधार रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित विभिन्न नेताओं ने स्वराज के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुर्मु ने अपने शोक संदेश में कहा, मिजोरम के पूर्व राज्यपाल, पूर्व सांसद और जाने-माने कानूनविद् स्वराज कौशल के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मैं उनकी पुत्री एवं सांसद बांसुरी स्वराज, परिवार के दूसरे सदस्यों और चाहने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मोदी ने कहा, स्वराज कौशल के गुज़र जाने से दुख हुआ।

### संसदीय समिति एक साथ चुनाव कराने पर 10 और 17 दिसंबर को विशेषज्ञों से सलाह लेगा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव से जुड़े दो महत्त्वपूर्ण बिलों की जांच कर रही संसद की संयुक्त समिति 10 और 17 दिसंबर को विशेषज्ञों से राय लेगी। समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद पीपी चौधरी कर रहे हैं। पहली बैठक 10 दिसंबर को होगी, जिसमें राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, चुनाव आयोग के प्रतिनिधि और अन्य कानूनी विशेषज्ञों से सुझाव लिए जाएंगे। दूसरी बैठक 17 दिसंबर को निर्धारित है। इसमें आर्थिक सलाहकार संजय सान्याल, आईएमएफ की फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ, और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई से परामर्श लिया जाएगा। समिति के पास दो बिलों-संविधान (129वां संशोधन) बिल, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2024 की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी है।

### मुठभेड़ में शामिल बहुत से जवानों ने रात भी जंगल के अंदर ही गुजारी

# सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 18 नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में अब तक 18 नक्सली मारे गए हैं और सुरक्षा बल के तीन जवान शहीद हुए हैं तथा अन्य तीन घायल हैं। तलाशी अभियान भी जारी है। पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी कंपनी नंबर दो, भैरमगढ़ एरिया कमेटी और गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों ने बुधवार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), कोबरा, केन्द्रीय रिजव पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों के बीच हुई मुठभेड़ में भारी गोलीबारी हुयी। नक्सलियों के गोलबारी का जवाब देते हुए सुरक्षाबल के जवानों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर 12 नक्सलियों के मारे जाने की बात कही थी, देर रात तक पुलिस ने सिर्फ एक नक्सली की पहचान के बारे में बताया था। मुठभेड़ में शामिल बहुत से जवानों ने रात भी जंगल के अंदर ही गुजारी है, बैकअप टीम के साथ रात भर जंगल में गुजारने वाले गुरिल्ला वॉर लड़ने में बेहद प्रशिक्षित जवानों ने तलाशी अभियान को जारी रखा हुआ है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में आठ लाख के ईनामी नक्सली मोड़यामी वेल्ला की पहचान सबसे पहले हो सकी है, बाकी 17 नक्सलियों की पहचान का काम जारी है, नक्सली वेल्ला पीपुल्स गुरिल्ला आर्मी कम्पनी नंबर दो कमांडर एवं डिवीजनल कमेटी का मेंबर था। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से एलएमजी मशीन गन, और चार तरह के रायफल्स (एके 47, एसएलआर, इंसास और.303) बरामद किए हैं और भारी मात्रा में गोला बारूद और अन्य हथियारों की बरामदगी की है। नक्सलियों की भारी गोलीबारी का सामना करते हुए डीआरजी के तीन जवान प्रधान आरक्षक मोनू बड्डी, आरक्षक दुकारू गोंड और जवान रमेश सोढ़ी शहीद हुए हैं। सहायक उप निरीक्षक जनार्दन कोर्राम और आरक्षक सोमदेव यादव एवं एक अन्य जवान को हवाई मार्ग से राजधानी रायपुर भेजा गया है, यहां इनका इलाज जारी है। बस्तर रेंज के पी. सुंदरराज के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की आसूचना पर दो जिलों में तैनात बल को पूरी रणनीति के साथ जंगलों के भीतर झोंका गया था। बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के डीआरजी जवान, एसटीएफ कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों ने जंगल में जगह-जगह घेराबंदी की थी।

### सुरक्षा बलों ने तीन आईईडी को किया निष्क्रिय

**नारायणपुर।** नारायणपुर के नक्सल प्रभावित छोटे डोंगर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम देते हुए संभावित बड़ी घटना को टाल दिया। जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम तोयामेटा-पड़बेदा के घने जंगलों में नक्सलियों द्वारा लगाए गए तीन अत्याधुनिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर पुलिस ने उन्हें मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए नारायणपुर पुलिस ने बताया कि समय रहते मिली सूचना और संयुक्त बल की त्वरित कार्रवाई ने गश्ती दल एवं ग्रामीणों की जान को गंभीर खतरे से बचाया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गुरुवार को मिली जानकारी के मुताबिक, विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि नक्सलियों ने मादिन नदी किनारे पड़बेदा जाने वाले पगडंडी मार्ग पर गश्ती दल को क्षति पहुंचाने उद्देश्य से विस्फोटक दबाए हैं। सूचना अत्यंत महत्वपूर्ण थी, तत्काल संयुक्त टीम रवाना कर क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। अभियान में ओरछा स्थित 29वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), नारायणपुर के बम निरोधक दस्ते, थाना छोटे डोंगर पुलिस बल तथा आईटीबीपी खोची स्वान शामिल थे। टीम ने लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र को सुरक्षा घेरा बनाकर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान नदी किनारे पगडंडी मार्ग से तीन कुकर बम बरामद हुए, जिनमें प्रत्एक बम का वजन लगभग तीन किलो था।

## दिल्ली देहात में गरीब किसानों के साथ नहीं होने दूंगा अन्याय : राहुल

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार गरीबों की जमीन अमीरों को बेचकर गरीब किसानों के साथ अन्याय कर रही है लेकिन वह उनका मामला संसद में उठाएंगे और उन्हें न्याय दिलाकर रहेंगे। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में लिखा जन-संसद में दिल्ली देहात के प्रतिनिधियों से मुलाकात और उनसे बातचीत में देश भर के गरीबों, किसानों के दर्द की गूंज सुनाई दी। मोदी सरकार 'विकास'के नाम पर गरीबों का हक़, अमीरों के फायदे के लिए छीन रही है। उन्होंने साफ़ बताया कि दिल्ली की सीमा के गांवों की ज़मीनें छीनने का संगठित षड़यंत्र चल रहा है जो बहुत ही गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने किसानों के हक़ की रक्षा के लिए मज़बूत भूमि अधिग्रहण कानून बनाया था जिसमें किसानों की स्वेच्छा और उन्हें मिलने वाले मुआवजे, दोनों पर विशेष ध्यान दिया गया था इसलिए यह कानून उनका पूरा खयाल रखता है। मोदी सरकार ने आज उसी कानून को दरकिनार कर भूमि पूलिंग जैसी नीतियों से ग्रामीणों को उनकी ज़मीन, रोज़गार और भविष्य से दूर किया जा रहा है और यह काम सुनियोजित तरीका अपनाकर कभी दबाव से तो कभी धोखे से किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सूरजपुर, कोरिया, और मुंगेली के दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामों में फिर बहाल हुई बिजली व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com






राज्य के सूरजपुर, कोरिया और मुंगेली जिलों के विभिन्न ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्थापित सौर मिनी-ग्रिड एवं ऑफ-ग्रिड प्लांट पुनः पूर्ण क्षमता से कार्यशील कर दिए गए। पुरानी बैटरियों की क्षमता कम होने से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इसे देखते हुए क्रेडा ने प्राथमिकता के आधार पर सभी निर्दिष्ट स्थलों पर इन्वर्टर एवं नई उच्च क्षमता 2वाट बैटरियों की त्वरित आपूर्ति कर दी गई है। सूरजपुर जिले के सुरक्षा प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्र रिझनाबहार बस्ती में सौर ऊर्जा संयंत्र को पुनः चालू कर दिया गया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरस्थ इलाकों में ऊर्जा पहुँचाने की प्राथमिकता के अनुरूप क्रेडा द्वारा त्वरित रूप से की गई। बस्ती के लोगों द्वारा बिजली बाधित होने की सूचना मिलने के बाद क्रेडा की तकनीकी टीम ने तत्काल क्षेत्र का निरीक्षण कर पूरे सिस्टम-सोलर पैनल, बैटरी बैंक, चार्ज कंट्रोल यूनिट और वितरण तंत्र की मरम्मत एवं कार्यशीलता सुनिश्चित कर दी। जिन प्रमुख स्थानों पर नई बैटरी सप्लाई एवं प्लांट पुनर्संचालन हुआ, उनमें शामिल जिला कोरिया (आरवीई डीडीजी परियोजना), रामगढ पनिकापारा - 60 बैटरी, मजघावाखुर्द - 60 बैटरी, पाथरगवां-04 - 60 बैटरी, पथरगवां-03 - 48 बैटरी, नटवाही बारपारा-02 - 48 बैटरी, रामघर स्कूलपारा - 48 बैटरी, देवटीडांड़-01 - 48 बैटरी, जोगिया 48 बैटरी है। जिला - मुंगेली (आरवीई डीडीजी परियोजना), अचानकमार (बाज़ार चौक) 24 बैटरी, अचानकमार सिस्टम नं.-06 (मंदिरपारा) 48 बैटरी है। इन सभी स्थानों पर बैटरी सप्लाई क्रेडा द्वारा सुनिश्चित की गई है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में ऊर्जा की निरंतरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया- क्रेडा का लक्ष्य केवल प्लांट स्थापित करना नहीं, बल्कि उनकी दीर्घकालिक गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। बैटरी बदलने की यह कार्रवाई उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उनके निर्देश पर हर जिले में बैटरी की गुणवत्ता, क्षमता और सुरक्षा मानकों का विशेष परीक्षण किया गया। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने इस बड़े पैमाने की सप्लाई और स्थापना प्रक्रिया का प्रशासनिक नेतृत्व संभाला। उन्होंने जिलों में बैटरी वितरण की सुव्यवस्थित व्यवस्था, तकनीकी टीमों की फील्ड तैनाती, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने, और प्रत्येक स्थल पर कार्यशीलता पुनर्सत्यापित करने इत्यादि - सभी पहलुओं का प्रभावी समन्वय किया। राणा ने कहा- सोलर प्लांट तभी मूल्यवान होते हैं जब वे बिना रुकावट सेवाएँ दें। अकार्यशील बैटरियों के स्थान पर नयी बैटरियों के स्थापना से गाँवों की ऊर्जा व्यवस्था और मजबूत होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने क्रेडा टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऊर्जा बहाल होने से उनकी दिनचर्या आसान हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर इस दिशा में कार्य कर रहा है कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र ऊर्जा से वंचित न रहे। कोरिया-मुंगेली-बिलासपुर में की गई यह त्वरित कार्रवाई उसी नीति का प्रभावी परिणाम है।

## मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट हेतु चेंबर आफ कॉमर्स प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात कर दो महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपे। चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग से लगभग 50,000 से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका से सीधे जुड़ा है। यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे कहा कि हमने इस दौरान प्रस्तुत स्मरण पत्र में विशेष रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान एवं दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। हमने मंत्री जी से निवेदन किया है कि अधिसूचना 13/03/2024 को जारी कर शुल्क छूट प्रदान की जाए, जिससे प्रदेश के किसान, व्यापार और उद्योगों को राहत मिल सके। चेम्बर ने आशा व्यक्त की है कि माननीय मंत्री जी सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के कृषक, व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग को राहत प्रदान करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी,चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, जवाहर थारानी, अशोक निहलानी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरुमुख गंगवानी, पोहा-मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा अध्यक्ष रंजीत दावानी, संरक्षक अनिल लोचलानी, उपाध्यक्ष राकेश मंधान, डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ सदस्य पवन मंधान एवं अमरलाल सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# इंडिगो की 400 उड़ानें रद्द आज भी जारी रहेगी परेशानी

पायनियर संवाददाता ᐸ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गयी अपनी पहल के तहत करीब 400 उड़ानें रद्द कीं। दिल्ली एयरपोर्ट की बेवसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में उसकी 100 से अधिक उड़ानें रदद रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रदद हुई हैं। मुबंई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रदद होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गयी हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बतायी गयी है। उड़ानें रदद होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की है। इंडिगो ने बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव किये जा रहे हैं जो अगले 48 घंटे तक जारी रहेंगे। इस कारण उसकी करीब 100 उड़ानें रदद रही थीं। डीजीसीए ने भी बुधवार रात एक बयान जारी कर बताया था कि उसने इंडिगो को क्रू के रोस्टर और आराम संबंधी नये नियमों का पालन करने के उपाय लागू करने की अनुमति दी है। इसके तहत एयरलाइंस नियमों का पालन करते हुए क्रू प्लानिंग और रोस्टरिंग को मजबूत करेगी, स्लॉट के प्रबंधन के लिए एटीसी और हवाई अड्डों के साथ समन्वय करेगी और दो उड़ानों के बीच के समय तथा व्यवधान प्रबंधन में सुधार करेगी। नियामक ने बताया था कि नवंबर में इंडिगो की 1,232 उड़ानें रदद रही थीं। इसमें 755 उड़ानें चालक दल के सदस्यों की अनुपलब्धता के कारण, 92 एटीसी सिस्टम में खराबी और 258 हवाई अड्डे पर स्लॉट की कमी के कारण रदद करनी पड़ी थी। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो ने विंटर शिड्यूल में अपनी उड़ानों की संख्या में काफी वृद्धि की है। बेड़े में विमानों की संख्या भी बढ़ी है, लेकिन उस अनुपात में क्रू सदस्यों की संख्या नहीं बढ़ी है।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के ऐतिहासिक आदेश के बाद जारी किया सर्फेस राइट फ्रेमवर्क, नीलाम खदानों को मिली राहत

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ राजपत्र
(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

छत्तीसगढ़ में खनन कार्यों में तेजी लाने वाली एक बड़ी प्रशासनिक पहल के तहत राज्य सरकार ने भारत सरकार के सतही अधिकार संबंधी निर्देशों को लागू करते हुए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। इससे नीलाम खनिज ब्लॉकों में उत्पादन की शुरुआत अब पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से हो सकेगी। आरयूएलई-801/97/2025 -एमआरडी 23.10.2025 के अंतर्गत जारी इस अधिसूचना द्वारा जिला कलेक्टरों को वार्षिक सतही मुआवजा निर्धारित करने तथा खनन पटटा धारकों को उनके आवंटित भूमि क्षेत्रों में प्रवेश दिलाने का विधिक अधिकार प्रदान किया गया है–एक ऐसा कार्य जो निजी भूमि सौदों में देरी के कारण पहले वर्षों तक अटका रहता था। यह कदम भारत सरकार द्वारा 3 जुलाई 2024 को जारी उस ऐतिहासिक आदेश के अनुपालन में है, जिसमें सभी राज्यों को सतही अधिकार मुआवजा व्यवस्था को सरल बनाने तथा खनन पटटा धारकों को भूमि पर बिना देरी के विधिक प्रवेश उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। यह आदेश खनिज एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 20 के तहत जारी किया गया था। भारत सरकार ने पाया कि सैकड़ों खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी के बावजूद केवल कुछ ही खदानों में उत्पादन शुरू हो पाया है। सबसे बड़ी बाधा के रूप में यह कारण सामने आया, जिसमें निजी भूमिस्वामियों से सतही अधिकार प्राप्त करने में देरी। इस समस्या के समाधान हेतु केंद्र ने वार्षिक सर्फेस मुआवजा निर्धारण हेतु अधिकारी की नियुक्ति, प्रत्येक राज्य को 30 दिनों के भीतर एक अधिकृत अधिकारी नियुक्त करना होगा। जिला कलेक्टर को डिफॉल्ट नियुक्ति का अधिकार, यदि राज्य किसी विशेष अधिकारी को नियुक्त नहीं करता, तो जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट स्वचालित रूप से सतही मुआवजा निर्धारित करने के अधिकृत अधिकारी माने जाएंगे। मुआवजा भुगतान की अंतिम तिथि निर्धारित- वार्षिक मुआवजा हर वर्ष 30 जून तक जमा करना होगा। वर्ष के किसी हिस्से में संचालन शुरू करने पर, प्रो-राटा आधार पर, संचालन से पूर्व भुगतान करना अनिवार्य होगा। मुआवजा निर्धारण हेतु निर्धारित समय-सीमा- सफल/पसंदीदा बोलीदाता के अनुरोध पर अधिकारी को 90 दिनों के भीतर मुआवजा निर्धारित करना होगा। खनन क्षेत्र में प्रवेश की गारंटी- राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि खनन पटटा धारक पटटा अवधि के दौरान कभी भी अपने लीज क्षेत्र में प्रवेश कर सकें और अन्वेषण, सर्वेक्षण या खनन कार्य कर सकें। छत्तीसगढ़ ने आदेश को लागू किया: राज्य अधिसूचना की प्रमुख बातें जैसे- जिला कलेक्टर 30 दिनों के भीतर मुआवजा निर्धारित करेंगे, अधिसूचना कलेक्टरों को एमसीआर 2016 के नियम 52 के अनुरूप वार्षिक सतही मुआवजा निर्धारित करने का अधिकार देती है। हर वर्ष 30 जून से पूर्व सतही मुआवजा का भुगतान, केंद्र के निर्देशों के अनुसार अब भुगतान प्रक्रिया समयबद्ध और पूर्व-निर्धारित है। भूमि प्रवेश में तत्काल सुविधा- यदि विधिक आवश्यकताएँ पूर्ण हैं, तो कलेक्टर खनन पटटा धारकों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रिया के भूमि में प्रवेश दिलाएंगे। संविधान के अनुच्छेद 348(3) के तहत प्रकाशन-अधिसूचना हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की गई है, जिससे इसे पूर्ण वैधानिक स्थिति प्राप्त है। राजपत्र प्रकाशन की तिथि से लागू- यह व्यवस्था 23 अक्टूबर 2025 से पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी हो गई है।

## ऋषिकेश में 1800 करोड़ की विकास योजनाओं पर निगम का कड़ा रुख

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में ऋषिकेश के चंद्रभागा नदी के किनारे बाढ़ सुरक्षा, तटबंधों का सौंदर्यकरण, आईएसबीटी में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, 400 बसों की भूमिगत पार्किंग और चार वार्डों में सीवर लाइन विस्तार सहित अन्य विकास कार्य अब तक सिर्फ़ योजना स्तर पर रही हैं। इन योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारने पर निगम ने कड़ा रुख दिखाया है। नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने अधिकारियों से कहा कि सर्वे जल्द पूरा कर सभी योजनाओं की लिखित रिपोर्ट, लागत और कार्य प्रारंभ की तारीख एक सप्ताह में प्रस्तुत की जाए। नगर निगम ने विकास की धीमी प्रगति पर नाराज़गी जताते हुए कार्यदायी संस्था यूयूएसडीए को सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक की अध्यक्षता मेयर शंभू पासवान ने की। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों का विस्तार आगामी चारधाम यात्रा से पहले पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि यात्रा सीजन में जाम की समस्या न हो। गौरतलब है कि विकास के लिए केएफडब्ल्यू जर्मन बैंक से 1800 करोड़ रुपये मंजूर होने हैं, जिनसे ऋषिकेश, मुनिकीरेती, तपोवन और जौंक में विभिन्न कार्य संपन्न होंगे।

## श्रीनगर में भूमि धोखाधड़ी मामले में तीन के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईडब्ल्यू) ने भूमि धोखाधड़ी मामले में एक व्यवसायी और राजस्व विभाग के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों के मुताबिक यह आरोपपत्र 2022 में दर्ज की गयी प्राथमिकी से संबंधित है, जो रणबीर दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत पंजीकृत की गई थी।

## भोपाल के बड़े तालाब में तैरे 20 नए शिकारे, सीएम मोहन यादव शिकारे में हुए सवार

पायनियर संवाददाता ᐸ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बड़े तालाब में श्रीनगर की डल झील जैसे 20 शिकारे शुरू हो गए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर इनका शुभारंभ किया और खुद शिकारे में बैठकर सैर का आनंद लिया। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी मौजूद रहे। सैर के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकारा-बोट रेस्टॉरेंट से चाय, पोहा, समोसे और फल का नाश्ता किया तथा फ्लोटिंग बोट मार्केट से साड़ी और जैकेट भी खरीदी। सीएम ने इन शिकारों को वॉटर टूरिज्म के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसकी सराहना की। इन 20 शिकारों का संचालन मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। हर शिकारे में 4 से 6 लोग बैठ सकेंगे। चार लोगों के लिए 20 मिनट का किराया 300 रुपए और छह लोगों के लिए 450 रुपए तय किया गया है। सुबह 9 बजे से सूर्यास्त तक इनका आनंद लिया जा सकेगा। शिकारे पर्यावरण अनुकूल 'फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलीयूरिथेन' (एफआरपी) तकनीक से तैयार किए गए हैं, जो जल प्रदूषण नहीं करते। इन्हें अंतरराष्ट्रीय संस्था ने तैयार किया है, जिसने केरल, बंगाल और असम में भी ऐसे शिकारे बनाए हैं। सैर के दौरान पर्यटक शिकारे से हैंडीक्राफ्ट, स्थानीय व्यंजन, ऑर्गेनिक सब्जियां, फल खरीद सकेंगे और बर्ड वॉचिंग का आनंद भी ले सकेंगे। दूरबीन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सरकार ने सभी विधायकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया था, लेकिन कांग्रेस की ओर से केवल नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ही पहुंचे। उन्होंने कहा कि अच्छा काम हो तो उसकी सराहना की जानी चाहिए। बता दें कि एनजीटी ने पहले क्रूज और मोटर बोट संचालन पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद अब तालाब में केवल शिकारे ही चलेंगे। इससे पहले जून 2024 में एक शिकारा परीक्षण के तौर पर चलाया गया था।

## कोल्ड्रिफ कफ सिरप से 24 बच्चों की मौत सरकार ने ठहराया तमिलनाडु की कंपनी को जिम्मेदार

पायनियर संवाददाता ᐸ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विधानसभा में बताया कि राज्य में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से 24 बच्चों की मौत हुई है और प्रदेश में इस सिरप की अवमानक/अपमिश्रित दवा वितरण हेतु मूलरूप से तमिलनाडु राज्य स्थित श्रीसन फार्मा जवाबदार है। शुक्ल ने परासिया से कांग्रेस विधायक सोहन लाल वाल्मीक के सवाल के लिखित जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोल्ड्रिफ सिरप की अवमानक/अपमिश्रित दवा वितरण हेतु मूलरूप से तमिलनाडु राज्य स्थित श्रीसन फार्मा जवाबदार है। कम्पनी के उत्पादों को फ्रीज कर विक्रय रोके जाने की कार्यवाही की गई। दवाओं की निर्माण प्रकिया एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निर्माता कम्पनी जवाबदार होती है। मध्यप्रदेश में दवाइयों की जांच के लिए कुल तीन औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कार्यशील है एवं कुल 79 औषधि निरीक्षक मध्यप्रदेश में विभिन्न जिलों में पदस्थ है। देश/प्रदेश के विभिन्न राज्यों के औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्राप्त औषधि देश भर के बाजार में विक्रय हेतु उपलब्ध रहती है, जिनकी संख्या बताया जाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लैब की क्षमता लगभग 6500 सैम्पल प्रति वर्ष अनुसार दवाओं का टेस्ट किया जाता है। मध्यप्रदेश के अंदर इस सिरप का विक्रय एवं वितरण तमिलनाडु राज्य द्वारा प्रदत्त लाइसेंस की शर्तों के अनुरूप किया जाना अनुज्ञात है। अतः विक्रय के पूर्व प्रदेश की लैब से अनुमति प्राप्त करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

## केंद्र सरकार ने 4000 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृत दी : नितिन नवीन

एजेंसी ᐸ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि केंद्र सरकार ने 4000 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत की है, वहीं शेष योजनाओं की शीघ्र स्वीकृति के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं। नवीन ने विभागीय मुख्यालय में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की चल रही और प्रस्तावित योजनाओं की व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे, बाईपास निर्माण, फ्लाईओवर तथा अन्य महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता, समय-सीमा और बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मंत्री नवीन ने कहा कि केंद्र सरकार से 4000 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति मिली है। वहीं, अन्य योजनाओं को जल्द स्वीकृति देने के लिये अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर कार्य करने के निर्देश दिये गए हैं। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने मंत्री को प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति, भूमि अधिग्रहण की प्रगति, उपयोगिता शिफ्टिंग, ठेकेदारों की कार्य क्षमता, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता तथा भौगोलिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे एक्सप्रेसवे, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, आर्थिक महत्व वाले राष्ट्रीय राजमार्ग खंड तथा राज्य को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

### लखनऊ विश्वविद्यालय की बड़ी खोज

# पान के पत्ते में मिला अल्जाइमर के उपचार का सुराग

एजेंसी ᐸ लखनऊ
www.dailypioneer.com



धार्मिक/सांस्कृतिक व स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पान के पत्ते ने अब अल्ज़ाइमर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की नई उम्मीद जगाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की बायोजेरोन्टोलॉजी और न्यूरोबायोलॉजी प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों की एक टीम ने पान के पत्ते में पाए जाने वाले एक विशेष प्राकृतिक तत्व हाइड्रॉक्सीचाविकोल को दवा के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया है।अल्ज़ाइमर रोग को दुनियाभर में डिमेंशिया का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इस बीमारी में धीरे-धीरे याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता कम होती जाती है। अभी तक इस रोग का पूरा इलाज मौजूद नहीं है, और जो दवाएँ मिलती हैं वे सीमित राहत ही दे पाती हैं। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार नई दवाओं की तलाश में जुटे हैं।शोध का नेतृत्व कर रहे डॉ. नितीश राय ने बताया कि शोध के दौरान कम्प्यूटर आधारित तकनीकों से यह देखा गया कि हाइड्रॉक्सीचाविकोल शरीर के उन प्रोटीनों पर कैसे असर डालता है जो अल्ज़ाइमर से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान ऐसे 88 जीनों की पहचान की गई, जो इस तत्व और बीमारी दोनों से जुड़े पाए गए। इनमें से COMT, HSP90AA1 और GAPDH नाम के तीन प्रोटीन सबसे अहम साबित हुए। ये प्रोटीन दिमाग में संदेश पहुंचाने और मस्तिष्क कोशिकाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध से यह भी पता चला कि यह तत्व इन प्रोटीनों से अच्छी तरह जुड़ता है और बीमारी से जुड़े कई कारणों पर एक साथ असर डाल सकता है। इसमें दवा जैसे गुण पाए गए हैं और यह शरीर में आसानी से अवशोषित हो सकता है। इसलिए भविष्य में इसे मौखिक दवा यानी गोली के रूप में विकसित किया जा सकता है। डॉ. नितीश राय के मुताबिक यह खोज अभी शुरुआती चरण में है और इसे आगे प्रयोगशाला व मरीजों पर परीक्षणों के बाद ही उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पान के पत्ते में पाया जाने वाला यह तत्व सस्ता, सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध हो सकता है, इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। फिलहाल, यह शोध भारतीय परंपरागत औषधियों की ताकत को दुनिया के सामने लाने वाला है। यदि भविष्य में परीक्षण सफल रहे, तो यह खोज लाखों लोगों को अल्ज़ाइमर से राहत देने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। गौरतलब है कि अल्जाइमर में मस्तिष्क की कोशिकाओं का आपस में संपर्क खत्म हो जाता है और वे मरने लगती हैं। प्रायः यह 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में पाया जाता है। अल्जाइमर में मस्तिष्क में कुछ रसायनों की मात्र भी कम होने लगती है। ये रसायन मस्तिष्क में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जरूरी होते हैं। अल्जाइमर एक लगातार बढ़ने वाला रोग है। जैसे-जैसे यह रोग बढ़ता जाता है, मस्तिष्क का अधिक से अधिक भाग क्षतिग्रस्त होता जाता है और लक्षण ज्यादा गंभीर हो जाते हैं। अल्जाइमर की शुरुआत में याददाश्त कमजोर हो जाना और बात करने में सही शब्द ढूंढने में कठिनाई होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे-जैसे यह बीमारी बढ़ती है, रोगी भ्रमित हो जाता है और बार-बार लोगों के नाम, स्थान और हाल-फिलहाल में हुई घटनाओं को भूलने लगता है। बार-बार मूड बदलने लगता है, अपनी याददाश्त के कमजोर पड़ने से दुखी, क्रोधित और हताश महसूस करने लगता है। आत्मविश्वास कम होने से लोगों से कटा-कटा रहने लगता है।

## विपक्ष के वाकआउट के बीच विधान परिषद में धन्यवाद प्रस्ताव पारित, मुख्यमंत्री ने रखी विकास की रूपरेखा

एजेंसी ᐸ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण पर जो बातें कही गईं, वे सही हैं और सरकार इन वादों को पूरा करने के लिये पूरी कोशिश करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कहा कि जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को भारी बहुमत देकर विकास की दिशा को और मजबूत किया है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अब न तो डर का माहौल है और न ही सांप्रदायिक तनाव, क्योंकि 2006 से कब्रिस्तानों और 2016 से पुराने हिंदू मंदिरों की घेराबंदी के चलते पुराने विवाद और चोरी की घटनायें लगभग समाप्त हो गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि राज्य में बड़ी संख्या में नये स्कूल खोले गये हैं, शिक्षकों की बहाली तेज़ी से हुई है और विद्यार्थियों के लिये पोशाक योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री के अनुसार बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से अब तक दो लाख, 58 हजार शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। सरकार ने यह भी तय किया है कि नियोजित शिक्षकों को बिहार लोक सेवा आयोग की नियमित परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें एक सरल परीक्षा के आधार पर सरकारी शिक्षक बनाने की व्यवस्था की गई है। इस प्रक्रिया की तीन परीक्षायें पूरी हो चुकी हैं, जिनमें 62 हजार शिक्षक सफल हुये हैं, जबकि 77 हजार शिक्षकों की प्रक्रिया शेष है।

## अनंतनाग में स्थानीय होटल के खिलाफ आव्रजन और विदेशी अधिनियम के उल्लंघन पर प्राथमिकी दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग जिले में पहलगाम के एक स्थानीय होटल के खिलाफ आव्रजन और विदेशी अधिनियम के कथित उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 'राफ्टिंग पॉइंट' क्षेत्र में होटलों और गेस्ट हाउसों के नियमित निरीक्षण के दौरान, पहलगाम थाने की एक टीम ने कानूनी और सुरक्षा विनियमों के अनुपालन के लिए जाँच की। जांच के दौरान यह पाया गया कि होटल गोल्डन हेरिटेज ने थाईलैंड के दो विदेशी नागरिकों को ठहराया था। होटल प्रबंधन ने जानबूझकर उनके ठहरने को छिपाया और विदेशी नागरिकों की रिपोर्टिंग और पंजीकरण के लिए अनिवार्य 'फॉर्म सी' ऑनलाइन जमा नहीं करवाया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य आव्रजन और विदेशी अधिनियम, 2025 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है, जो होटल और आवास प्रतिष्ठानों द्वारा विदेशी मेहमानों की सख्त रिपोर्टिंग अनिवार्य करता है। इस तरह की चूक सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर चिंता पैदा करती है।

# टाटामारी में हुआ वृत्त स्तरीय वैद्यों का सम्मेलन, जानकारियों का हुआ आदान-प्रदान

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती के अवसर पर केशकाल वनमण्डल द्वारा इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में भी सात दिवसीय हर्बल मेला एवं परंपरागत वैद्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में कांकेर वृत्त अंतर्गत लगभग 150 वैद्यराज शामिल हुए। जिसमें वन विभाग की एसडीओ सुषमा जे. नेताम एवं वनौषधि बोर्ड की ओर से आई वनस्पति विज्ञान सलाहकार संगीता श्रीवास्तव द्वारा सभी वैद्यराजों के साथ विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा किया गया। इस दौरान केशकाल रेंजर कृष्णा ठाकुर, रामप्रसाद यादव, नरेंद्र मेश्राम, मिर्जा फिरोज बेग समेत वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**पारंपरिक ज्ञान साझा करने का मौका मिलता है-** इस सम्बंध में वनस्पति विज्ञान सलाहकार संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि वैद्यराजों का सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य है कि कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, नारायणपुर, भानुप्रतापपुर, नरहरपुर, एवं कापसी जैसे अलग अलग क्षेत्रों के वैद्यराज अपने पारम्परिक ज्ञान को एक दूसरे से साझा करें। ताकि उनका ज्ञान और बढ़ सके। साथ ही अलग अलग क्षेत्रों में विलुप्त हो रही औषधियों की प्रजातियों के सम्बंध में भी चर्चा कर उसका अभिलेखीकरण किया जा रहा है।

**कार्यशैली में सुधार एवं सीखने का अवसर मिला-** वन औषधालय फरसगांव से आए वैद्यराज रामप्रसाद निषाद ने बताया कि यह कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे अलग-अलग क्षेत्र के वैद्यराज जो कि परंपरागत औषधीय से लोगों का उपचार करते हैं। उन्हें अपनी कार्यशैली व ज्ञान एक दूसरे से सीखने और सीखाने एवं सुधार करने का मौका मिलता है।

**स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर काम करते हैं वैद्य-** ग्राम सिंगनपुर के वैद्य श्यामलाल जो की हडडी विशेषज्ञ के रूप में मशहूर है। उन्होंने बताया कि हम पिछले तीन पीढ़ी से यह काम कर रहे है। हम स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर काम करते हैं। किसी भी बीमारी का इलाज करने के साथ साथ हम उन्हें अस्पताल जाकर डॉक्टरों से भी परामर्श लेने की सलाह देते है।

**वैद्यराजों को भी मानदेय मिलना चाहिए-** वैद्यराज कुंवर सिंह साहू ने बताया कि हम पीढ़ी दर पीढ़ी वैद्यराज के रूप में आम जनता की सेवा कर रहे है। लेकिन विडंबना यह है कि हमें शासन की ओर से कोई मानदेय नहीं मिलता है। हम शासन प्रशासन से मांग करते है कि जिस प्रकार से वन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को वेतन और मानदेय मिलता है, इसी प्रकार से हम सभी वैद्यराजों को भी मानदेय देना चाहिए।

# स्वास्थ्य, शिक्षा व बाल सुरक्षा पर एनएसएस व यूनिसेफ ने बढ़ाया कदम ग्राम संपर्क अभियान का हुआ सफल संचालन




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में संचालित 'सुरक्षित पारा - सुरक्षित लइकामन 3.0' ग्राम संपर्क अभियान का समापन किया गया। यह अभियान 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक माकड़ी विकासखंड के विभिन्न चयनित गांवों में आयोजित किया गया। अभियान का संचालन छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग की पदेन उपसचिव एवं राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपेई, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार तथा जिला कोंडागांव के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवक शामपुर, माकड़ी, सलना, बड़गांव, हड़ीगांव, मारागांव, दंडवन, काटागांव, बुडरा, ठेमगांव, ओंडरी, गुलेरा, लुभा, बेलगांव, तमरावंड, पीड़ापाल, जरण्डी, उमरगांव, राकसबेड़ा और कालीबेड़ा सहित कई ग्रामों में पहुंचे और स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, नशामुक्ति, गुड टच बैड टच, बाल अधिकार तथा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित कीं। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, देशी खेल, रैली और नारा-लेखन जैसे माध्यमों के जरिए ग्रामीणों को बाल श्रम के दुष्प्रभाव, शिक्षा के महत्व तथा नशा करने से होने वाले मानसिक एवं व्यवहारिक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। प्राथमिक शालाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को भी इन गतिविधियों से जोड़कर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम में शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी रामप्रसाद पेंड्रो एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय माकड़ी के कार्यक्रम अधिकारी वृद्धाधर नरोजी ने स्वयंसेवकों के उत्साह, सेवा-भाव और जागरूकता गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें सफल अभियान के लिए बधाई दी। अभियान में उमिता, अस्मिता, समीर, चंद्रशेखर, माखन, रीता, भूपेंद्र, जयंती, प्रियंका, गोमती, त्रिलोचन और निखिलेश सहित कुल 60 सक्रिय स्वयंसेवकों का चयन किया गया था, जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ ग्राम संपर्क में अपनी भूमिका निभाई। सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन ग्राम संपर्क अभियान के समापन कार्यक्रम में ग्राम मारागांव के सरपंच, पूर्व सरपंच, युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# रावघाट खदान क्षेत्र में सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी : संतोष शर्मा

पायनियर संवाददाता < रावघाट/नारायणपुर
www.dailypioneer.com



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वाधान में 41वें खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा के तहत खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। इस वर्ष यह कार्यक्रम बारूद के रखरखाव तथा सदुपयोगिता विषय पर आयोजित किया गया था। अधिशासी निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट के नेतृत्व में रावघाट खदान को धातु युक्त खान विनियम 1961 में उल्लेखित समस्त सुरक्षा दिशा-निर्देशों के अनुसार न केवल दुरुस्त किया गया बल्कि खदान के समस्त इकाइयों को साफ सफाई तथा रंग-रोगन करके प्रदर्शन योग्य बनाया गया। रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) बिलासपुर क्षेत्र 1 व 2 तथा रायगढ़ क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित 41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खदानों में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना, और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करने पहुंचे कार्यक्रम के संयोजक संतोष शर्मा, सदस्य संजय यादव (सेफ्टी मैनेजर) और विक्रांत सिंह परिहार (वर्कमैन इंस्पेक्टर) की कार्यक्रम मे गरिमामय उपस्थिति रही। रावघाट माइंस क्षेत्र में निरीक्षण टीम ने सबसे पहले खोडगांव स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर यह बताया कि प्रबंधन और खान सुरक्षा महानिदेशालय कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को खदान सुरक्षा के साथ प्राथमिकता देते हैं। निरीक्षण के पश्चात संयोजक संतोष शर्मा के नेतृत्व में निरीक्षण दल ने रावघाट माइंस के अंजरेल ब्लॉक स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर वृक्षारोपण किया। यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति रावघाट माइंस की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए रावघाट माइंस मैनेजर के.के.गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खदान से संबंधित सुरक्षा एवं सावधानियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सिर्फ नियमों का पालन नहीं, बल्कि हर कर्मचारी के जीवन का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर निरीक्षण दल के सदस्य संजय यादव और विक्रांत सिंह परिहार ने रावघाट माइंस में अपनाए गए उच्च सुरक्षा मानकों की विशेष रूप से तारीफ करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास खदान को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने की दिशा में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

# जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन, बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभाएं

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल के पीएम सेजेस मैदान बोरगांव में त्रिदिवसीय जोन स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा का उद्घाटन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने शामिल हुए। संकुल केंद्र सुरडोंगर, डिहिपारा एवं केशकाल की मेजबानी में आयोजित इस प्रतियोगिता में 22 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया है। यह प्रतियोगिता कुल तीन दिनों तक चलेगी, तथा आगामी 5 दिसंबर को इस प्रतियोगिता का समापन होगा।

**प्रतियोगिता में 22 स्कूलों के बच्चे हुए शामिल-** आपको बता दें कि इस प्रतियोगिता में तीन संकुल केंद्रों के अंतर्गत आने वाले कुल 22 स्कूलों के बच्चे शामिल हुए हैं। जिसमे 10 माध्यमिक विद्यालय एवं 12 प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शामिल हैं। सभी बच्चों ने पहले दिन से ही बेहतरीन तरीके से शारिरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया है। इस कार्यक्रम को देखने के लिए स्कूली बच्चों के साथ-साथ आम जनता भी मैदान पर नजर आई।

**नगर पंचायत अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं-** इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे जीवन में खेल का अहम महत्व है। आप सभी बच्चे इसी तरह पढ़ाई के साथ साथ शारिरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी पूरी मेहनत से अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करें। मेरी ओर से आप सभी बच्चों को यह शुभकामनाएं हैं।

**ये रहे मौजूद-** कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, पार्षद सुदर्शन कुंजाम, राजेंद्र ठाकुर, महेश तारम, नम्रता भारद्वाज, हर्षा कोठारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ईश्वर बैस एवं पूर्व पार्षद गीता ध्रुव, बीईओ सी.एल मंडावी समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण एवं स्थानीय नगरवासी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव ने किया।

# राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

संचालनालय, महिला एवं बाल विकास छत्तीसगढ़ द्वारा वर्ष 2025 हेतु बालक एवं बालिकाओं द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। जिस हेतु नामांकन आवेदन संबंधित बालक एवं बालिकाओं से संबंधित अभिलेख एवं विवरण सहित आमंत्रित किया गया है। घटना दिनांक को बालक या बालिका की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। पुरस्कृत बालक या बालिका को 25 (पच्चीस) हजार की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर जमा कराना होगा तथा आवेदन पत्र के साथ घटना से संबंधित जिला कलेक्टर से अनुशंसा पत्र, एफ.आई.आर. अथवा पुलिस डायरी की छायाप्रति समाचार पत्रों की कतरनें, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट साईज के वर्तमान के 2 नग रंगीन फोटोग्राफ्स सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित 4 अतिरिक्त फोटो एवं घटना का विस्तृत विवरण सहित नामांकन आवेदन 3 प्रतियों में (संलग्न प्रारूप अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए) प्रतिवेदन प्रेषित किया जाना है। इन अभिलेखों के साथ आवेदन 20 दिसंबर 2025 तक जिला कार्यालय महिला बाल विकास विभाग (संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक- 92) जिला-कोण्डागांव में प्रस्तुत कर सकते है।

# जागृति मंच पखांजुर ने खुदीराम बोस का 136 वां जयंती पालन की

पायनियर संवाददाता < पखांजुर
www.dailypioneer.com



जागृति मंच पखांजुर ने शहीद खुदीराम बोस का 136वां जयंती उपलक्ष में माल्यार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। नेताजी चौक में खुदीराम बोस का छायाचित्रों पर मंच उपाध्यक्ष ऋषिकेश मजुमदार, सचिव निबास, सक्रिय सदस्य बापन पाल, अशोक मृधा, रंजित सरकार, अधिकारी, बुद्धिजीवी, आम साधारण लोगोंने गर्व सम्मान के सिथ बड़ - चरकर हिस्सा लिया और फुल माला अर्पित किया। पखांजुर शुभपल्ली दुर्गा मंच में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत रेखा मल्लीक, ज्योत्सना राय, बिप्लव अधिकारी, ज्योत्सना, एकबार बिदाय दे मां घुरे आसि, भारत आमार भारतवर्ष, निरबल से लड़ाई बलवान की, हउशेर मेते धीर हओकर मेते बीर, मानुष मानुषेर जने आदि गीत की प्रस्तुति दी। बनानी आईच ने कविता आवृत्ति की। रमा दास, शिंकु समाजपती, अशोक मृधा, निबास, आदि ने उनके बातों में कहा है कि हम समाज निर्माण में और आजादी हासिल करने में अंग्रेज़ी हुकूमत पर प्रथम बम फेक कर भारतीयों को गुलाम बनाकर रखने वी फिरिंगियों की राज का नींव हिला दिया ।तत्कालीन समय भी गुलामी की राजनीति थी, अंग्रेजों के विरोध के नाम पर अंग्रेज़ों की षड्यंत्र के आगे नतमस्तक गुलामी की नितियों को अपना कर समझौतावादी अंग्रेज़ों के साथ तालमेल बिठा करचल रहे थे। कायरता, भीरुता और स्वार्थसिद्धि के आत्मकेन्द्रिकता थे। लेकिन वे खुदीराम को प्रभावित नहीं कर सके। खुदीराम बोस को ऐसी राजनीति के प्रति विकर्षण ने उन्हें जीवन के प्रति निराश नहीं किया, यह उन्हें इन्सानियत, मानवता के धर्म से विचलित नहीं कर सका। इसने उन्हें राजनीति से विमुख नहीं किया। और यही कारण है कि खुदीराम, एक होते हुए भी, लाखों जीवन के प्रतीक थे। उनके बलिदान ने बाघाजतिन, असफाक उल्ला, बिस्मिल, मास्टरदा, भगत सिंह, सुभाष चंद्र जैसे अनगिनत मृत्युंजय क्रांतिकारियों को जन्म दिया।उन लाखों की कुर्बानी से दो सौ की अंग्रेजों की गुलामी से देश आजाद हुआ। रेखा मल्लीक, ज्योत्सना राय, रमा दास, छबि बाला, सोमा हिरा राधा चक्रवर्ती, झुमा चक्रवर्ती, सरस्वती शिल,अनिमा मण्डल, निलिमा हालदार, विसखा मण्डल, बिना सरकार, सत्ता सरदार, शिंकु समाजपती सहदेव बेसरा ,रेख सूत्रधार, सत्यजीत दास आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों को मिलेगी बड़ी सौगात, बनेगा मिनी स्टेडियम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है अब उन्हें अभ्यास के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा शहर के बीचो-बीच नगर पालिका परिषद कोण्डागांव में मिनी स्टेडियम बनने जा रहा है इसलिए, शासन ने 1.95 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर कर दी है कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के सफल प्रयासों से शहर वासियों को मिनी स्टेडियम फुटबाल मैदान मिलने जा रहा है जिसमें खेल अभ्यास कर सकेंगे अभी तक खिलाड़ियों को फुटबॉल खेल के लिए कोई भी स्टेडियम नहीं था जिससे समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते थे। मिनी स्टेडियम बनने से युवाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर बेहतरीन अवसर मिलेगा शासन से 1.95 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने कहा मिनी इंडोर स्टेडियम बनने के लिए नगर पालिका परिषद को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है जल्दी ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी एवं निर्माण कार्य को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## अनुराग त्रिपाठी को मिला राज्य स्तरीय गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड-2025

# जैविक कृषि प्रशिक्षण और कृषक-उत्थान में योगदान पर सम्मानित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जैविक खेती के प्रचार और किसान-उत्थान में वर्षों से अद्वितीय योगदान दे रहे अनुराग कुमार त्रिपाठी, निदेशक, मां दंतेश्वरी हर्बल समूह, को छत्तीसगढ़ की राजधानी में आयोजित एक गरिमापूर्ण राज्य स्तरीय समारोह में 'गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड-2025' से अलंकृत किया गया। यह सम्मान समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा प्रदान किया गया। अनुराग त्रिपाठी पिछले कई वर्षों से देश-विदेश से फार्म भ्रमण पर आने वाले प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, युवा उद्यमियों और प्रशिक्षणार्थियों को जैविक खेती, प्राकृतिक खाद निर्माण, बीज-संवर्धन, हर्बल दवाइयों के निर्माण तथा कृषि-आधारित उद्यमिता पर पूर्णतः निशुल्क प्रशिक्षण देते रहे हैं। अब तक उनके द्वारा देशभर के लाखों किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिससे बस्तर सहित पूरे भारत में जैविक खेती का एक मजबूत आधार विकसित हुआ है। सम्मान समारोह में यह अलंकरण छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट दर्जा) शशांक शर्मा, समता साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी. आर. बंजारे 'ज्वाला' तथा उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने प्रदान किया। कार्यक्रम में उनकी प्रतिबद्धता, कृषि नवाचारों और किसान-केंद्रित कार्यशैली की सराहना की गई। समता साहित्य अकादमी द्वारा यह अवार्ड उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जो शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और लोक-शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट और दीर्घकालिक योगदान देते हैं। अनुराग त्रिपाठी का चयन, जैविक कृषि आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी निरंतर निस्वार्थ सेवाओं के लिए किया गया। गौरतलब है कि अनुराग त्रिपाठी के नेतृत्व में मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर बस्तर देशभर में जैविक कृषि प्रशिक्षण का एक मॉडल केंद्र माना जाता है। यहां प्रतिवर्ष हजारों किसान नई तकनीकों, उच्च उपज वाले औषधीय पौधों, मिटटी सुधार मॉडलों और रसायनमुक्त कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस सम्मान से बस्तर, छत्तीसगढ़ और मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के सदस्यों तथा अंचल के किसानों में अत्यंत हर्ष और गर्व की भावना है।

# नारंगी नदी में जल संरक्षण की अनदेखी से बढ़ रहा कोंडागांव नगर में पेयजल संकट का खतरा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव नगर की जीवनदायिनी नारंगी नदी में जल संरक्षण को लेकर संबंधित विभागों की सुस्ती अब नगरवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। ग्रीष्म ऋतु की ओर बढ़ते कदमों के साथ नगर में पेयजल संकट का खतरा और गहरा रहा है, लेकिन नदी में मौजूद जोंधरापदर एनीकट तथा खड़कघाट स्टॉप डैम में जल संरक्षण संबंधी कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दे रही। स्थानीय लोगों ने बुधवार को दोनों स्टॉप डैम का स्थल निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और तस्वीरें मीडिया के साथ साझा कीं। उनका कहना है कि इन संरचनाओं में पानी का स्तर लगातार घट रहा है, जबकि विभागों की ओर से न तो मरम्मत, न सफाई और न ही जल भराव बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं। नगरवासियों का स्पष्ट मत है कि यदि प्रमुख नदियों में जल संरक्षण कार्य समय रहते शुरू नहीं किए गए, तो आने वाले महीनों में भूमिगत जल स्तर तेजी से गिर सकता है, जिससे नगर के अधिकांश मोहल्लों में पानी की गंभीर किल्लत खड़ी हो जाएगी। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर जल संरक्षण, डैमों की मरम्मत, गाद निकालने और पानी रोकने की प्रभावी व्यवस्था किए बिना शहर को संभावित जल संकट से बचाना संभव नहीं होगा। नगरवासियों का आग्रह है कि प्रशासन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सर्वे कर उचित व ठोस कदम उठाए, जिससे आने वाले ग्रीष्मकाल में लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

# कलेक्टर उइके ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

## परिवहन वाहनों के फोटो अपलोड, सही तौल, व्यवस्थित स्टेकिंग और बारदाना प्रबंधन को लेकर दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी, सुचारु एवं किसान-हितैषी बनाए रखने के उददेश्य से कलेक्टर बी.एस. उइके ने नागाबुड़ा, परसुली, छुरा एवं चरौदा धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर चल रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर उइके ने नागाबुड़ा केंद्र के समिति प्रबंधक को किसानों द्वारा धान परिवहन वाले वाहनों के लाइव फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने तथा शत्-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान बोरे की गिनती, तौल एवं उठाव को निर्बाध रखने, व्यवस्थित ढंग से स्टेकिंग करने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। किसानों की सुविधा को देखते हुए समिति द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी की मात्रा बढ़ाने की मांग पर हेमालों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मिलों में बारदाना की गुणवत्ता की जांच के पश्चात ही उठाव करने, फटे एवं खराब बारदाना लौटाने और बारदाना की मात्रा पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पतला, मोटा एवं पान-सरना धान के अलग-अलग स्टेक बनाकर प्रत्येक स्टेक पर बोरियों की संख्या सहित स्पष्ट सूचना चस्पा करने को कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र चरौदा में किसान गैंदलाल यादव से चर्चा कर उनके फसल के उत्पादन की स्थिति एवं केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने तौल में शुद्धता, संपूर्ण उपार्जित धान के विक्रय तथा कम पैदावार की स्थिति में बिक्री पश्चात रकबा समर्पण कर पोर्टल में एंट्री अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। बारदाना के उपलब्धता, रख-रखाव एवं एंट्री पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जिन समितियों द्वारा पीडीएस दुकान का संचालन किया जा रहा है, वहां रिक्त बोरियों की एंट्री भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परसुली केंद्र पर गलत स्टेकिंग एवं स्थान की कमी एवं सीमितता को देखते हुए हेमालों में बढ़ोत्तरी और सही तौल के निर्देश दिए गए। वनोपज जांच केंद्र, चरौदा में अवैध धान परिवहन रोकने हेतु गठित टीम से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने वाहनों का पंजीयन, सतत निगरानी और नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएंगी तथा सभी केंद्रों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बरसात की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केंद्रों में भंडारित धान को सुरक्षित रखने हेतु पर्याप्त एवं गुणवत्तायुक्त त्रिपाल की उपलब्धता और उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कि धान को जमीन से ऊंचाई पर उचित ढंग से स्टेकिंग कर सुरक्षित रखा जाए, ताकि नमी एवं वर्षा कि स्थिति निर्मित होने पर क्षति न हो। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, उपसंचालक कृषि चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी किशोर चंद्रा, सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त सुमहेश्वरी तिवारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने खेल स्पर्धाओं में दिखाया उत्साह



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद, रंगोली, चित्रकला एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर बीएस उइके ने सीटी बजाकर मटका फोड़ प्रतियोगिता के माध्यम से किया। कलेक्टर उइके ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत-हार नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने का अदम्य साहस ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं होते, वे समाज का सशक्त हिस्सा हैं और उनमें नैसर्गिक प्रतिभाएँ होती हैं, इसलिए वे समान रूप से हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने रंगोली, चित्रकला और साहित्यिक गतिविधियों का सपत्नीक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद् गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल चंद्राकर, सुरेंद्र सोनटके तथा प्रशांत मणिकपुरी उपस्थित थे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे अपने मेहनत के दम पर आगे बढ़ सकते हैं, इन्हें सिर्फ उत्साह, अवसर और संबल की आवश्यकता है।

# आधार कार्ड के लिए गलत दस्तावेज अपलोड करने पर ऑपरेटरों को पेनाल्टी

## टीम हैदराबाद, दिल्ली से विशेष रूप से रहें उपस्थित



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली रेड क्रॉस भवन रायपुर में राज्य स्तरीय यूआईडीएआई की महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नए आधार सॉफ्टवेयर, दस्तावेज संशोधन प्रक्रिया एवं अपडेट नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से आए आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूआईडीएआई की टेक्निकल टीम दिल्ली से तथा आरओ कार्यालय हैदराबाद की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक में महासमुंद आधार ईडीएम भूपेन्द्र सर के मार्गदर्शन में जिले के सभी ऑपरेटर एवं आधार कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद, जिला ऑपरेटर डीगेस सिन्हा, आधार गाइड टीम चकरदा से चेतराम पटेल, बलौदा से रेशम यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। आधार गाइड टीम ने ऑपरेटरों पर लगने वाली पेनाल्टी के विषय पर चर्चा की। गलत दस्तावेज अपलोड होने पर भारी पेनाल्टी लगने की संभावना को देखते हुए ऑपरेटरों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि कौन-से दस्तावेज मान्य हैं और कौन-से अब पूरी तरह इनवैलिड घोषित किए जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि पुराने दस्तावेज जो पहले आधार सुधार में उपयोग किए जाते थे, अब अमान्य हो चुके हैं। नाम एवं जन्मतिथि सुधार के मामलों में गलत दस्तावेज अपलोड होने पर यूआईडीएआई द्वारा पेनाल्टी लगाई जा रही है। इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ताकि भविष्य में कोई भी ऑपरेटर त्रुटिपूर्ण दस्तावेज अपलोड न करे और किसी भी प्रकार की पेनाल्टी से बचा जा सके। इस अवसर पर यूआईडीएआई अधिकारी खुशीदआलम , संजय मोहंती एवं सौरभ रामटेक ने महासमुंद जिले में चल रहे एमबीयू संचालन कार्य की सराहना करते हुए इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आधार गाइड टीम ने जिले में बढ़ रही डीएक्टिव एवं कैंसिल आधार की स्थिति पर भी ध्यान आकर्षित कराया तथा 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड के अपडेट एवं दस्तावेज सत्यापन न कराने से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी अधिकारियों को दी। कार्यक्रम में लोक सेवा केंद्र रायपुर से पूर्णेन्द्र साहू भी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए यूआईडीएआई के सभी अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ के सभी ऑपरेटर का आधार गाइड टीम की ओर से आभार व्यक्त किया।

# खरीदी केंद्रों में धान विक्रय करने आए किसानों के वाहन व धान के फोटो का 100 प्रतिशत पोर्टल अपलोड अनिवार्य

## खरीदी केंद्रों में फोटो अपलोड शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें : कलेक्टर उइके

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सुचारु एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिले के समस्त धान खरीदी केंद्रों पर कड़े निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि धान विक्रय हेतु केंद्र में आने वाले प्रत्येक किसान के वाहन तथा विक्रय किए जा रहे धान का फोटो पोर्टल पर 100 प्रतिशत अपलोड करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फोटो अपलोड की प्रक्रिया वास्तविक समय (रीयल टाइम) में की जाए, ताकि धान खरीदी की संपूर्ण कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहे और किसी भी प्रकार की अनियमितता, शॉर्टेज अथवा फर्जीवाड़े की संभावना समाप्त हो। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था किसानों के हित संरक्षण के साथ-साथ शासन की खरीदी नीति की प्रभावी निगरानी के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों के प्रबंधकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी धान खरीदी केंद्र पर फोटो अपलोड में लापरवाही, टालमटोल या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि इस व्यवस्था से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, किसानों को उनके विक्रय की सही जानकारी मिलेगी तथा भुगतान प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। वहीं, खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन कराएं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर फोटो अपलोड की स्थिति की समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



# परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

## निराकरण की आवश्यकता पर दिया बल



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकासखंड शिक्षा अधिकारी टी.सी. पटेल के मार्गदर्शन में सभी संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सेवा पुस्तिका का संधारण, पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण, आपसी स्थानांतरण, जीपीएफ पासबुक निर्धारण, संगठन द्वारा प्रेषित पत्रों का समयबद्ध प्रत्युत्तर, वरिष्ठता सूची का सही अनुक्रम में प्रकाशन, सभी प्रकार के अवकाशों में समरूपता, कोष एवं लेखा शाखा में सेवा पुस्तिका संधारण, परीक्षा अनुमति आदेशों की सूची, संतान पालन अवकाश, लंबित दिव्यांग भत्तों का निराकरण आदि प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी बिंदुओं पर त्वरित एवं तथ्यात्मक निराकरण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी. एन. दिवान, बीआरसीसी देवानंद नायक, छ.ग. सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री राजाराम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान, पूर्व अध्यक्ष मनोज रॉय, अंगद बारीक, उपेंद्र साहू, रोशन भोई, कमलेश निराला, छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष ललित साहू, कैलाशचंद्र पटेल, धर्मेंद्र राणा, किशोर पटेल, जिला शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष किशोर कुमार रथ, अनिल पटेल, हेमंत चौधरी, लिंगराज, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज पटेल, भोलानाथ नायक, तुलाराम पटेल, धरणीधर साहू, नेहरूलाल नायक, छ.ग. प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष लव कुमार पटेल, लोकेश पात्रो, खिरोद जेरी, छ.ग. दिव्यांग संघ ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, जितेंद्र साहू तथा शिक्षा शाखा प्रभारी स्वाधीन शर्मा एवं रूपेश महापात्र उपस्थित थे।

# भारतीय संविधान दिवस समारोह में लक्ष्मीधर प्रधान और विकास कुमार हुए सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य एवं सरल सरिता भजनामृत भजन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस एवं छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष के अवसर पर वृंदावन हाल, सिविल लाईन, रायपुर में भव्य प्रादेशिक सम्मेलन, काव्य गोष्ठी एवं विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक साहित्यकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षक लक्ष्मीधर प्रधान शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पथरला विकासखंड पिथौरा एवं विकास कुमार व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा विकासखंड सरायपाली जिला महासमुंद को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु राज्य अलंकरण अवार्ड 2025 मौलाना आजाद शिक्षा गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं विद्वानजनों ने की तथा पूरे प्रदेश से आए गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। सभी वक्ताओं ने संविधान की मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। सम्मान प्राप्त करने पर लक्ष्मीधर प्रधान और विकास कुमार ने आयोजकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र एवं समाज हित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

# मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हेलीकाप्टर से तहसील मुख्यालय सुहेला पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी थे। दुर्गोत्सव मैदान हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किये। कलेक्टर दीपक सोनी ने मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर अगवानी की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# हाई स्कूल रसोड़ा में नव नियुक्त प्राचार्य का हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल रसोड़ा में पदोन्नत प्राचार्य आनंद कुमार दास का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह हाईस्कूल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय रसोड़ा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार नव नियुक्त प्राचार्य आनंद कुमार दास के विद्यालय आने पर मुख्य द्वार से दोनों ओर पंक्तियों में खड़े विद्यार्थियों ने पुष्प पांखुडी बिखेर कर प्राचार्य दास को हाई स्कूल के मुख्य द्वार तक लाया गया। जहां रंगोली और कलश दिया जला कर, आरती उतार कर, स्वागत कक्ष तक ले जाया गया। स्वागत कक्ष में प्राचार्य आनंद कुमार दास का ग्राम पंचायत रसोड़ा के सरपंच राकेश भोई, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जगदीश साहू, प्रफुल्ल पाईक, समन्वय संतराम बंजारा, व्याख्याता नम्रता कुलदीप, सुमन वर्मा, विभा नाग, श्वेता त्रिपाठी, कशिश सेठ, प्रभारी प्रधान पाठक बसन्त कुमार, शिक्षक रविन्द्र राणा, किरण भोई, वीणा प्रधान, मनीषा प्रधान, कन्हाई भोई ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात कु आरती के द्वारा सरपंच राकेश भोई का एवं छात्र मनीष नायक द्वारा समिति अध्यक्ष जगदीश साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। शिक्षक रविन्द्र राणा द्वारा प्राचार्य दास को श्रीफल एवं उपहार भेंट किया गया। स्वागत एवं सम्मान समारोह को रसोड़ा सरपंच राकेश भोई, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जगदीश साहू एवं व्याख्याता नम्रता कुलदीप ने सारगर्भित सम्बोधित किया। नव नियुक्त प्राचार्य आनंद कुमार दास ने कहा कि जिस दिन से यहां रसोड़ा में हाई स्कूल खुला है,तब से मैं यहां व्याख्याता पद पर रहा। तथा प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहा हूं।और आज मैं रसोड़ा हाई स्कूल में पूर्ण रूप से प्राचार्य के पद पर पदस्थ हुआ हूं। शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग पूर्व की तरह मिलता रहेगा। ताकि हम सभी बच्चों के भविष्य को संवारने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रविन्द्र राणा ने किया।

# टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल वार्षिक उत्सव धूमधाम से बनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल सोनाडीह में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार जैन (प्लांट प्रबंधक) अतिथि रेखा जैन एवं अतिथि आनंद पांडे, चंदम्मा अंबलगी, टाटा डीएवी स्कूल की प्रबंधक मनीषा अग्रवाल एवं अन्य प्राचार्य थे। स्कूल की प्राचार्या अल्का शर्मा ने भारतीय परंपरा के अनुसार गणमान्य अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को प्राचार्या अल्का शर्मा ने पिछले वर्ष की शैक्षणिक उपलब्धियाँ एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। इसी कड़ी में शिक्षिका नंदिनी सारंगी को स्कूल में 31 वर्ष के योगदान के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के प्रसंग पर आधारित संस्कार : भारत का आधार जिसमें अतिथि देवो भवः, गणेश वंदना, वेदों की ओर, मातृ पितृ भक्ति, गुरु-शिष्य परंपरा, मोबाइल, धागे का मोल एवं प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता अभियान व वीर बाल-दिवस की स्वीकृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत, नृत्य-नाटिका और अन्य प्रस्तुति दर्शकों को मंत्र-मुग्ध करती रही। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में स्कूल की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए उनका सर्वांगीण विकास करते हैं। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों की मेहनत की प्रशंसा की। अंत में स्कूल की शिक्षिका नंदिनी सारंगी ने सभी गणमान्य अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी शिक्षिका राजकुमारी साहू एवं अंग्रेजी शिक्षिका शिवांगी वर्मा ने किया।

# धान खरीदी के लिए रकबा संशोधन अनिवार्य: कलेक्टर के निर्देश पर शेष किसानों से समिति में उपस्थित होकर रकबा संशोधन कराने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन ने खरीफविपणन वर्ष में धान खरीदी को सुचारु, पारदर्शी एवं सुगम बनाने के उददेश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उइके के निर्देश पर ऐसे सभी किसान, जिनका धान खरीदी हेतु रकबा (भूमि क्षेत्रफल) अब तक संशोधित नहीं हो पाया है, वह तत्काल संबंधित प्राथमिक कृषि साख समिति में उपस्थित होकर अपना रकबा संशोधन अनिवार्य रूप से करा लें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि रकबा संशोधन समय-सीमा के भीतर नहीं होने की स्थिति में किसानों को धान विक्रय के दौरान तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। अतः किसानों के हित में यह आवश्यक है कि वे अपने खसरा, फसल बोआई विवरण, पटटा/स्वामित्व दस्तावेज, भुइंया/पटवारी अभिलेख सहित अन्य आवश्यक कागजात लेकर समिति कार्यालय में संपर्क करें और अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित कराएं। प्रशासन ने बताया कि रकबा संशोधन से वास्तविक बोए गए रकबे के अनुसार ही धान खरीदी होगी, जिससे अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और पात्र किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। समिति प्रबंधन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन दें और संशोधन कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र रकबा संशोधन करा लें, ताकि धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और शासन की नीतियों के अनुरूप लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

# मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु निगम का सघन अभियान

## हजारों घरों का सर्वेक्षण, लार्वा प्रजनन स्रोतों का उन्मूलन





पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

निगम क्षेत्रांतर्गत नागरिकों को मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से सुरक्षित रखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशों पर एक व्यापक जन जागरूकता और मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस कायक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है और मच्छर प्रजनन स्त्रोतों को समाप्त करने का कार्य कर रही है। निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता के नेतृत्वकर्ता स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक चलाए गए सघन अभियान के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। कुल सर्वेक्षण किए गए घर 16,168 जांच किए गए और खाली कराए गए मच्छर प्रजनन स्त्रोत कुल 8,825, कूलर 3,327, टंकी 2,370 ड्रम/कंटेनर 3,096 अन्य स्त्रोत से 32 लार्वा नियंत्रण हेतु छिड़काव 13,253 घरों के 8,864 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। व्यस्क मच्छर नियंत्रण हेतु छिड़कावः 19,125 कूलरों में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य कराया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, मच्छर अपने जीवन काल की प्रारंभिक तीन अवस्थाएं, अण्डा, लार्वा और प्यूपा, पानी में ही पूरी करते हैं। मच्छरों को व्यस्क अवस्था में पहुँचने से पूर्व ही प्रारंभिक स्तर पर मच्छर प्रजनन स्त्रोतों को समाप्त करना सबसे प्रभावी बचाव है। उन्होंने मच्छरों के पनपने के स्थान को खत्म करने के लिए उपाय करने की अपील की जिसमें पानी संग्रहण पात्रों को ढंककर रखें। कूलर, टंकी, ड्रम या कंटेनर में संग्रहित पानी को सप्ताह में कम से कम एक दिन अवश्य खाली कर/सूखाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करें। घर के आसपास पानी का जमाव नहीं होने दें। यदि पानी जमा होता है, तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल अवश्य डालें, ताकि व्यस्क मच्छरों की उत्पत्ति न हो सके। आयुक्त ने यह भी दोहराया कि मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम में आम नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से पूरी तरह बचा जा सकता है।

# मंत्री यादव ने किया बिरेझर उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

## किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर व्यवस्था की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों में 14879 किसानों से 78,707.80 मे. टन धान खरीदी की गई है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही है और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज दुर्ग जिले के बिरेझर स्थित उपार्जन केन्द्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर अवगत कराया कि सरकार द्वारा किसानों के हित में धान खरीदी में पारदर्शिता लायी गई है। तुंहर टोकन की ऑनलाईन की व्यवस्था से किसानों को लाईन लगाना नहीं पड़ रहा है। राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। किसानों ने मंत्री को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था, पेयजल एवं विश्राम व्यवस्था, टोकन प्रणाली जैसे सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार किसान अपनी धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे हैं। मंत्री यादव ने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसानों के हित में और भी बेहतर व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समिति प्रबंधक को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

# बकाया जलकर राशि 31250 रूपये निगम कोष में जमा कराया

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के संचालको से सीमा कर एवं जलकर वसूली हेतु संपर्क स्थापित किया गया। उद्योग संचालकों को बकाया जलकर जमा करने हेतु सूचित किया गया है। संपर्क पश्चात विश्व विशाल इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की बकाया जलकर राशि 31250.00 रूपये निगम कोष में जमा कराया गया। उसी प्रकार सीमा कर (निर्यात कर) हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 173 व 174 के तहत जारी नोटिस के अनुसार सीमा कर की राशि शीध्र जमा कर रसीद प्राप्त करने अन्य उद्योग संचालको को सूचित किया गया है। इस अवसर पर सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी जलकर विभाग धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी सीमा कर विभाग अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन-4 मनीष कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कुम्हारी उपस्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## सिकल सेल, बीपी, शुगर एवं सीबीसी की निःशुल्क जांच



पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी उपस्वास्थ्य केन्द्र में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिकल सेल रोग, रक्तचाप, शुगर तथा सीबीसी सहित विभिन्न जाँचें निःशुल्क की गईं। कुम्हारी उपस्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिकल सेल, बीपी, शुगर एवं सीबीसी की निःशुल्क। शिविर में डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. हर्षवर्धन शेंडे, डॉ. नेहा गुरबानी, डॉ. उपेन्द्र भेले तथा उनकी टीम ने प्रतिभागियों को सिकल सेल रोग के लक्षण, बचाव एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। चिकित्सा दल ने बताया कि समय पर जांच और जागरूकता सिकल सेल रोग से होने वाली जटिलताओं को काफी हद तक कम कर सकती है। शिविर में भारी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराए और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

# प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 12 दिसम्बर को निगम सभागार में

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मकानहीन परिवारों से मकान हेतु आवेदन जमा कराया गया है। आवासों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 हजार निगम कोष में नियमानुसार जमा कराया जा रहा है। निगम सभागार कक्ष में दिनांक 12.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। लाटरी में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास तथा अन्य आवेदकों को आवास आबंटित किया जाना है। हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का सभी नागरिको से अपील है कि मकान प्राप्त करने निगम मुख्य कार्यालय के योजना शाखा में आवेदन कर सकते है। पात्रता अनुसार नियमानुसार अंशदान की राशि निगम कोष में जमा कराया जायेगा, ततपश्चात मकान आबंटन की प्रक्रिया में शामिल कर आवास आबंटित किया जायेगा।

# पीएम आवास योजना में बड़ा बदलावः अब 2500 वर्गफीट से अधिक प्लॉट वाले भी होंगे पात्र


- दुर्ग नगर निगम सक्रियः वास्तुविदों को मिले निर्देश, अधिक पात्र हितग्राही जोड़ने पर जोर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के दिशा-निर्देशों में अहम संशोधन किया है। अब तक योजना में 2500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड के स्वामियों को अपात्र माना जाता था, परंतु शासन ने इस सीमा को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। इससे अब बड़े प्लॉट धारी भी योजना का लाभ उठा सकेंगे। विभागीय पत्र क्रमांक 1389/1444/ 2025/18 13.03.2025 के अनुसार, दिशा-निर्देश की कंडिका 4.4 जिसमें 2500 वर्गफीट से अधिक भू-स्वामित्व वालों को अपात्र बताया गया था को विलोपित कर दिया गया है। शासन का कहना है कि यह सुधार शहरों में आवास निर्माण को गति देगा और अधिक संख्या में वास्तविक जरूरतमंद लाभार्थियों को सहायता मिलेगी। राज्य शासन से आदेश प्राप्त होते ही नगर निगम दुर्ग ने अपने क्षेत्र के वास्तुविदों को निर्देशित किया है किः नए संशोधित पात्रता मानदंडों के अनुसार अधिक से अधिक संभावित हितग्राहियों की पहचान करें। पात्रता सीमा हटने से जो परिवार अब दायरे में आते हैं, उनका त्वरित सत्यापन कर आवेदन सुनिश्चित करें। निगम प्रशासन का मानना है कि यह बदलाव न केवल शहर में आवास निर्माण को बढ़ावा देगा, बल्कि सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ी राहत भी देगा। बड़े भू-खण्ड स्वामियों को भी आवास निर्माण हेतु सहायता मिल सकेगी। शहर में पीएम आवास योजना का प्रभाव और व्यापकता बढ़ेगी-निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे नए दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी पात्रता की जाँच कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें।

# अवैध अतिक्रमण पर निगम की बेदखली कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 मदर टेरसा नगर केम्प 2 वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा में समृद्धि बाजार पर हुए अवैध कब्जे पर निगम को मिली शिकायत के आधार पर बेदखली की कार्यवाही की गई। अवैध कब्जा की शिकायत वार्ड पार्षद श्रीमती एन. शैलजा द्वारा की गई थी।

इस भूमि का स्वामित्व विलोचन साव द्वारा खुद का बताया जा रहा था। परन्तु आज दिनांक तक भू-स्वामित्व कहने वाले कथित व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज निगम को प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतिक्रमणधारियों को स्वयं से अवैध कब्जा हटाने पूर्व में सूचना पत्र जारी किया गया था। किन्तु अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, जिसे देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण धारियों को मौके से बेदखल करने की कार्यवाही की गई। वार्ड 33 संतोषी पारा में स्थित पुराने समृद्धि बाजार के स्थल को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पीएम आवास बनाने के लिए चिन्हांकित किया गया है। आगामी समय में शासन को प्रस्ताव भेजा जाना है, स्वीकृति पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने स्कूल के समीप नशीली सामग्री विक्रय करने पर लगाया प्रतिबंध




पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन, स्कूल परिसर के समीप मादक पदार्थ विक्रय पर कार्यवाही सहित सुलभ शौचालय एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ पेयजल का सेंपल का जांच का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने शारदा पारा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किये। स्कूली बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने निर्देशित किये हैं। स्कूल परिसर के 100 मीटर के भीतर नशीली सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। नशीली सामग्री पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। इसी के साथ सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं वार्ड के नालियों की साफ-सफाई कराने निर्देशित किया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए पाईप लाईन बिछाया गया है, एक स्थान पर पाईप लिकेज पाया गया, पीने के पानी का सेंपल लेकर लैब में जांच हेतु भेजवाया गया। सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त का सभी दुकान संचालको से अपील है कि स्कूल परिसर से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नशीले पदार्थ का विक्रय न करें। इस संबंध में कार्यवाही करने का अधिकारी स्कूल संस्थाओ को भी है। निगम द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी दुकानदार के स्वयं की होगी।

**इसी जगह फॉर्च्यूनर गाड़ी ने रौंदा दो बच्चे को, एक के हो गई है मौत**

# लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन के सुस्त रवैया से परेशान कॉलोनी वासियों ने, खुद लगवाए रोड पर स्टॉपर

पायनियर संवाददाता ∢ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र में हर्षित न्यू सिटी के पास एक फॉर्च्यूनर गाड़ी ने साइकिल सवार दो बच्चों को 29 नवंबर को रौंद डाला जिससे बच्चे गेंद की तरह उछल कर दूर जाकर गिरा। जिसे एक बच्चे की मौत हो गई दूसरे बच्चे की हालात चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस ने घटना की विवेचना कर कार्यवाही कर रही। लेकिन घबराए कालोनी वासियों ने सोसायटी के खर्चे से रोड पर स्टॉपर लगवाना चालू कर दिया है। कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से उम्मीद रखी थी कि वह घटना के तुरंत बाद में रोड पर स्टॉपर लगाकर नगर वासियों को सुरक्षा प्रदान करेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। घटना 29 दिसंबर की है लेकिन आज तक लोकनिर्माण विभाग ने सुध नहीं ली और ब्रेकर नहीं लगाया नहीं बनवाया। और नही कही पर सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है। जिससे न्यू हर्षित सिटी के कॉलोनी वासियों ने नाराजगी जताई और सोसायटी के खर्चे से स्टॉपर लगवाया। कॉलोनी वासियों ने स्थानीय प्रशासन के ऊपर भी नाराजगी जताई उन लोगों ने कहा कि नगर पालिका परिषद के जन प्रतिनिधि इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं साथ ही पालिका प्रशासन के अधिकारी भी नगर वासियों को सुरक्षा देने में नाकाम रही। आज यदि सुरक्षा के लिए सड़कों पर ब्रेकरों की मांग कर लगवाया रहता या बनवाया रहता तो इतनी बड़ी दुर्घटना शायद नहीं घटती जो भी दुर्घटना घटी है वह बहुत ही दुखदाई है मृतक बच्चे के परिवार को ईश्वर दुख सहने की शक्ति दे साथ ही शासन प्रशासन और स्थानीय प्रशासन को सद्बुद्धि दे जिससे लोगों को नगर में सुविधा मिल सके और सुरक्षित जीवन जी सके नगर में लगातार घटनाएं घट रही थी लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से किसी ने भी संज्ञान में नहीं लिया और बड़ी दुर्घटना घट गई। आपको बता दें नगर में और कई जगह मिडिल कट,पासिंग है वहां पर भी स्टॉपर और ब्रेकर बनवाने की जरूरत है जिस पर स्थानीय प्रशासन को तुरंत संज्ञान में लेकर के उचित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आने वाले समय में इस तरह की घटना दोबारा न हो। मौके पर सुनील वर्मा, वैभव शास्त्री, प्रकाश कश्यप मौजुद रहे।

# आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

## निगम की आय बढ़ाने और मूलभूत सुविधाओं पर जोर

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की आय में वृद्धि करने के उपायों, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पावर हाउस बस स्टैंड के पास स्थित खाली पड़े निर्मित भवन का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को इस भवन को किसी प्राइवेट एजेंसी को किराए पर देने और किराया निर्धारित करने का निर्देश दिया, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके। वार्ड क्रं. 51, शहीद वीर नारायण सिंह नगर में एक भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड के मोहल्लों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति और साफ-सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनसे एसआईआर फार्म भरने से संबंधित चर्चा भी की। खुर्सीपार गेट पर प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। आयुक्त ने उपस्थित इंजीनियरों को आवश्यक निर्देश देते हुए तत्काल प्रस्ताव तैयार कराने के लिए निर्देशित किए हैं।

इस औचक निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, परगनिया सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पायनियर



## संपादकीय

# संचार साथी सुझावों पर सहमति

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कहा, पूरा अधिकार नागरिक का है। हमने केवल सभी को यह ऐप उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाया है। सिंधिया ने कहा कि 'संचार साथी' ऐप के माध्यम से न तो जासूसी (स्नूपिंग) संभव है और ना होगी। सिंधिया ने सभी नए मोबाइल उपकरणों में साइबर सुरक्षा के लिहाज से इस ऐप को प्रीलोड करने के सरकार के निर्देश पर उठे विवाद के बीच लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह बात कही।उन्होंने कहा कि संचार साथी ऐप के आधार पर न स्नूपिंग संभव है, न होगी। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की जनता के हाथ में अधिकार देना चाहती है ताकि वे खुद को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि जनता की प्रतिक्रिया पर मिली सफलता के आधार पर यह प्रयोग किया गया है और भविष्य में जनता के ही सुझावों के आधार पर सरकार इसमें परिवर्तन के लिए तैयार है।संचार मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का इस बारे में कोई ''हठ'' नहीं है। संचार मंत्रालय के 28 नवंबर के आदेश में सभी मोबाइल उपकरण विनिर्माताओं को सभी नए हैंडसेट में अनिवार्य रूप से 'संचार साथी' ऐप पहले से इंस्टॉल करने को कहा गया है और मौजूदा मोबाइल फोन पर अपडेट के माध्यम से इसे इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया है। सरकार के इस आदेश पर विवाद शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य कुछ विपक्षी सदस्यों ने इसे अनिवार्य किए जाने की आलोचना करते हुए कहा, श्लोगों को यह अधिकार होना चाहिए कि वे सरकार की निगरानी के बिना निजी संदेश भेज सकें। इस पर सफाई देते हुए सिंधिया ने संसद भवन परिसर में कहा कि इस ऐप को भी मोबाइल पर अन्य ऐप की तरह हटाया जा सकता है। वह सदन में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के पूरक प्रश्न के उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग और धोखाधड़ी से नागरिकों को बचाने की सोच के साथ 2023 में 'संचार साथी' पोर्टल की शुरुआत की गई थी और 2025 में इसके लिए ऐप का प्रयोग शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इस ऐप से जनभागीदारी के आधार पर साइबर धोखाधड़ी से नागरिकों को बचाना और मोबाइल चोरी की घटनाओं को कम करना ही उद्देश्य है।सिंधिया ने कहा कि पोर्टल पर जनता की अच्छी प्रतिक्रिया के आधार पर ही सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर जनता की प्रतिक्रिया से चोरी के लाखों मोबाइल फोन का पता चला, वहीं धोखाधड़ी के छह लाख मामलों को रोका जा सका।सिंधिया ने साफ किया कि संचार साथी ऐप के माध्यम से नागरिकों को विकल्प दिया गया है और जब तक वे इस पर पंजीकरण नहीं करते, उनके मोबाइल में यह काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा,पूरा अधिकार नागरिक का है। हमने केवल सभी को यह ऐप उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाया है। संचार मंत्री के इस बयान बाद सरकार ने स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए सभी नए मोबाइल फोन में साइबर सुरक्षा ऐप 'संचार साथी' को पहले से अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश को बुधवार को वापस ले लिया। यह कदम उन बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया है जिनमें कहा गया था कि इससे उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघन होने के साथ निगरानी का जोखिम हो सकता है। हालांकि, सरकार का संचार साथी ऐप के बारे में कहना है कि यह केवल चोरी हुए फोन का पता लगाने और ब्लॉक करने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने में मदद करता है। ऐप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'सरकार ने मोबाइल विनिर्माताओं के लिए ऐप पहले से इंस्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है।' यह कदम विपक्षी दलों और निजता का समर्थन करने वालों के विरोध के बाद उठाया गया है। उनका कहना था कि ऐप कॉल सुनने के साथ-साथ संदेश भी पढ़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि एप्पल और सैमसंग जैसे कुछ विनिर्माताओं ने 28 नवंबर के आदेश पर अपनी आपत्ति जताई है।

# भोपाल गैस त्रासदी का असर

**योगेश कुमार गोयल**

1984 में 2-3 दिसम्बर की रात भोपाल में मौत ने ऐसा तांडव मचाया था, जिसके जख्म आज तक नहीं भरे हैं। भयानक गैस त्रासदी की उस घटना को पूरी दुनिया के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी और हृदयविदारक औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है। 2-3 दिसम्बर 1984 को आधी रात के बाद यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) से निकली जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' ने हजारों लोगों की जान ली थी। उस जानलेवा त्रासदी से लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए थे। दुर्घटना के चंद घंटों के भीतर ही कई हजार लोग मारे गए थे और मौतों का यह दिल दहलाने वाला सिलसिला उस रात से शुरू होकर कई वर्षों तक अनवरत चलता रहा। हालांकि इसी साल भोपाल के जहरीले कचरे का निपटान किया जा चुका है किन्तु भोपाल गैस कांड को 41 साल बीत जाने के बाद भी इसका असर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और इस त्रासदी से पीड़ित होने वालों के जख्म आज भी हरे हैं।




भोपाल गैस त्रासदी पत्थर दिल इंसान को भी इस कदर विचलित कर देने वाली थी कि हादसे में मारे गए लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया था जबकि करीब दो हजार जानवरों के शवों को विसर्जित करना पड़ा था, आसपास के सभी पेड़ बंजर हो गए थे। एक शोध में यह तथ्य सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। इनमें से बहुत से लोग कैंसर सहित बहुत सी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और घटना के 40 साल बाद भी इस गैस त्रासदी के दुष्प्रभाव खत्म नहीं हुए हैं। विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 558125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था तथा बहुत सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब 8 हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब 8 हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गए थे।

हजारों लोगों के लिए काल बने और लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देने वाले भोपाल में यूसीआईएल के कारखाने का निर्माण वर्ष 1969 में हुआ था, जहां 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' (मिक) नामक पदार्थ से कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। उस कारखाने के टैंक संख्या 610 में निर्धारित मात्रा से ज्यादा एमआईसी गैस भरी हुई थी और गैस का तापमान निर्धारित 4.5 डिग्री के स्थान पर 20 डिग्री था। पाइप की सफाई करने वाले हवा के वेंट ने काम करना बंद कर दिया था। इसके अलावा बिजली का बिल बचाने के लिए मिक को कूलिंग स्तर पर रखने के लिए बनाया गया फ्रीजिंग प्लांट भी बंद कर दिया गया था। 3 दिसम्बर 1984 को इस कार्बाइड फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का जो रिसाव हुआ, उसका एक बड़ा कारण माना गया कि टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के साथ पानी मिल जाने से रासायनिक प्रक्रिया होने के परिणामस्वरूप टैंक में दबाव बना और टैंक का अंदरूनी तापमान 200 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे धमाके के साथ टैंक का सेफ्टी वाल्व उड़ गया था और यह जहरीली गैस देखते ही देखते पूरे वायुमंडल में फैल गई। अचानक हुए जहरीली गैस के इस रिसाव से बने गैस के बादल हवा के झोंके के साथ वातावरण में फैल गए और इसकी चपेट में आने वाले लोग मौत की नींद सोते गए। जिन लोगों के फेफड़ों में सांस के जरिये गैस की ज्यादा मात्रा पहुंच गई, वे सुबह देखने के लिए जीवित ही नहीं बचे। बहुत सारे लोग ऐसे थे, जिन्होंने नींद में ही अपनी आखिरी सांस ली। लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर यह सब हो क्या रहा है? दुर्घटना के चार दिनों बाद 7 दिसम्बर 1984 को यूसीआईएल अध्यक्ष एवं सीईओ वारेन एंडर्सन की गिरफ्तारी हुई थी किन्तु विड़म्बना देखिये कि इतने भयानक हादसे के मुख्य आरोपी को गिरफ्तारी के महज छह घंटे बाद मात्र 2100 डॉलर के मामूली जुर्माने पर रिहा कर दिया गया था। उसके बाद वह अवसर का लाभ उठाते हुए भारत छोड़कर अपने देश अमेरिका भाग गया, जिसे भारत लाकर सजा देने की मांग निरन्तर उठती रही लेकिन भारत सरकार अमेरिका से उसका प्रत्यर्पण कराने में विफल रही। 29 सितम्बर 2014 को वारेन एंडर्सन की मौत हो गई। इस हादसे से पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंची, जिसकी भरपाई सरकारें आज तक नहीं कर पाई हैं। सरकारों का रूख इस पूरे मामले में संवेदनहीन ही रहा। कई रिपोर्टों में इस क्षेत्र में भूजल प्रदूषण की पुष्टि होने के बाद भी सरकार द्वारा जमीन में दफन जहरीले कचरे के निष्पादन की कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। दरअसल इस भयावह गैस त्रासदी के बाद हजारों टन खतरनाक अपशिष्ट भूमिगत दफनाया गया था और सरकारों ने भी स्वीकार किया है कि यह क्षेत्र दूषित है। गैस रिसाव के करीब आठ घंटे बाद भोपाल को भले ही जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था किन्तु हकीकत यही है कि इस गैस त्रासदी के 41 वर्षों बाद भी भोपाल उस हादसे से उबर नहीं पाया है।

# राजनीतिक टकराव और संवाद की नयी चुनौती

**कांतिलाल मांडोत**

शीतकालीन सत्र हमेशा से राजनीतिक तापमान का आईना माना जाता रहा है। वर्ष के अंतिम महीने में जब केंद्र सरकार अपनी उपलब्धियों और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करती है, तब विपक्ष इसे जवाबदेही और जनहित के मुद्दों को उठाने के अवसर के रूप में देखता है। इसी उम्मीद और उत्सुकता के बीच 1 दिसंबर से आरंभ हुआ संसद का यह शीतकालीन सत्र, अपने पहले ही दिन उस सौहार्द्र और गंभीरता से दूर दिखाई दिया जिसकी एक लोकतांत्रिक संस्था से अपेक्षा की जाती है। पहले दिन राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। कारण वही पुराना-हंगामा, नारेबाजी और तीखी राजनीतिक तल्खी। सत्र शुरू होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को एक स्पष्ट संदेश दिया कि संसद का मंच राजनीति की लड़ाई का एरिना नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों पर काम करने का स्थान है। उनकी टिप्पणी, सदन में ड्रामा नहीं, डिलेवरी चाहिए, में सिर्फ राजनीतिक व्यंग्य नहीं था, बल्कि कार्यसंस्कृति पर गंभीर चिंता का संकेत भी झलक रहा था। मोदी ने विपक्ष से यह भी कहा कि चुनाव परिणामों में पराजय मिलना राजनीतिक जीवन का अंग है, लेकिन पराजय की निराशा में डूबकर सदन को ठप कर देना लोकतांत्रिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सरकार ट्रिप्स जैसी बहसों और विधायी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, लेकिन यह तभी संभव है जब विपक्ष मजबूत मुद्दे उठाए और सहयोग की भावना दिखाए। अचानक इस्तीफे पर राजनीति का बवंडर तेज हुआ। सत्र की शुरुआत से पहले ही एक बड़ा राजनीतिक तूफ़ान उस वक्त खड़ा हो गया जब राज्यसभा के पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराष्ट्रपति जैसे पदों को संभाल चुके धनखड़ के इस निर्णय ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे असामान्य कदम बताते हुए सवाल किया कि इतनी बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी छोड़ने के पीछे कौन-सा दबाव या परिस्थिति रही होगी।

खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि अगर खड़गे जी को इस विषय में बहुत तकलीफ हो रही है तो उन्हें डॉक्टर को दिखाना चाहिए। यह बयान दर्शाता है कि आने वाले दिनों में सत्ता और विपक्ष के बीच वाद-विवाद कैसे मोड़ ले सकता है। सत्र का एजेंडा बड़ा, लेकिन माहौल गर्म है। शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होना है। कुल 15 बैठकें प्रस्तावित हैं और सरकार लगभग 10 विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इनमें तंबाकू और पान मसाला पर सेस लगाने वाला बिल, दिवाला कानून में सुधार, और जनविश्वास संशोधन जैसे महत्वपूर्ण विधायी प्रस्ताव शामिल हैं। संसदीय समितियों को भी कई रिपोर्टें प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। लेकिन पहले ही दिन विपक्ष ने एसआईआर मुद्दे पर जोरदार हंगामा किया। इससे सरकार के विधायी कार्यक्रम पर अनिश्चितता के बादल मंडराते नजर आए। सरकार का आरोप है कि विपक्ष बिना पर्याप्त चर्चा के सिर्फ बाधा उत्पन्न करने की रणनीति अपना रहा है। वहीं विपक्ष कहता है कि उसके सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा और सरकार संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा से बच रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में हो रहे व्यवधानों पर स्पष्ट अपील की। मेरी चिंता यह है कि सदन चले। जनता हम सब से काम की उम्मीद करती है। सत्र की शुरुआत में सी.पी. राधाकृष्णन को राज्यसभा के नए सभापति के रूप में स्वागत किया गया। मोदी ने उनके अनुभव की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सदन की कार्यवाही अधिक गरिमामय और प्रभावी होगी। लेकिन स्वागत समारोह के माहौल में भी दलगत राजनीति की तल्खी कम नहीं हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने खड़गे पर आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति के लिए अनुचित शब्द बोले। यह आरोप भी सत्र के शुरुआत में तनाव का एक और सूत्र बन गया। विपक्ष के भीतर भी समानता नही लेकिन भिन्न आवाजेंसुनाई दी। हंगामे के इस माहौल में विपक्ष के भीतर भी अलग-अलग स्वर सुनाई दिए। गोगोई ने कहा कि अगर विपक्ष के मुद्दों को सत्र में उचित स्थान और चर्चा मिले, तो वे सरकार के सभी विधेयकों पर सहयोग करने को तैयार हैं। यह बयान संकेत देता है कि विपक्ष की मंशा केवल हंगामा करना नहीं है, बल्कि बहस और संवाद भी चाहता है। यदि उसे सम्मानजनक अवसर मिले।

हालाँकि, इस बीच राहुल गांधी सदन से उस समय बाहर निकल गए जब कार्यवाही हंगामे के कारण रुकावट का सामना कर रही थी। यह घटना भी राजनीतिक व्याख्याओं का विषय बनी। इस बीच चिराग पासवान ने कहा कि हंगामा छवि चमकाता है, काम नहीं, लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने विपक्ष के विरोध को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की। हंगामा करने वाला अपनी छवि चमकाता है, लेकिन काम नहीं करता। पासवान के इस वक्तव्य ने सत्ता पक्ष की उस भावना को मजबूत किया, जिसमें वे कहते हैं कि विपक्ष सिर्फ नकारात्मक राजनीति कर रहा है और संसद के संचालन में बाधा डाल रहा है। सत्र के पहले दिन जिस प्रकार कार्यवाही बाधित हुई, उसने इस विवाद को फिर जन्म दिया कि क्या लगातार हंगामे के माध्यम से विपक्ष अपनी भूमिका को कमजोर कर रहा है, या यह उनके लिए मजबूरी है क्योंकि सरकार उन्हें बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं देती?सत्ता पक्ष का तर्क है कि हंगामा लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। संसद बहस, विचार और नीतिगत विमर्श का स्थान है, और लगातार व्यवधान से न सिर्फ विधायी कामकाज रुकता है, बल्कि जनता का विश्वास भी डगमगाता है। विपक्ष का दावा है कि संवेदनशील मुद्दों पर सरकार की चुप्पीऔर अड़ियल रवैया उन्हें कठोर कदम उठाने पर मजबूर करता है। लोकतंत्र का बड़ा सवाल है किसदन में पहले दिन की उथल-पुथल इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में शीतकालीन सत्र किसी राजनीतिक परीक्षा से कम नहीं होगा। सरकार जहां विकास, अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और प्रशासनिक सुधारों पर विधायी एजेंडा आगे बढ़ाना चाहती है, वहीं विपक्ष अधिक आक्रामक और तप्त सवालों के साथ तैयार बैठा है। इस सत्र की असली कसौटी यह होगी कि क्या संसद अपने मूल दायित्व जनता के लिए कानून बनाना और शासन पर निगरानी रखना, को पूरा कर पाएगी या फिर राजनीतिक ध्रुवीकरण इसे फिर से जाम कर देगा? लोकतंत्र का सार संवाद है, और संवाद के लिए बहस काअधिकार भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना संयम का। पहले दिन की घटनाओं ने देश को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हमारा राजनीतिक वर्ग इस संतुलन को पुनः स्थापित कर पाएगा। शीतकालीन सत्र की यह आरंभिक हलचल संकेत देती है कि आने वाले 18 दिन शांत नहीं रहने वाले। परंतु यदि सत्ता और विपक्ष अपने-अपने राजनीतिक हितों के ऊपर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दें, तो यह सत्र महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दे सकता है। अंततः संसद जनता की उम्मीदों का मंच है। और इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए चाहिए न ड्रामा, न आरोपों का तूफान, बल्कि ठोस कार्य, सार्थक बहस और लोकतांत्रिक परिपक्वता। यह तभी सम्भव है, जब विपक्ष इस बात को समझे और समझकर उनकी जवाबदेही पर पुनः विचार करे।

# सर्दी में शादियों का शोर व पहनावे का दौर

**सारिका सिंह**



आजकल के गुनगुने मौसम वाली शादियाँ मजेदार होती हैं, जहाँ खाने-पीने की आज़ादी होती है और पहनने-ओढ़ने की कोई पाबन्दी भी नहीं होती और पाबन्दी हो भी तो कौन सी हमारी कौम (महिलाएं ) मान जाने वाली है। बर्फ ही पड़ती रहे लेकिन एक पतली सी बारीक शॉल की भी इतनी जुर्रत नहीं कि हमारी सोच, हमारे अस्तित्व या हमारे दायरे की दहलीज़ को भी छू सके। इधर कई बार से जब भी जाड़े की शादियों में गई तो ठंड से लड़ाई लड़ने का मन नहीं किया। इस समझौते के तहत गर्म कपड़े लेकर गए लेकिन हमजोलियों की कम्बख्त सेल्फियों ने ना मेरा भी हौसला झुकने नहीं दिया तो बेचारी शॉल देवी सवारी पर ही रह गई लेकिन हम पर सवार नहीं हो सक़ी।

> **इस समझौते के तहत गर्म कपड़े लेकर गए लेकिन हमजोलियों की कम्बख्त सेल्फियों ने ना मेरा भी हौसला झुकने नहीं दिया तो बेचारी शॉल देवी सवारी पर ही रह गई लेकिन हम पर सवार नहीं हो सक़ी।**

कुछ कपड़ों की किस्मत संदूक तक की ही होती है। इन जाड़े के कपड़ों की किस्मत ऐसी ही है। खासकर मेरी उम्र की मोहतरमाओं की। हम बेचारियां ना ज्यादा जड़ा ही पा रहीं ना ही जाड़ा बर्दाश्त ही कर पा रही और इधर जतन से खरीदे हमारे जाड़े के कपड़े आलमारियों में बंद ऊंघ से रहे लेकिन ना निकाले जा रहे ना ही निकल ही पा रहे। इन बेचारों की अकुलाहट इतनी है कि आलमारी खुली नहीं कि एक दो तो बेहोश होकर उलट पड़ते हैं जैसे कह रहे हो कि बहन अब हम हमारी ही गर्मी से पिघल लेंगे।बात शादी की करनी थी और मै अपने कर्मों की कारस्तानी गिनाने लगी छोड़िये आगे की सुनिए. .दूसरों की शादियाँ बचपन से मुझे बहुत रोमांचक लगती थी। अपनी शादी का रोमांच याद नहीं है क्यूंकि (पंडित, नाउन और पुरखिनों की कवायदों से आधे टाइम तो लगता रहा था कि भईया निपटे किसी तरह और हम भी खाली हो)। लेकिन दूसरों की शादियों की बात ही अलग थी। खुद के लिए कितना वक़्त और तैयारी करने की कितनी ललक होती है ये आप बौराई हम जैसी जनानियों से पूछिए या फिर दर्जी -दुकानदार से तो पता चले।



इसके इतर पहले की शादियाँ साधारण होती थी जहाँ बेकरारी और बेचैनी अपनी इज़्ज़त सँभालने की ज्यादा थी और दिखावे की होड़ कम थी। लेकिन हम सब के लिए उनकी कीमत क्या थी कैसे चंद शब्दों में लिख कर फ़ारिग हो जाऊं सोच नहीं पा रही। मेरा बचपन गाँव के खूबसूरत दिनों में बीता और शादियों का मौसम उसको ऐसा रंगीन बना देता था कि भूले नहीं भूलता। क्यूंकि सदा से शांत और सुलझी रहने वाली मेरी माँ भी रह-रह कर गीत गुनगुनाने लगती थी बात बे बात भूले-बिसरे गीतों को याद करने लगती थी।

मुझे बदली बदली सी मम्मी बहुत अच्छी लगती थी। मम्मी अपने समय की सुपरस्टार थीं क्यूंकि एक तो गाँव भर की चहेती ऊपर से चटक मजेदार सब्जियों के स्वाद की प्रणेता और सारे बड़े बर्तनों जैसे बड़ी कढ़ाही, पीतल के हंडे ,बड़े बटुले और तिरपाल ,बड़े-बड़े कढ़ाह और भगोने बरबस और जबरी उनके घरों तक भिजवाने की अकेली जिम्मेदार। क्यूंकि तब के गाँव में ना लोग ऐसे ही सबकी मदद करते थे और एक दूसरे के साथ खड़े होते थे। क्यूंकि तब शायद खुद की इज़्ज़त से ज्यादा कुनबे की इज़्ज़त बड़ी थी। खैर तब के गाँव और आज के बिकल होते शहरी गाँव में उतना ही फर्क है जितना मुंबई और कोल्हापुर में चाहकर भी दोनों एक जैसे बन नहीं पा रहे।

शादियों की आजवाली रौनक किसी परिस्तान जैसी लगने लगी है जिनके बीच से जोड़े आजकल स्टेज तक लाये जाते हैं और धुएँ और मखमली फुहार से एक जादूई माहौल सा बनाया जाता है। मेरी खुद की शादी का 23वां साल लगा है। लेकिन हर शादी में कसम से एक कसक सी लगती है कि हाय रे मेरी शादी में भी ये होना चाहिए था, ऐसे मनभावन जलसे लोग शादियों में करने लगे हैं।लेकिन परिपक्वता ना बेचारगी महसूस करती है कि क्या लोग सादगी की खूबसूरती नहीं देख पा रहे क्या वाकई शादी को जलसा ही बनाना चाहिए?

क्या दो चार व्यंजनों से पेट नहीं भरेगा या उबकने तक पेट भर लेना हमारी मज़बूरी होती जा रही। बात थोड़ी अजीब लगेगी आपको लेकिन वाकई में मै शादियों में जूठी बिखरी तस्तरियों की बची बेचारी रोटियों और व्यंजनों को देखती हूँ जो मेहमानों नें ऊब कर फेंका होता है। क्या फेंक देना ही आखिरी हल है?

आप मानिये या ना मानिये दोष मेजबानी और मेहमानी दोनों में ही है। मेजबान को भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी ये सोच कर निभानी है कि उतना ही बने कि जितना खा सकें और मेहमान को भी ये शउर आना ही चाहिए कि उतना ही लो थाली में कि व्यर्थ ना जाये नाली में।मेरे लिख लेने से क्या हो जायेगा और आपके पढ़ने से भी क्या होगा आने वाले दिनों में और भी शादियों के जलसे होंगे ,हम फिर से वही सब देखेंगे और करेंगे।जिसके पास पैसे रूपये की दिक्कत नहीं है वह अपने ठाठ की रौनक देखेगा जिसके पास साधन सीमित है वो कर्ज़ा लेगा या फिर कर्ज़े के बोझ को कलेजे पे धरेगा और वही करेगा जो सब कर रहे। खाने वाले फेंकते रहेंगे और बनवाने वाला अपना जिगरा पत्थर सा करके जस के तस यन्त्रवत चलता रहेगा ....

क्यूंकि जीवन एक संघर्ष है

या फिर पुष्पा फ़िल्म का डायलॉग याद करिये कि झुकेगा नहीं

## आप की बात

### लापरवाही की आग?

पिछले काफी समय से आग या लापरवाही से होने वाली आग की घटनाएं बढ़ती जा रही है. कभी इस इस शहर तो कभी उस शहर में, कभी कार में तो कभी बस/ट्रक में, कभी घर में तो कभी बहुमंजिलों में, यहाँ तक कि आग की लपटें आत्महत्याओं तक पहुँच रही हैं. इन सब घटनाओं के पीछे शार्टसर्किट हो सकता है या फिर गाड़ियों के टकराने व पेट्रोल बहने से भी हो सकता है. मानसिक तनाव/प्रताड़ना के कारण आग की लपटों में आत्महत्याओं की बातें भी सामने आयी हैं. ए.सी. बसों में आग की घटनाएं भी बढ़ी हैं जिसकी वजह से जान-मॉल का भारी नुकसान भी हुआ है. बसों में सही रखरखाव न होना, खुद के द्वारा यातायात नियमों का पालन न करना और प्रशासनिक शिथिलता भी दुर्घटनाओं की वजहें बनती जा रही हैं. आग की घटनाएं बढ़ने से कैसे रुके इस हेतु सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए फिर चाहे वे व्यक्तिगत हों या, समूह में अथवा प्रशासनिक. क्योंकि आग तो आग ही होती है फिर चाहे वो लापरवाही की हो या संदेहास्पद परिस्थितियों की. इन्हें रोकना सबका फर्ज है, क्या-क्या सावधानियां बरती जा सकती हैं और क्या-क्या उपाय किये जा सकते हैं इस पर ध्यान दें आम लोग भी और शासन/प्रशासन भी. ताकि अनहोनियों को टाला जा सके और जान-माल की रक्षा की जा सके.

**शकुंतला महेश नेनावा,57, गिरधर नगर, इंदौर (म.प्र.).**

### लंका फिर जलेगी

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का यह बयान कि ''सिंगल लोग हनुमान को मानते हैं, शादीशुदा अलग, शराब पीने वाले अलग, मुर्गा काटने वाले अलग, दाल-चावल खाने वाले अलग, हर समूह का अपना भगवान'' न सिर्फ हास्यास्पद है, हिंदू धर्म की गहन दार्शनिक विविधता पर अज्ञानता की पराकाष्ठा है। हिंदू धर्म में तीन करोड़ नहीं, तीन करोड़ रूप हैं ईश्वर के।

यही एकेश्वरवाद का उदार और वैज्ञानिक स्वरूप है, जहाँ एक ही परम तत्व को अलग-अलग स्वभाव, जरूरत और संस्कृति के अनुसार पूजा जाता है। यह विविधता कमजोरी नहीं, हमारी सभ्यता की ताकत है। रेवंत रेड्डी शायद भूल गए कि जिस हनुमान को वे ''सिंगल लोगों का भगवान'' कहते हैं, वही हनुमान विवाहित रामभक्तों की आस्था भी हैं। वही हनुमान लाखों लोगों को शराब और बुरी आदतों से दूर करने की प्रेरणा देते हैं। क्या यह विविधता नहीं कि एक ही देव हजारों रूपों में सबकी पुकार सुनते हैं? यह बयान नास्तिकता नहीं, सतही समझ का प्रमाण है। जो अपनी संस्कृति का मजाक उड़ाता है, वह सत्ता के लायक कैसे हो सकता है? हिंदू समाज इस अपमान को सहन नहीं करेगा। जय श्रीराम!

**प्रो. आरके जैन ''अरिजीत'', बड़वानी (मप्र)**

### ऊर्जा बहुत लगी, तर्क प्रस्तुत करने में शून्य

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जिस तरह अचानक राजनीतिक तूफान खड़ा किया गया, वह दर्शाता है कि कुछ दल इस प्रक्रिया को सुधार नहीं, बल्कि खतरा मानकर देख रहे हैं। बिहार में एसआईआर का निर्णय सामने आते ही इसे ''वोट चोरी'' का नया नारा दे दिया गया। कांग्रेस व राजद ने आरोपों के सहारे यह धारणा गढ़नी चाही कि यह पूरा अभ्यास उनके समर्थकों के वोट काटकर भाजपा को लाभ पहुंचाने की साजिश है। आरोप लगाने में ऊर्जा बहुत लगी, परंतु तर्क प्रस्तुत करने में लगभग शून्य। सबसे पहले सवाल यही उठता है कि क्या बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) किसी एक दल की विचारधारा पर चलते हैं? और क्या उन्हें यह ज्ञान होता है कि कौन व्यक्ति किस पार्टी को वोट देता है? इन प्रश्नों का उत्तर खुद जनता जानती है, पर उन्हें कभी सामने नहीं रखा गया। बिहार में एसआईआर के दौरान एक ओर विपक्ष ''वोटर अधिकार यात्रा'' निकालता रहा, दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर होती रहीं। लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आए, वास्तविकता सामने आने लगी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि एसआईआर में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। इसके बावजूद संसद में ''वोट चोरी'' का हंगामा जारी रहा।

**विभूति बुपक्या, लॉ स्टूडेंट, दिल्ली यूनिवर्सिटी ,दिल्ली.**

### चुनाव आयोग ने 7 दिन का समय बढ़ाया

एस आई आर की ड्यूटी के दौरान जान गँवाने वाले कर्मचारियो की मौत कोई साधारण आँकड़ा नहीं है यह एक गहरा मानवीय संकट है। पश्चिम बंगाल में इन कर्मचारियों का संकट भारी दिखाई देता है जहां काम का बोझ के कारण बड़ी संख्या में के कर्मचारी मृत्यु के शिकार हुए हैं। चुनाव आयोग ने घटनाक्रम को देखते हुए 7 दिन का समय बढ़ा दिया है,जोकि देर से लिया हुआ कदम है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। सच तो यह है कि इस प्रक्रिया में भारी जटिलता सामने आई हैं जिस कारण मनोवैज्ञानिक दबाव इन कर्मचारियों पर लगातार पड़ रहा है। सरकार और राजनीतिक दल को यह समझना होगा कि ये कर्मचारी कोई मशीन नहीं हैं जो बिना रुके, बिना थके काम करते रहें। उनकी जान की कीमत सिर्फ दस-बीस-तीस लाख रुपये में नहीं आँकी जा सकती। अगर हम वाकई उनके बलिदान की इज्जत करते हैं तो सिर्फ श्रद्धांजलि और मुआवजा देना काफी नहीं है बल्कि ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि अगले चुनाव प्रक्रिया या मतदाता गहन प्रशिक्षण में एक भी कर्मचारी की जान न जाए। यह न सिर्फ मानवीय दायित्व है बल्कि लोकतंत्र के प्रति सच्ची निष्ठा भी है।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# जिले में 6776 क्विंटल अवैध धान जब्त उपार्जन केंद्रों में खपाने की थी तैयारी

## प्रशासनिक टीमें लगातार दे रही दबिश, अवैध धान के विरुद्ध सख्त अभियान जारी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में किसानों से धान खरीदी के बीच अवैध धान की आवक रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। धान खरीदी की शुरुआत से अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। अब तक जिले में कुल 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। पकड़े गए धान की 31 सौ रूपये के हिसाब से कीमत 2.10 करोड़ रुपए से अधिक होती है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस धान को आगे उपार्जन केंद्रों में खपाने की तैयारी थी। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य और राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध धान भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है। अब तक जिले के अलग अलग हिस्सों में अवैध भंडारण और परिवहन के मामलों में कार्रवाई करते हुए धान जप्त किया गया है। इन घटनाओं में लिप्त वाहनों को भी जप्त किया गया है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध धान भंडारण और परिवहन के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वे नियमित रूप से इसकी समीक्षा कर रहे हैं। गौरतलब है कि खरीदी केंद्रों में अवैध रूप से बिक्री के लिए आने वाले धान की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निगरानी तंत्र को मजबूत करने के साथ सीमावर्ती इलाकों में 24 चेकपोस्ट बनाकर वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि दूसरे राज्यों से अवैध रूप से आने वाले धान के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इस बीच जिले में सक्रिय कोचिए और ऐसे प्रतिष्ठान जहां धान को उपार्जन केंद्रों में खपाने के लिए अवैध रूप से भंडारित कर के रखा गया है, उनका चिन्हांकन कर वहां जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अब तक 20 से अधिक राइस मिल का भौतिक सत्यापन कर स्टॉक वेरिफिकेशन किया गया है। 16 छोटे बड़े वाहनों को अवैध धान परिवहन में लिप्त पाए जाने पर धान सहित जप्त किया गया है। वहीं 10 दुकानों और 3 गोदामों में अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की गई है।





### अब तक 6776 क्विंटल अवैध धान जब्त

खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि अवैध धान के किसी भी प्रकार से आवक की संभावना को रोकने प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। ताकि वास्तविक किसानों को शासन की धान खरीदी नीतियों का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अवैध परिवहन, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कोचियों और मिलर्स से अब तक जिले में 40 अलग अलग प्रकरणों में 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त किया जा चुका है। जिसकी कीमत 31 सौ रूपये मूल्य के हिसाब से 2.10 करोड़ रुपए है।

# सरस्वती शिशु मंदिर मारो विद्यालय में सप्त शक्ति संगम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर एवं सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छग के मार्ग दर्शन में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर मारो विद्यालय में सप्तशक्ति संगम (मातृशक्ति सम्मेलन) कार्यक्रम संपन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता बघेल (सरपंच ग्राम पंचायत चक्रवाय), अध्यक्षता सुधा तिवारी (पार्षद नगर पंचायत मारो), विशिष्ट अतिथि रश्मि साहू पूर्व (सरपंच ग्राम पंचायत परसदा), एवं निलिमा सिंह क्षत्रिय (शिक्षिका स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारो) मुख्य वक्ता। खुलेश्वरी देवांगन एवं रेणुका साहू रही। अतिथियों द्वारा सरस्वती, ऊं,भारतमाता की पूजन द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुभांरभ किया गया। अतिथियों को शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना में शिव्या साहू द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्ययोजना के स्वरूप की जानकारी दी गई। विद्यालय की कृतिका, लव्या, पायल, दिव्या, अदिति एवं साथी के समूह गीत के पश्चात् प्रथम मुख्य वक्ता खुलेश्वरी देवांगन (विभाग सहसंयोजिका बिलासपुर )ने अपने उदबोधन में कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण विषय पर विचार रखते हुए संयुक्त परिवार को समाज की महत्वपूर्ण कड़ी बताया जिससे भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों की रक्षा की जा सकती है। माताओं से आग्रह किया कि पेड़ों का संरक्षण कर पर्यावरण की संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं। कार्यक्रम में प्रेरणादायक प्रश्नों के उत्तर देने वाली 15 माताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की रानी लक्ष्मीबाई, जीजा बाई, दुर्गावती की रुपसज्जा के माध्यम से प्रेरणादाई माताओं की संदेश प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम में द्वितीय मुख्य वक्ता। सुश्री रेणुका साहू (क्षेत्रिय प्रशिक्षण प्रमुख मध्य क्षेत्र) ने अपने सारगर्भित विचार हमारे देश की वर्तमान परिस्थिति में महिलाओं का योगदान विषय पर रखते हुए परिवार की जिम्मेदारी निभाने के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले माताओं बहनों की आत्मनिर्भरता हासिल कर देश को सशक्त बनाने वाले के नाम पद से अवगत कराते हुए उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। सम्मान की कड़ी में उपस्थित माताओं में से संयुक्त परिवार सम्मान अनिता यादव (कुल 22सदस्य), समाज, चिकित्सा गौसेवकपुत्र की माता सम्मान शीतला चौबे एवं देशसेवा में समर्पित सैनिक एकलौते पुत्र की माता निर्मला साहू को सम्मानित किया गया। अनुभव कथन के रूप में विचार रखते हुए निलिमा सिंह क्षत्रिय ने महिलाओं को परिवार को सुदृढ़ बनाने मुख्यस्तंभ बताते हुए महिला सशक्ति करण की दृष्टि से आयोजित कार्यक्रम को बहुत ही महत्वपूर्ण आयोजन बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रश्मि साहू ने माताओं को समाज सेवा में आगे बढ़ने की बात कही।

# धान बिक्री करने में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले किसानों के हितों की दृष्टि से अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। मिश्रा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री करने हेतु आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार असुविधा नही होनी चाहिए। कलेक्टर मिश्रा कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी धान खरीदी केन्द्रों में लगाई गई है उन्हें समय पर धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित होकर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कर संपूर्ण व्यवस्था का समुचित मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार धान बिक्री हेतु किसानों का आफलाईन टोकन काटने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। मिश्रा ने कहा कि जिस नोडल अधिकारी का गेट पास कम जारी होगा उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने जारी किए गए पास को समय पर एंट्री कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने नोडल अधिकारियों को चेकलिस्ट के आधार पर धान खरीदी केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्थाओं की जाँच कर सुचारू रूप से धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य की भी समीक्षा की। मिश्रा ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने विभागवार जीएसटी रिटर्न की स्थिति, युवा खेल महोत्सव एवं ग्राम दुधली में आयोजित होने वाली नेशनल रोवर रेंजर जंबुरी के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। मिश्रा ने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को युवा खेल महोत्सव तथा जिला शिक्षा अधिकारी को नेशनल रोवर रेंजर जंबुरी के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा तथा जिले में संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु कृषि, जल संसाधन सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को फील्ड में दौरा करते हुए किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने सुनी आम लोगों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने 2 दिसम्बर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में डौण्डी से पहुँचे रोहित कुमार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बरबसपुर की बिदेश्वरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आमापारा बालोद के गणराज यादव ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने ग्राम खपरी की रवीना ने श्रमकार्ड का नवीनीकरण कराने, ग्राम पंचायत सांकरी के सरपंच ने शाला भवन में आहता निर्माण कराने, ग्राम पंचायत तार्री के सरपंच ने सीसी रोड निर्माण कराने, सोनईडोंगरी की रेखा बाई ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने, सनौद की पुष्पांजली ने जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कराने, चिटौद की योगिता ने जॉब कार्ड दिलाने हेतु आवेदन सौंपे। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने विद्युत दुर्घटना में प्रभावित हुए ग्रामीण नरसुराम नेताम को विद्युत विभाग की योजना के तहत 02 लाख रूपये का चेक प्रदान कर लाभान्वित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दल्ली खदान से लाल मिट्टी का पानी नाले में मिलकर फैला रहा है प्रदूषण

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्ली खदान से लाल मिटटी का पानी नाले में मिलकर प्रदूषण फैला रहा है। आयरन युक्त लाल पानी 24 घंटे बहती अविरल जलधारा नाला के माध्यम से बहते हुए राजहरा के वार्ड नंबर 12, 15, 16, 17, में बहता है। ग्रीनकमांडो वीरेंद्र सिंह ने जनदर्शन में कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराया जिस पर जिला कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए के कहा। आयरन और धातुओं का रिसावः खनन से निकलने वाले लोहे (आयरन) और अन्य धातुओं के ऑक्साइड पानी में मिलकर इसे लाल रंग देते हैं। खदानों में मौजूद सल्फाइड खनिज पानी के साथ मिलकर एसिड बनाते हैं, जो नाले के पानी को प्रदूषित करता है। कचरा और अवशेषः खनन का कचरा और मिट्टी नाले में बहकर आती है, जिससे जलजीवों और आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है। मछलियों और अन्य जलीय जीवों के लिए विषाक्त होने के साथ ही आसपास के इलाकों में पानी की गुणवत्ता खराब होती है और सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने पर मिटटी भी प्रदूषित होती है।

**क्या किया जा सकता है?**

खदानों में वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था करें, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मदद से जांच और नियंत्रण करें। स्थानीय लोगों को प्रदूषण के खतरों और बचाव के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

# राम जानकी मंदिर निर्वाणी अखाड़ा में शंखनाद प्रतियोगिता सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



महंत सुरेन्द्र दास के सान्निध्य में राम जानकी मंदिर परिसर में गीता जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भव्य शंखनाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस पुण्य आयोजन का संचालन धर्म स्तंभ काउंसिल के मार्गदर्शन एवं डॉ. सौरव निर्वाणी के प्रेरक आह्वान पर किया गया। धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा गीता जयंती पखवाड़ा 3 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक प्रदेशभर के सभी राम-जानकी, राधा-कृष्ण एवं सनातन मंदिरों में समान रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन संध्याकाल सामूहिक शंखनाद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस प्रदेशस्तरीय पखवाड़े में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्वर्णपत्र, रजतपत्र एवं ताम्रपत्र से सम्मानित किया जाएगा, जो धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

### वैदिक परंपरा और वैज्ञानिक आधार

डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि गौ, गीता और गंगा ये तीनों सनातन धर्म की आत्मा हैं। उन्होंने शंखध्वनि के वैज्ञानिक लाभ बताते हुए कहा कि शंखनाद से वातावरण पवित्र होता है, वायु में सकारात्मक स्पंदन उत्पन्न होते हैं और शरीर में ऊर्जा, फेफड़ों की क्षमता तथा मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में,प्रथम स्थान देवेंद्र वैष्णव द्वितीय स्थान - वाशु शरणदास, तृतीय स्थान ओम शरण दास को प्राप्त हुआ। मंदिर समिति द्वारा विजेताओं को सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय साधु-संतों, बालकों तथा भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर शंखध्वनि से गूंज उठा और वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत हो गया।

# जुआ प्रकरण में 11 जुआडियों से 5,300 रूपये जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन पर पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ स्टाफ को जरिये मुखबिर से सुचना मिली कि पडकीडीह हॉट बाजार कचरा फेकने वाले स्थान में कुछ जुआडियान 52 पत्ती ताश से रूपये पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना नवागढ पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर 11 जुआडियान पकड़े गए। जिसमें थाना नवागढ़ में 02 प्रकरण दर्ज कर 11 जुआडियानो राजाराम साहू उम्र 65 वर्ष, निवासी पडकीडीह, रिंकु साहू उम्र 35 वर्ष, निवासी पडकीडीह, रवि यादव उम्र 25 वर्ष, निवासी पडकीडीह, नंदकुमार साहू उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम घठोली, महेन्द्र यादव उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम घठोली, राजाराम साहू उम्र 26 वर्ष, निवासी नवागढ, प्रदीप कोशले उम्र 35 वर्ष, निवासी जेवरा एन, भागीरथी साहू उम्र 38 वर्ष, निवासी देवरी थाना चंदनू, शंकर साहू उम्र 22 वर्ष, निवासी तोरा, हरि साहू उम्र 27 वर्ष निवासी अंधियारखोर, रामगोपाल वैष्णव उम्र 32 वर्ष, निवासी अंधियारखोर, थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी 5,300/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नवागढ उप निरीक्षक भुनेश्वर लाल यादव, सउनि दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक अशोक तिर्की, अजय बंजारे, आरक्षक भुपेन्द्र चंद्रवंशी, रविकांत चंद्रवंशी सहित थाना नवागढ के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

# परिक्षेत्र साहू संघ तुमड़ीबोड़ का शपथ ग्रहण जिला व तहसील के पदाधिकारी हुए शामिल




पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

परिक्षेत्र साहू संघ तुमड़ीबोड़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू भवन तुमड़ीबोड़ में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं सहित आसपास के 17 ग्रामों से आए सामाजिकजनों की मौजूदगी में परिक्षेत्र साहू संघ के पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्यअतिथि जिलाध्यक्ष भागवत साहू थे। अध्यक्षता शिवराम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने की। विशेष अतिथि बतौर जनपद सदस्य सरिता मदन साहू, जनपद सदस्य जया तिमेश साहू, सरपंच भूनेश्वरी साहू सम्मिलित हुए। अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अतिथियों द्वारा संगठन के उन्नयन, समाज में एकता, शिक्षा प्रसार और युवा सहभागिता पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया। समारोह में परिक्षेत्र साहू संघ के संरक्षक इन्द्रसेन साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू उपाध्यक्ष गरीबा साहू व राधिका साहू, संगठन सचिव ओमप्रकाश साहू व प्रीति साहू कोषाध्यक्ष भगवान दास साहू, सचिव गोपाल दास साहू, अंकेक्षक योगेस साहू को शपथ ग्रहण उपरांत निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उक्त समारोह में जिला उपाध्यक्ष मदन साहू, जिला कोषाध्यक्ष नोबल साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, अमरोतन साहू, संगठन सचिव माधव साहू, कोमल साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू डेरहीन बाई साहू, पूनम साहू, कोमल साहू, उत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, मोहित साहू, मोहर दास साहू, राजेश साहू सहि 17 ग्रामों के अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी एवं सामाजिकजन शामिल हुए।

# झाल एनएसएस शिविर, 45 युवाओं से रूबरू हुईं मधु रॉय

## अनुभव साझा करते हुए भावुक होकर बोलीं—महिला होकर राजनीति में चलना आसान नहीं



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत झाल का वातावरण मंगलवार को युवाओं की ऊर्जा और सेवा की लौ से जगमगा उठा। शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के इकाई शिविर में पहुँची जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने जैसे ही विद्यार्थियों के बीच कदम रखा, पूरे परिसर में उत्साह की लहर दौड़ गई। यह सिर्फऔपचारिक कार्यक्रम नहीं थाज यह था दिल से दिल तक पहुँचने वाला संवाद। उन्होंने छात्रों से पूछा कि वे गाँव को बेहतर बनाने के लिए क्या सोचते हैं, कैसे काम कर रहे हैं और आगे क्या बदलाव चाहते हैं। हर उत्तर पर वे मुस्कुरातीं, सराहतीं और कभी-कभी गंभीर होकर सलाह भी देतीं। एक छात्रा ने भावुक होकर कहा– मैडम, पहली बार लगा कि हमारी बात को कोई जनप्रतिनिधि सच में सुन रहा है।

### स्वयं के अनुभव सुनाते हुए भावुक हुईं

संवाद के दौरान मधु रॉय ने अपने जीवन के संघर्षों को साझा किया। उनकी आवाज में भावुकता और आंखों में दृढ़ता साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा– एक महिला होकर राजनीति में कदम रखना कभी आसान नहीं रहा। महिलाओं को हर क्षेत्र में शुरुआत में अड़चनें झेलनी पड़ती हैं–कभी संदेह, कभी रोक-टोक, कभी तानेज ऊपर से घर की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है और क्षेत्र की भी।

### महिला जनप्रतिनिधि का सफर दोहरी चुनौती से भरा होता है

उन्होंने आगे कहा– लेकिन जब परिवार का साथ मिलता है और मन में हौसला होता है, तो रास्ता खुद बन जाता है। उनकी बातों ने वहां मौजूद कई युवतियों को गहरी प्रेरणा दी। कई छात्राओं ने कहा कि मधु रॉय की कहानी ने उन्हें भी आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया।

### शिविर में रचा युवाओं ने सेवा का अनोखा रंग

शिविर में बीते 04 दिनों से कई भावनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियाँ चलती रहीं– गाँव की गलियों में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति पर जागरूकता रैली, जरूरतमंदों की मदद के लिए सेवा टीम, पौधारोपण के माध्यम से हरियाली का संदेश एवं सामाजिक बुराइयों पर असरदार नुक्क ड़ नाटक इन सबने ग्राम पंचायत झाल को एक दिन के लिए ही सही, लेकिन सेवा और सकारात्मक बदलाव की प्रयोगशाला बना दिया।

### युवाओं में भरा नया आत्मविश्वास

मधु रॉय के संवाद ने विद्यार्थियों के भीतर नया हौसला जगाया। उनकी बातें सुनकर कई छात्र बोले– मैडम, अब हम समझ पाए कि सेवा का मतलब सिर्फ काम करना नहीं, बल्कि दिल से जुड़ना भी है। गाँव के वरिष्ठों ने भी कहा कि ऐसा शिविर वर्षों बाद देखने को मिला है, जहाँ युवा और जनप्रतिनिधि एक दूसरे को समझते भी हैं और सीखते भी। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी प्रो निर्मल कुमार, जौवन कुमार, कपिल साहू, भागवत साहू, तिलक साहू। बोधराम साहू, आसदेव विश्वकर्मा सहित एनएसएस के स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान
## ग्राम कोटवारों की बैठक में पुलिस ने मजबूत सहयोग तंत्र पर दिया जोर

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन में थाना कोतरारोड़ में विशेष पहल के तहत ग्राम कोटवारों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय स्तर पर समुदाय को सशक्त बनाने और पुलिस-प्रशासन के साथ सहयोग को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ग्राम कोटवारों के साथ-साथ स्थानीय शिक्षक, गुड समेरिटियन, उत्कृष्ट खेल प्रतिभा वाले छात्र, महिला समूह का नेतृत्व करने वाले जनप्रतिनिधि, सरपंच प्रतिनिधि, मितानिन एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक सुशांतो बनर्जी ने कोटवारों को उनके दायित्वों की महत्ता बताते हुए कहा कि ग्राम की गतिविधियों, घटनाओं और विवादों की जानकारी समय-समय पर थाना पुलिस को उपलब्ध कराना उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत रहती है। कार्यक्रम में कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में दो शिक्षक, सरपंच प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा सड़क दुर्घटना की सूचना देने वाले जागरूक नागरिकों सहित कई लोगों ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां दर्ज की हैं, जिन्हें प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों में शामिल रहे नंददास महत (कोटवार, ग्राम पंझर), मित्रभानु सिदार (कोटवार, ग्राम कोतरा झाखर), मुरलीधर पटेल (सरपंच प्रतिनिधि, बघनपुर), रश्मि चैहान (मितानिन, कोसमपाली), चम्पा चैहान (मितानिन सेवक, वार्ड 15 किरोड़ीमल नगर), संजय ठेठवार एवं सुनील सारथी (सड़क दुर्घटना की समय पर सूचना देने वाले), सौर्य सिदार (नेशनल वॉलीबॉल खिलाड़ी, साधुराम विद्या मंदिर जोरापाली), जमदास महत (तावा फेंक खिलाड़ी, ग्राम बरमुडा) तथा नितिमा नंद बारिक (कंप्यूटर ऑपरेटर)। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार की पहल समाज और पुलिस के बीच भरोसे को और मजबूत करती है तथा सभी को अपने दायित्वों के प्रति प्रेरित करती है। कार्यक्रम में डीएसपी सुशांतो बनर्जी, थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक मोहन भारद्वाज, उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त और सभी स्टाफ मौजूद रहे।

# अस्पताल में पाइप-चोरी करने वाला फरार आरोपी पकड़ाया
## चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बड़े अतरमुडा मांझापारा स्थित निर्माणाधीन कल्याण अस्पताल में लगातार हो रही कॉपर पाइप और अन्य उपकरणों की चोरी के मामले में चक्रधरनगर पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए फरार आरोपी विशाल गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया। इस संगठित चोरी में कुल चार आरोपी शामिल थे, जिनमें से नंदू दास महंत, अंशुल पंजवानी और चंदन राय को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज चुकी है। अस्पताल निर्माण कार्य से जुड़े डॉ. बेदप्रकाश पटेल ने 20 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 नवंबर से लगातार अज्ञात चोर ऑक्सीजन पाइपलाइन काटकर ले जा रहे हैं। 20 नवंबर की रात करीब 12.30 बजे कंप्यूटर ऑपरेटर ईश्वर प्रसाद निराला और ड्राइवर भुनेश्वर गबेल मौके पर पहुंचे, जहां दो युवक चोरी करते हुए पकड़ाए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम नंदू दास महंत और अंशुल पंजवानी बताया, जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में ले गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि नंदू दास महंत अपने साथियों विशाल गुप्ता और चंदन राय के साथ मिलकर कई दिनों से अस्पताल में लगी ऑक्सीजन पाइप, कॉपर वायर और उपकरणों को काटकर चोरी कर बेच रहा था। चोरी की गई सामग्री को आरोपी दो अलग-अलग फेरीवालों के माध्यम से बेचते और प्राप्त राशि आपस में बांटकर खर्च कर देते थे। पुलिस ने आरोपियों से कुल 2,22,162 मूल्य का भारी सामान बरामद किया, जिसमें 6 बंडल कॉपर पाइप, ऑक्सीजन मेन फोल्ड, ऑक्सीजन आउटलेट, वैक्यूम आउटलेट, ग्लाइडर मशीन, ड्रिल मशीन, 2 बंडल कॉपर वायर, दो सीलिंग फैन और अन्य सामग्री शामिल है। जांच के दौरान फरार आरोपी चंदन राय को भी देर रात गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के मेमोरेंडम पर चोरी में प्रयुक्त स्कूटी, काटे गए तांबे के पाइप, ऑक्सीजन की-बोर्ड, प्लास और करीब 4 किलो तांबे के टुकड़े बरामद किए गए। संगठित रूप से चोरी की वारदात को अंजाम दिए जाने पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 112(2) बीएनएस का भी विस्तार किया है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से संविधान को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल कराने की मांग

**शिवरीनारायण।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद के सेवानिवृत प्राचार्य व वर्तमान में अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार फेडरेशन के राष्ट्रीय संरक्षक स्थानीय निवासी डॉ.ए.आर. बंजारे ने दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय पायनियर में इस आशय का 26.11. 2025 को यह समाचार पढ़ा कि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित मणिपाल विश्वविद्यालय में आयोजित युवाओं के कार्यक्रम में इस बात का आव्हान किया कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जिओ। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में बोली भाषा, खान-पान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान कर रहा है। अतः हर विद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में 'संविधान का अध्ययन' होना चाहिए, यह एक वास्तविक तथ्य है। बिना संविधान पढ़े और समझे हम देश की परिस्थितियों से अनजान बने रह सकते हैं, इसलिए हमने छत्तीसगढ़ की सरकार से यह माँग किया है कि, 'घर-घर संविधान जन-जन संविधान' का अभियान चलाया जावे, इससे भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था की बखूबी जानकारी हो सकेगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की माँग और सुझाव काबिले तारीफ है, इसलिए हम सभी देशवासियों को समर्थन करना चाहिए, ताकि- संविधान के प्रति आमजनों में जागरूकता पैदा हो सके। डॉ. बंजारे ने ओम बिरला को भेजे अपने पत्र की प्रतिलिपियां छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े एवं क्षेत्रीय विधायक शेषराज हरवंश को भी प्रेषित किया हैं ताकि देश की संसद और प्रदेश की विधानसभा में इस मुददे को बेहतरीन ढंग से रखा जा सके तथा डॉ. बंजारे की वह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो सके।

# भारत विद्या मंदिर मल्दा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत भारत विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मल्दा के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कानन पेंडारी बिलासपुर और देवरानी जेठानी मंदिर तालागांव आदि विभिन्न देव स्थल एवं दर्शनीय स्थलों का भारत विद्या मंदिर मल्दा के संचालक दुर्गेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में दर्शन कराया गया है। गौरतलब है कि विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत भारत विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मल्दा के संचालक दुर्गेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में अध्यनरत बच्चों को पूरा स्कूल स्टाफ के साथ शैक्षणिक भ्रमण कराया गया है। विभिन्न दर्शनी एवं देव स्थल का दर्शन करके भारत विद्या मंदिर मल्दा में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान झलक उठे। मनोरम दृश्य को देखकर बच्चे खुशी के मारे गदगद हो गए। इस अवसर पर भारत विद्या मंदिर मल्दा के संचालक- दुर्गेश कुमार कश्यप, प्रधानपाठक - रामअवतार कश्यप, स्टाफ - संतोष कश्यप, भानु कश्यप, आनंद कश्यप, अजय कश्यप, सीताराम यादव, मीनाक्षी कश्यप, नंदनी कश्यप, राजेश्वरी कश्यप, दीप्ति कश्यप आदि के अलावा बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाराद्वार के विद्याभूमि इंग्लिश मीडियम स्कूल में सम्पन्न हुई तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



विद्याभूमि इंग्लिश मीडियम स्कूल, बाराद्वार में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह, जोश और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया, कार्यक्रम की शुरुआत भव्य ओपनिंग सेरेमनी से हुई, जहाँ बच्चों ने मशाल प्रज्वलन कर खेल भावना और एकता का संदेश दिया, इसके बाद बच्चों द्वारा मार्चपास्ट और ऊर्जा से भरपूर पी.टी. ड्रिल प्रस्तुत की गई। तीनों दिनों में विद्यार्थियों ने अनेक खेलों में हिस्सा लिया और विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। कक्षा 5 से 8 के बच्चों ने रोमांचक खो-खो और कबडडी का भी सुंदर प्रदर्शन किया, जिसने भारतीय खेल संस्कृति और टीमवर्क की भावना को उजागर किया।स्पोर्ट्स मीट का समापन सम्मान समारोह के साथ हुआ, जिसमें एस.डी.एम. सक्ती अरुण सोम जी एवं टीआई नरेंद्र यादव जी द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश केडिया तथा समिति सदस्य अभिनंदन केडिया जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के निदेशक शरद केडिया जी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा मन लगाकर पढ़ो, अनुशासन से आगे बढ़ो और अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहो। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# एसआईआरः पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में हुआ बदलाव

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत कार्यक्रम की तिथियों में बदलाव किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार अब 11 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना कार्य किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूचियों का प्रारूप का प्रकाशन तथा 15 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां ली जायेगी। 07 फरवरी 2026 तक सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जायेगा। इसके उपरांत 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण कर प्रपत्रों को वापस एकत्र किया जा चुका है और डिजिटाइजेशन कार्य भी लगभग पूरा होने वाला है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में अब तक 99 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। जिले के मतदाताओं द्वारा अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ, निकटतम निर्वाचन कार्यालय एवं जिला कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित हेल्पडेस्क के नम्बर 9406275535 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही एस.आई.आर. से जुड़े कार्यों हेतु जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर 07755-299049 जारी किया गया है। साथ ही आवश्यक समन्वय और शिकायत समाधान के लिए कंट्रोल रूम एवं संबंधी मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजय सोनी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्म जयंती का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जन्म जयंती का कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि गबेल की गरिमामय उपस्थिति में मनाया गया। जिसमे कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला, एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति द्वारा आयोजित इस जयंती के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम को रश्मि गबेल, कुसुम लता अजगले, शक्ति जिला युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रताप चंद्रा पुरुषोत्तम साहू, पूर्णिमा खूंटे, लकेश्वरी देवा लहरें, नवधा मौरे शाहिद काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जयंती कार्यक्रम का संचालन अयोध्या भारद्वाज और आभार कुसुम यादव ने किया

# रौताही मेले का हुआ शुभारंभः नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल एवं भाजपा अध्यक्ष टिकेश्वर रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के स्टेशन रोड में रौताही मेंले का भव्य आयोजन नगर पालिका परिषद शक्ति के ऊर्जावान अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के आतिथ्य में संपन्न हुआ, इस दौरान विद्वान पंडित भोलाशंकर तिवारी ने पूजा अर्चना करवा कर शुभारंभ का कार्यक्रम संपन्न कराया तो वहीं इस अवसर पर मेंला आयोजन समिति के गुप्ता, श्याम सुंदर अग्रवाल (चूड़ी वाले) सहित अन्य सदस्यों ने आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया, इस दौरान नगर पालिका शक्ति के उपाध्यक्ष भारत यादव एवं नगर पालिका शक्ति के निर्वाचित पार्षद सहित गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, मेले का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका शक्ति के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा की शक्ति शहर में दशकों से रौताही मेले का आयोजन होता रहा है, एवं रोताही मेले में जहां विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन झूले, खेल,तमाशा एवं अन्य राज्यों से मीना बाजार आये हैं, तो वहीं शक्ति शहर की यह पुरानी परंपरा रही है वहीं भाजपा अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने भी मेला आयोजन समिति को धन्यवाद स्थापित किया, साथ ही कहा की शक्ति शहर में ऐसे आयोजन से लोगों का मनोरंजन होता है, तो वही बच्चों के लिए भी यहां विभिन्न प्रकार के झूले, खेल तमाशा आए हुए हैं। उल्लेखित हो की शक्ति का रौताही मेला लगभग 1 महीने तक चलेगा एवं इस मेले को इस वर्ष आकर्षक स्वरूप दिया गया है, तथा स्टेशन रोड में यह मेला स्थापित किया गया है जो की प्रथम दिवस शहर सहित आसपास के लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा एवं हजारों की संख्या में लोगों ने मेले में पहुंचकर इसका आनंद लिया तथा तरह-तरह के व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया, मेला आयोजन समिति द्वारा आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए बहुत सुंदर व्यवस्था की गई है, तथा पूरे मेले में चारों ओर रोशनी की व्यवस्था की गई है तो वहीं मुख्य मार्ग पर मेट बिछाई गई है जिससे धूल इत्यादि की समस्या का सामना न करना पड़े, मेले परिसर में शक्ति थाने के टी लखन पटेल के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी से तैनात देखा गया।

# मनरेगा ने बदली किसान संतोष ध्रुव की किस्मत, 1.58 लाख की डबरी से मछली पालन कर कमाए 01 लाख रुपए

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती देने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड लोरमी के ग्राम नवलपुर के किसान संतोष ध्रुव के जीवन में मनरेगा के माध्यम से बड़ा परिवर्तन आया है। किसान की निजी भूमि पर 1.58 लाख रुपए की लागत से डबरी निर्माण स्वीकृत किया गया था। वर्षों से सिंचाई के अभाव से जूझ रहे संतोष ध्रुव के लिए यह डबरी जीवन बदलने वाला साबित हुई। पहले संतोष ध्रुव वर्षा आधारित खेती पर निर्भर थे, जिससे गर्मियों में खेत सूख जाते थे और उत्पादन में कमी आती थी। अतिरिक्त आय की कोई व्यवस्था नहीं थी। समस्या को देखते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत से डबरी निर्माण की मांग की। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर तकनीकी दल के मार्गदर्शन में पंचायत द्वारा निर्माण कार्य पूरा कराया गया। डबरी तैयार होने के बाद किसान ने वर्षा जल को संरक्षित कर मछली पालन शुरू किया और लगभग 01 लाख रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त की। इसके साथ ही डबरी के मेड़ पर सब्जी उत्पादन भी शुरू किया, जिससे परिवार की सब्जी आवश्यकता घर पर ही पूरी हो रही है। संतोष ध्रुव ने इस पहल के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि हितग्राही मूलक डबरी निर्माण से किसानों को सिंचाई, कृषि और अतिरिक्त आय के अवसर मिल रहे हैं। मनरेगा ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। श्रमिकों को रोजगार के साथ मजदूरी का सीधा लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में ग्रामीण परिवारों की आजीविका में स्थायी सुधार सुनिश्चित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पात्र किसानों को मनरेगा अंतर्गत डबरी, पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड, सूअर शेड और कुआँ जैसी हितग्राही मूलक कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

## जमकर हंगामा, धरमजयगढ़ का मामला
# किसान के साथ धान मंडी में अभद्र व्यवहार

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एक तरफ जिला कलेक्टर कहते हैं कि धान खरीदी केंद्र में किसानों के सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसानों को सारी सुविधा मुहैया करवाया जाएगा वहीं दूसरी तरफ धान मंडी के कर्मचारी किसानों से अभद्र व्यवहार करते हैं ऐसे में किसानों का सरकार पर से भरोसा उठता जा रहा है क्योंकि जिस धान मंडी समिति को किसानों की सुविधा के लिए कार्य करना चाहिए वहीं धान मंडी में मौजूद अधिकारी-कर्मचारी आज किसानों को इस कदर मजबूर कर दे रहे हैं कि किसान कों करीब 100 मीटर की दूरी तक 14 से 15 बोरा धान मजदूर व्यवस्था या स्वयं अपने कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ेगा। मामला आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धर्मजयगढ़ का है यहां मौजूद अनिल सिंह जिन्होंने अपने आप कों जिला नोडल अधिकारी बताया उन्होंने किसान के साथ अभद्र व्यवहार कर दिया जिससे किसानों में भारी आक्रोश पैदा हो गया और उनकी काफी देर तक किसानों से खूब बहस हुई। वही किसानों के सामने अपने अडियल रवैये में जिला नोडल अधिकारी ने नियमों का हवाला देते हुए बड़ी-बड़ी बात तक कह दी।

मामला यह है कि झूलनबर निवासी धनी यादव अपने टोकन पर धान लेकर धरमजयगढ़ मंडी बेचने आया था परंतु उसके धान तौल के बाद जब 14 से 15 बोरी धान अधिक हो गया जो किसान वापस ले जाना चाहता था फिर किसान ने मंडी के कर्मचारी भरत गुप्ता से पूछा तब उन्होंने कहा कि ठीक है आप धान वापस लें जाइए जिसे ले जाने के लिए जब किसान अपना ट्रैक्टर अंदर लाना चाहा तब जिला नोडल अधिकारी ने ऊंचे आवाज में डांट फटकार लगाते किसान से अभद्र व्यवहार कर दिया जो सुन आसपास मौजूद किसानों में आक्रोश पैदा हो गया और उनकी जिला नोडल अधिकारी से खूब बहस हो गई। वहीं किसान ने जब कहा कि मैं 14 से 15 बोरी धान कैसे बाहर लेकर आऊंगा आप तो ट्रैक्टर को जाने ही नहीं दे रहे हैं तब जिला नोडल अधिकारी ने कह दिया कि जैसे ले जाना है ले जाओ। एक तरफ सरकार धान खरीदी को लेकर बड़े-बड़े दावे तो करती है पर दूसरी तरफ ऐसे जमीनी स्तर पर मौजूद कर्मचारी उन दावों पर पानी फेर देते हैं क्या किसी किसान के साथ ऐसा अभद्र व्यवहार करना उचित था अगर नियम यह कहता है कि ट्रैक्टर अंदर नहीं जाएगा तब मंडी में मौजूद जिला नोडल अधिकारी को किसान को यह समझना चाहिए था कि नियम बनाया गया है इसके तहत आप ऐसा नहीं कर सकते, पर ऊंचे स्वर में बात करना और डांट फटकार लगाना क्या यह किसी नियम में लिखा गया है कि किसान से आप ऐसा अभद्र व्यवहार किया जा सकता हैं।

ऐसे में सवाल यहां खड़ा होता है कि क्या ऐसे जिला नोडल अधिकारी पर कलेक्टर व इससे सम्बंधित अधिकारी कोई संज्ञान लेंगे या किसानों को ऐसे ही अपना धान बेचने कों डाट फटकार सुनते मजबूर होते रहना पड़ेगा..?

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**जैजैपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अंतर्गत रात्रि कालीन सर्वे विकासखंड जैजैपुर के नगर पंचायत जैजैपुर सेंटिनल एवं ग्राम काशीगढ़ में रेंडम सर्वे किया गया। जिसमें सेंटिनल साईट 300 स्लाइड एवं रेंडम साईट300 स्लाइड बनाया गया। सेंटिनल साईट में सेक्टर जैजैपुर के कर्मचारीयों एवं रेंडम साईट में सेक्टर- ठठारी के कर्मचारियों द्वारा रात्रि कालीन स्लाइड बनाया गया।उक्त जानकारी हरगोविंद कौशल ने दिया।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है : किरण देव

## अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल के पूरे होने जा रहे कार्यकाल को संकल्पों की सिद्धि और उपलब्धियों का प्रमाणिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 'मोदी की गारंटी' में व्यक्त किया था, वह गारंटी पूरी करके प्रदेश सरकार ने विश्वसनीयता अर्जित की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के दो साल के महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र कर बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजना शुरू होने से अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-26 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 26,27,223 आवासों के विरुद्ध 24,22,571 आवासों की स्वीकृति कर 16,72,002 हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है। आवास निर्माण की गति बढ़ाते हुए लगभग 2,000 आवास प्रतिदिवस निर्माण किया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्के आवास से लाभान्वित किया जा रहा है जिसके तहत अभी तक कुल 33,217 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश के आवासहीन 38,798 परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत के गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैंप की 10 कि.मी. की परिधि में आने वाले गाँवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत 327 गांवों में 13,788 घरों और शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 1.32 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार आवास से आजीविका प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 8000 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह की दीदियाँ सेंटरिंग प्लेट एवं निर्माण सामग्री की आपूर्ति के कार्य से लखपति दीदी बनीं। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र 4500 से अधिक ग्राम पंचायतों में पीएमएवाय-जी के हितग्राहियों की किश्तों का आहरण आसान हुआ है।

## जमीन कारोबारियों का अनोखा प्रदर्शन, वित्त मंत्री के खिलाफ नारेबाजी तेज

**धमतरी।** धमतरी जिले में लागू नई रजिस्ट्री गाइडलाइन के विरोध में जमीन कारोबारी लगातार तीसरे दिन हड़ताल पर रहे। प्रदर्शनकारी कारोबारियों ने वित्त मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गांधी मैदान में कारोबारियों का प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है। कारोबारियों ने भैंस के आगे बीन बजाकर शासन-प्रशासन के खिलाफ अपना अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का यह अनोखा तरीका लोगों का आकर्षण केंद्र बना रहा। कारोबारियों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को दोहराते हुए नई रजिस्ट्री गाइडलाइन दरों को तत्काल कम करने को कहा है। जिले में बढ़ी हुई दरों से भू-अभिलेख और रजिस्ट्री से जुड़े काम ठप पड़ गए हैं तथा कारोबार पर गंभीर असर पड़ा है। प्रदर्शन के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने ओपी चौधरी होश में आओ जैसे नारे लगाते हुए सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की।

# किसको फायदा पहुंचाने गाइडलाइन दर बढ़ाया गया, किसके दबाव में हटाया नहीं जा रहा : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



जमीनों की गाइडलाइन के रेट बेतहाशा बढ़ाने के चौतरफा विरोध के बावजूद सरकार हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के नेता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। सरकार एक मंत्री की जिद में पूरे प्रदेश को परेशान करने पर अड़ी हुई है। जिस फैसले के खिलाफ पूरा जनमानस है, सरकार उसको लागू करने की जिद पर क्यों अड़ी है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मंत्री चौधरी कहते है इससे किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा। कितने किसानों का मुआवजा प्रकरण सरकार के पास पेंडिंग है, 1 प्रतिशत के लिए 99 प्रतिशत को परेशान करना उचित नहीं। यदि किसानों की इतनी ही चिंता है तो मंत्रिमंडल की बैठक करके मुआवजे की दर सरकार 4 गुना से बढ़ाकर 10 गुना कर दे, लेकिन पूरे प्रदेश को परेशान करना बंद करे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य की जनता जानना चाहती है कि किसके फायदे के लिये गाइडलाइन की दर को बढ़ाया गया तथा किसके फायदा के लिये गाइडलाइन संशोधन नहीं किया जा रहा है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ऐसा लगता है सरकार के फैसले जानबूझकर जनता को विशेषकर किसानों और रियल स्टेट से जुड़े हुये लोगों को परेशान करने के लिये, लिये गये है। सरकार के द्वारा जमीन की रजिस्ट्रियों के संबंध में, भूमि के गाईडलाईन के संबंध में सरकार के फैसले जनता के हितों के खिलाफ है। कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार रियल स्टेट सेक्टर देता है, सरकार के इस अनुचित फैसले से छत्तीसगढ़ में रियल स्टेट व्यवसाय की कमर टूट जायेगी।

## मोमोज खाने से 18 बच्चे बीमार, तीन का इलाज जारी

**धमतरी।** धमतरी जिले में मगरलोड क्षेत्र में मोमोज खाने से 18 बच्चों के बीमार पड़ने की मामले सामने आया है। सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोमोज खाने के बाद अलग-अलग ग्रामीण इलाकों–परसवानी, अरोद, सेना भाटा समेत अन्य गांवों में करीब 18 बच्चों की तबियत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सभी बच्चे विभिन्न स्थानों से मोमोज खाकर घर लौटने के कुछ देर बाद ही उनकी तबियत बिगड़ गई। सभी 18 बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। मगरलोड की बीएमओ शारदा ठाकुर ने बताया कि 15 बच्चों की तबियत अब पूरी तरह ठीक है, जबकि तीन बच्चे अभी भी उपचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि तीनों बच्चों की स्थिति भी स्थिर है और चिंता की कोई बात नहीं है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है और मामले की विस्तृत जांच की तैयारी की जा रही है। वहीं, अचानक बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार पड़ने से क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# सांसद खेल महोत्सव जिले में आयोजन की नई तिथि व तैयारियों के लिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन ने सांसद खेल महोत्सव 2025-26 के सफल आयोजन हेतु संशोधित आदेश जारी किया है। कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताएँ राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएँगी। सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन संकुल स्तरीय प्रतियोगिता दो चरणों में कराया जा चुका है। उक्त प्रतियोगिता का तीसरा चरण विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जाएगाा। जिला स्तर पर आवश्यक तैयारी, समन्वय एवं व्यवस्थाओं के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी खेल प्रतिस्पर्धाएँ निर्धारित तिथियों पर सुचारू ढंग से संपन्न होंगी। इनमें 6 दिसम्बर 2025 को राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में खो-खो, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊँची कूद तथा गेंड़ी दौड़, जैसी एकल प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। वहीं 7 दिसम्बर 2025 को कबड्डी तथा वॉलीबॉल की दलीय स्पर्धाएँ संपन्न कराई जाएँगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की आयु वर्गानुसार भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं एवं पुरुषों दोनों वर्गों में 14 से 17 वर्ष, 18 से 20 वर्ष तथा 21 से 24 वर्ष तक के प्रतिभागियों को मौका मिलेगा। सामूहिक खेलों में खिलाड़ियों की संख्या निर्धारित मानदंडों के अनुसार होगी, जबकि एकल खेलों में प्रत्येक खेल से चयनित खिलाड़ियों की संख्या भी घोषित कर दी गई है। जिला प्रशासन ने आयोजन स्थलों पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त खेल का आयोजन राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत क्रीड़ा परिसर मैदान गरियाबंद तथा बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खेल मैदान भाठीगढ़, मैनपुर में किया जाएगा। खिलाड़ियों के आगमन एवं वापसी हेतु परिवहन व्यवस्था का दायित्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। मैदान निर्माण, मार्किंग, स्टेज एवं अन्य खेल-सुविधाओं की तैयारी की जिम्मेदारी जिला शिक्षा विभाग व लोक निर्माण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निभाई जाएगी। विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं पर विजेता एकल खेल अंतर्गत खिलाड़ियों की कुल संख्या 48 तथा सामुहिक खेल वर्ग अंतर्गत खिलाड़ियों की कुल संख्या 176 निर्धारित की गई है।

**विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 6 एवं 7 दिसम्बर को**

# टीम प्रहरी ने अभियान चलाकर 8 बोरी जूता-चप्पल की जब्ती

## नागरिकों को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 4 क्षेत्र में नगर निवेश मुख्यालय उड़न दस्ता और नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा बूढ़ातालाब स्वामी विवेकानंद सरोवर मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर मुख्य मार्ग को जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिकों को सुगम यातायात उपलब्ध करवाने मुक्त करवाने की कार्यवाही कर नागरिकों को यातायात जाम की समस्या से त्वरित राहत दिलवाई और अभियान के अंतर्गत लगभग 8 बोरी जूता-चप्पल की जप्ती करने की कार्यवाही जनहित में व्यवस्था सुधार हेतु नगर निवेशक आभाष मिश्रा और जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में की गयी।

# छग में महिलाओं में हो रहे ब्रेस्ट कैंसर पर हुआ कार्यशाला हेल्थ पर खुलकर हुई बातचीत

## 800 ग्रामीण महिलाओं को मिली 'हग ऑफ लाइफ' किट

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com




महिलाओं में ब्रेस्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के महत्व को समझाने के लिए, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी पहल थैंक्स-अ-डॉट के तहत प्रदान एनजीओ के साथ मिलकर कांकेर, छत्तीसगढ़ में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस पहल का उददेश्य महिलाओं को सरल तरीके से सेल्फ-ब्रेस्ट एग्ज़ाम सिखाना और ऐसे शुरुआती संकेतों के बारे में बताना है, जिनसे ब्रेस्ट कैंसर को समय रहते पहचाना जा सके। व्यवहार में बदलाव लाने की इस पहल के तहत, थैंक्स-ए-डॉट 'हग ऑफ लाइफ' हॉट वॉटर बैग महिलाओं को दिया गया। यह एक ऐसा उपकरण है, जो महिलाओं को स्पर्श के ज़रिए किसी भी असामान्य गांठ को पहचानने की आदत विकसित करने में मदद करता है। यह हॉट वॉटर बैग कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर (आईएएस, ज़िला कलेक्टर, कांकेर) और रविंद्र शर्मा (चीफ़- ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस) ने वितरित किया। इनके साथ मनोज कुमार (स्टेट लीड - प्रदान), हरेश मंडावी (सीईओ ज़िला पंचायत, कांकेर), डॉ. आर. सी. ठाकुर (मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, कांकेर), डॉ. भावना सिरोही (सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और मेडिकल डायरेक्टर, बाल्को मेडिकल सेंटर- नया रायपुर) समेत कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। सभी की भागीदारी ने यह संदेश मजबूत किया कि महिलाओं की सेहत को सुरक्षित रखना और समुदायों को शुरुआती जांच के लिए ज़रूरी।

# तेंदुवा नवापारा में सात दिवसीय सफल और अनुशासित एनएसएस शिविर संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत सात दिवसीय एनएसएस कैंप बेमेतरा जिले के ग्राम तेंदुवा नवापारा (खम्हरिया) में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना से की गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने सात दिवसीय एनएसएस शिविर के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि शिविर की दिनचर्या में जागरण एवं नित्यकर्म, योग सत्र, पी.टी. परेड, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, ग्राम संपर्क, स्वयंसेवकों की बैठक एवं समीक्षा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मूल्यांकन सहित सभी गतिविधियाँ प्रभावी रूप से संपन्न हुईं। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जाना एक सराहनीय निर्णय है। गाँव को सुंदर स्वरूप देने का कार्य तभी सफल हो सकता है जब सामाजिक और प्राकृतिक परिवेश में निखार लाने की पहल स्वयं गाँव के लोगों द्वारा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत बेमेतरा के उपाध्यक्ष बलराम पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि समाधान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों ने योग, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नशा मुक्ति तथा छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े सुआ नृत्य,बस्तरिया नृत्य व बारहमासी नृत्य के माध्यम से महत्वपूर्ण जन-जागरूकता संदेश दिए हैं। शिविर में बताए गए दिशानिर्देशों को अपनाते हुए गांव को संवारने की जिम्मेदारी सभी ग्रामवासियों की है। अगले विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस प्रचारक राजकुमार महंत सारंगढ़ से रहे। उन्होंने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही प्रातःकाल उठने की परंपरा रही है, जो स्वास्थ्य, अनुशासन और जीवनशैली को संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व, कृतित्व, नेतृत्व, समझदारी और समर्पण जैसे गुण किसी भी व्यक्ति के संपूर्ण विकास की बुनियाद होते हैं। एनएसएस इकाई का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जन्म से मृत्यु तक एक व्यक्ति को लगभग 428 पेड़ों की आवश्यकता होती है, जिसे समझते हुए पर्यावरण संरक्षण को गंभीरता से अपनाना आवश्यक है। शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा के एनएसएस अधिकारी जितेंद्र बार्ले ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य विषय नशा मुक्त भारत, स्वच्छता तथा वायु को शुद्ध रखने हेतु पौधारोपण को प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए प्रेरणादायी संदेशों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब ग्रामवासियों की है, ताकि इन पहलों का वास्तविक प्रभाव गांव के स्तर पर दिखाई दे सके। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। छात्र देवांश ने कहा कि यहां की प्रतिदिन की दिनचर्या के अनुसार सामाजिक कार्य,उत्तरदायित्व निभाने एवं सभी के साथ मिलकर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# रायपुर को और बेहतर बनाने की दिशा में युवाओं की आवाज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर एक उभरता हुआ स्मार्ट सिटी है, जहाँ हर दिन विकास की नई कहानियाँ लिखी जा रही हैं। लेकिन शहर की प्रगति तभी सफल मानी जाएगी, जब उसकी सुविधाएँ, सेवाएँ और व्यवस्था हर नागरिक की उम्मीदों पर खरी उतरें। इसी सोच के साथ हम एक्सआईएम यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के तीन इंटर्न्स रायपुर नगर निगम की सेवाओं पर कॉलेज छात्रों की राय जानने के मिशन में जुटे। इन्होने रायपुर के विभिन्न कॉलेज परिसरों में जाकर विद्यार्थियों से बात की, कि वे अपने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को कैसे देखते हैं? पानी, सड़क, पार्क, सफर और अन्य नगर निगम सेवाओं से कितने संतुष्ट हैं? और सबसे महत्वपूर्ण वे खुद इस सुधार की प्रक्रिया में कैसे भागीदार बनना चाहते हैं? युवा पीढ़ी हर बदलाव की असली ताकत होती है। इसीलिए इनका उद्देश्य सिर्फ सर्वे करना नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी था कि छात्रों की सोच, सुझाव और शिकायतें सीधे उन तक पहुँचें जो शहर के विकास में भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने बेहद सक्रिय रूप से हिस्सा लिया, खुले मन से अपने अनुभव साझा किए, कई रचनात्मक और उपयोगी सुझाव दिए और यह भी बताया कि शहर को और स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाने में वे क्या योगदान दे सकते हैं। हर शहर की असली पहचान उसकी नागरिक चेतना में होती है और रायपुर के युवाओं ने यह साबित कर दिया कि वे न सिर्फ जागरूक हैं, बल्कि बदलाव लाने के लिए तैयार भी हैं।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि किर्तन साहु पिता वशिष्ठ जाति तेली निवासी ग्राम तोषगांव तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सानपंधी दिनांक 14.06.2007 को आवेदक के दीदी-राधिक बाई की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 08/12/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्रमांक/579/क/वाचक/तह./2025**
**सरायपाली, दिनांक / /2025**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलिप पिता अभय सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 05/12/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**

# नगर निगम निवेश विभाग ने 3 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर लगायी रोक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला के नेतृत्व एवं सहायक अभियंता सुशील अहीर योगेश यदु, उपअभियंता अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में नगर निगम जोन 10 क्षेत्र अत्तर्गत राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 अंतर्गत अमलीडीह पुलिस कालोनी जाने वाले मार्ग पर पेट्रोल पंप के बाजू में लगभग 3 एकड निजी भूमि पर अवैध निर्माण कर दीवाल और अवैध मुरूम मार्ग बनाकर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल स्थल पर पहुंचकर श्रीडी मशीन की सहायता से अभियान चलाकर अवैध मुरूम काटकर और अवैध दीवाल तोडकर वहां जाने का मार्ग अवरूद्ध करते हुए अवैध प्लाटिंग पर कारगर रोक लगायी। आयुक्त विश्वदीप ने नगर निवेशक आभास मिश्रा और जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे को उक्त लगभग 3 एकड निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंगकर्ता की जानकारी तत्काल तहसीलदार रायपुर से मगाकर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही करने अवैध प्लाटिंगकर्ता के खिलाफ नामजद एफआईआर संबंधित पुलिस थाना में दर्ज करवाने और अधिनियम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए सबंधित भूमि का प्रबंध, अधिग्रहण करने की कार्यवाही करने आदेशित किया है।

## डॉ भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर के सामने स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष उनका सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

**(Call-2nd Call)**

NIT NO : 1321 RAIPUR — DATED : 03/12/2025

Online bids are invited for the following works up to 19/12/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable Amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 181082 | जोन क्रमांक 06 के अंतर्गत लोक कर्म विभाग में कार्य करने हेतु 11 अकुशल, 4 कुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य। | 2501580.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government from the Government of Chhattisgarh-Procurement e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in **from 03/12/2025, 17.30 Hours (IST)** on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

**NOTE :-**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.erpoc@cgswan.gov.in**

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**ZONE COMMISSIONER**
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**GODAWARI BASIN, JAGDALPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

**e-Procurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

**(First Call)**

**System Tender No. 180908 / NIT No.: 33/SAC/25-26 Dated : 03.12.2025**

**Online Tenders are invited for the following work up to 24.12.2025 at 17.30 Hours.**

**Name of work - Construction of Retaining Wall and Filling Work at Right Bank of Bagod Anicut under Flood Protection Work in District Kanker.**

Probable Amount of Contract :- **Rs. 427.63 Lakhs**

**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 10.12.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Prequalification Certificates issued by Water Resources Department whose validity is upto 30.09.2026 is applicable in this tender.

**Executive Engineer**
**Water Resources Division Kanker**
**for, Chief Engineer, Godawari Basin**
**Jagdalpur (C.G.)**

**G-252605235/7**

# आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर ने आईएसएकॉन 2025 के तहत हाई-रिस्क ऑब्स्टेट्रिक्स वर्कशॉप का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईएलएस हॉस्पिटल्स, रायपुर ने इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स की 72वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस आईएसएकॉन 2025 के अंतर्गत आयोजित हाई-रिस्क ऑब्स्टेट्रिक्स वर्कशॉप की सफल मेजबानी की। यह वर्कशॉप सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें देशभर से आए एनेस्थीसिया, स्त्री-रोग, क्रिटिकल केयर एवं अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। वर्कशॉप में हाई-रिस्क गर्भावस्था के प्रबंधन, नवीनतम तकनीकों, प्रमुख चुनौतियों और क्लिनिकल बेस्ट प्रैक्टिसेज पर उन्नत प्रशिक्षण, व्याख्यान एवं व्यावहारिक अभ्यास सत्र आयोजित किए गए। वर्कशॉप नेतृत्व टीम डायरेक्टर डॉ. सुनील पांड्या, स्पेशलिस्ट एक्सपर्ट डॉ. अंजू ग्रेवाल, कोऑर्डिनेटर्स डॉ. सोनल बजपेयी, डॉ. अभिनव शुक्ला, डॉ. मनीषा शर्मा थे। इस अवसर पर ग्रुप सीओओ ने कहा कि आईएलएस हॉस्पिटल्स लगातार ऐसे शैक्षणिक और पेशेवर कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम तकनीकों, ज्ञान और क्लिनिकल अपडेट्स अधिक से अधिक विशेषज्ञों तक पहुँच सकें। वर्कशॉप में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए फैकल्टी सदस्यों ने एनेस्थीसिया सेफ्टी, मातृ जोखिम प्रबंधन, इमरजेंसी प्रिपरेशन, सिमुलेशन-आधारित प्रशिक्षण और मल्टी-डिसिप्लिनरी कोलैबोरेशन पर आधारित इंटरैक्टिव एवं हैंड्स-ऑन सत्रों का संचालन किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक सहयोग मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करते हैं तथा सुरक्षित मातृ-परिणामों को बढ़ावा देते हैं। आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर ने आईएसएकॉन 2025 के महत्वपूर्ण अकादमिक कार्यक्रम के लिए संस्थान को प्रमुख स्थल चुनने हेतु इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स का आभार व्यक्त किया। अस्पताल ने उच्च गुणवत्ता वाली प्रोटोकॉल-आधारित मातृत्व देखभाल, उन्नत एनेस्थीसिया सेवाओं और सतत चिकित्सा शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अस्पताल के अत्याधुनिक लेबर-डिलीवरी सूट, विशेष हाई-रिस्क ऑब्स्टेट्रिक्स यूनिट, 24*7 क्रिटिकल केयर सपोर्ट और समर्पित मल्टी-डिसिप्लिनरी मातृत्व टीम, आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर को जटिल गर्भावस्थाओं और आपात प्रसूति सेवाओं के लिए क्षेत्र का प्रमुख उत्कृष्ट केंद्र बनाती हैं। वर्कशॉप में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स, स्त्री-रोग विशेषज्ञों, रेज़िडेंट डॉक्टरों और क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट्स की प्रभावशाली सहभागिता रही।

# कोटक म्यूचुअल फंड एनुअल आउटलुक 2026 : स्ट्रक्चरल ट्रेंड के चलते बढ़ेगी कंपनियों की कमाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। इस रिपोर्ट में आने वाले साल में भारत की आर्थिक स्थिति और उन अहम निवेश थीम पर विस्तार से जानकारी दी गई है, जो वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट में शेयर बाजार, फिक्स्ड इनकम और थीमेटिक सेक्टर्स में मौजूद अवसरों की बात की गई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू ट्रेंड्स को समझने पर जोर दिया गया है, जिन पर निवेशकों को नजर रखनी चाहिए। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि, वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी से मिलने वाला रिटर्न कंपनियों की कमाई में बढ़ोतरी पर निर्भर रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय कंपनियां वित्त वर्ष 2027 में डबल डिजिट की मजबूत अर्निंग दिखाएंगी। इसी मजबूती के कारण विदेशी निवेशक भारत में निवेश बढ़ा सकते हैं, जिससे बाजार में लिक्विडिटी (तरलता) बनी रहेगी। उनका कहना है कि, मिड कैप शेयरों के लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की संभावना है, हालांकि यह बढ़त बहुत ज्यादा नहीं हो सकती। सोने और चांदी में भी बढ़त की संभावना है, क्योंकि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक इनकी खरीद जारी रख रहे हैं। निवेशकों को सलाह है कि वे अपने रिटर्न की उम्मीदें थोड़ी संयमित रखें और बाजार में बदलावों से निपटने के लिए एक संतुलित और डाइवर्सिफाइड निवेश रणनीति अपनाएं। कर्ज (लोन) देने की गति फिर से बढ़ने लगी है, जिससे पता चलता है कि बैंक और वित्तीय संस्थान फिर से सक्रिय रूप से लोन दे रहे हैं। इसका असर क्रेडिट-टू-डिपॉजिट रेश्यो में दिखाई देता है, जो अब बढ़ रहा है। मजबूत फंडामेंटल और बेहतर कैपिटल एडेक्वेसी (पूंजी की मजबूती) के कारण कर्ज की बढ़त हेल्दी लेवल पर है। सेक्टर के रिटर्न रेश्यो भी अच्छे हैं, इसलिए यह लंबे समय के निवेशकों के लिए आकर्षक बन रहा है। इसके अलावा, कर्ज और डिपॉजिट की बढ़त के बीच का अंतर कम होने से बैंकों के मार्जिन पर दबाव भी कम हो सकता है और मुनाफा बेहतर रह सकता है।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय भारत सरकार द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय भारत सरकार द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में शामिल हुआ। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। इसके अंतर्गत चयनित औद्योगिक इकाइयों द्वारा निर्धारित विवरणी भरकर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय को प्रस्तुत की जाती है। इन औद्योगिक इकाइयों एवं संगठनों को वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के महत्व एवं नीति निर्माण में इसकी उपयोगिता के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने, एएसआई और सीपीआईएक्स के तहत डेटा कलेक्शन की समयसीमा तथा गुणवत्ता की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उद्योग संगठन को एएसआई और सीएपीईएक्स सर्वे के लिए सहयोग देने की जरूरत के बारे में जागरूक करने तथा औद्योगिक इकाइयों द्वारा वेब पोर्टल पर वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण विवरणी स्वयं कंपाइल करने के संबंध में प्रेरित करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर ने की। कार्यक्रम में उपस्थित औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों का स्वागत अग्रवाल सचिता राकेश, उप निदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर द्वारा किया गया तथा गोलमेज सम्मेलन आयोजित करने के उद्देश्य के संबंध में सूचित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सचिता राकेश, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, ऋषभ सिंह श्याम, सहायक निदेशक, बिलासपुर, प्रखर गुप्ता, सहायक निदेशक, अंबिकापुर, लोकेश चंद्रकांत जैन चेंबर उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अल्ताफ हुसैन हाजी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा प्रति वर्ष यह सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। इसके अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों से संदर्भ अवधि के दौरान पूंजी, टर्न ओवर, मूल्य वर्धन, ईंधन व कच्चा माल तथा इनपुट-आउटपुट आदि से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संग्रहित किए जाते हैं।

# रिटेल निवेशकों को निफ्टी 50 इंडेक्स से जुड़े भारतीय शेयर बाज़ार में निवेश के अवसर दे रहा स्बेरबैंक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड 'फर्स्ट-इंडिया' लॉन्च किया है। यह फंड भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी50 (एनएसईआई) पर आधारित है, जिसमें देश की टॉप 50 कंपनियों के शेयर्स शामिल होते हैं। इस फंड के जरिए रूस के रिटेल निवेशकों को भारत के शेयर बाज़ार में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का मौका मिलेगा। यह लॉन्च एनएसई में आयोजित एक कार्यक्रम में स्बेरबैंक के सीईओ और एग्जीक्यूटिव बोर्ड के चेयरमैन हरमन ग्रेफ द्वारा उनकी भारत यात्रा के दौरान किया गया। निफ्टी50 दुनिया भर के बाज़ार निवेशकों में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इक्विटी इंडेक्स में से एक है। इसमें एनएसई में सूचीबद्ध 50 बड़ी और बेहद सक्रिय कंपनियों के शेयर्स शामिल हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के 15 अलग-अलग सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत में निफ्टी 50 को ट्रैक करने वाले 45 से ज्यादा पैसिव फंड्स मौजूद हैं, जबकि भारत के बाहर ऐसे 22 पैसिव फंड्स ही चलते हैं। निफ्टी 50 इंडेक्स साल 1996 में शुरू हुआ था और 22 अप्रैल, 2026 को इसके 30 साल पूर्ण हो जाएँगे। अशीष कुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई, ने कहा हमें खुशी है कि हम स्बेरबैंक को निफ्टी50 से जुड़े इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन्स लॉन्च करने में सहयोग दे रहे हैं, जो पूँजी के प्रवाह को मजबूत करेंगे और रूस के निवेशकों के लिए भारत की इक्विटी ग्रोथ को एक भरोसेमंद बेंचमार्क के जरिए खोलेंगे। यह पहल भारत के बाज़ारों में मजबूत विश्वास को दर्शाती है और भारत एवं रूस की वित्तीय साझेदारी को और गहरा बनाती है।

# अमेजन.इन ने 'सीजन ऑफ गिफ्टिंग एंड जॉय' की शुरुआत करते हुए हॉलिडे टॉय लिस्ट स्टोर किया लॉन्च

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन.इन ने 2025 हॉलीडे टॉय लिस्ट की घोषणा कर दी है, जिसे त्योहारों के दौरान खिलौने खरीदने के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में पेश किया गया है। इस बड़ी रेंज में 10 लाख से अधिक खिलौनों के कलेक्शन से चुनी गई 10,000 से ज़्यादा खास डील्स शामिल हैं। इसमें स्किलमैटिक्स, लेगो, बार्बी, हॉट व्हील्स, नर्फ़, फनस्कूल और मैटल गेम्स जैसे बड़े ब्रांडों के उत्पाद मौजूद हैं। हॉलीडे टॉय लिस्ट में बिल्डिंग सेट्स, बोर्ड गेम्स, एजुकेशनल टॉयज, रिमोट-कंट्रोल व्हीकल्स, डॉल्स, पजल्स और कई अन्य विकल्प शामिल हैं, जो टोडलर्स, जूनियर्स, टीन्स और बड़ों, सभी के लिए उपयुक्त हैं। प्राइम मेंबर्स को छुट्टियों के व्यस्त सीजन में भी सेम-डे और नेक्स्ट-डे डिलीवरी मुफ्त मिलती है, साथ ही नई लॉन्चिंग और लिमिटेड-एडिशन कलेक्टिबल्स पर विशेष शुरुआती एक्सेस भी मिलता है। हॉलीडे टॉय लिस्ट में रोमांचक नए कैरेक्टर कलेक्शंस को पेश किया गया है, जिनमें स्पंजबॉब, डोरेमॉन, हेलो किटी, स्मर्फ्स, लेगो वेडनेसडे और फॉर्मूला 1 कलेक्टिबल्स, इनसाइड आउट, लिलो एंड स्टिच शामिल हैं, साथ ही लंबे समय से पसंद किए जाने वाले फ्रेंचाइज़ेस जैसे मार्वल, डिज़्नी फ्रोजन, स्टार वार्स, हैरी पॉटर, ट्रांसफॉर्मर्स, पोकेमॉन, पेप्पा पिग और पाव पेट्रोल भी शामिल हैं। इसमें सभी उम्र के लिए एक्शन फिगर्स, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, एजुकेशनल टॉयज, पार्टी सप्लाईज और आउटडोर प्ले इक्विपमेंट के लिए समर्पित सेक्शन्स मौजूद हैं। यह इवेंट 25 दिसंबर 2025 तक लाइव रहेगा।

# अमेजन करेगी भारत के एआई मिशन में सहयोगः सुगमता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश को मिलेगी रफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेज़न ने घोषणा की कि वह 2030 तक भारत के करोड़ों लोगों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को पहुंचाने की योजना बना रही है, जिससे भारत सरकार के एआई मिशन को सुलभता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे में 12.7 अरब डॉलर का निवेश करने की दिशा में अग्रसर है और अपने विभिन्न व्यवसायों के ज़रिये 1.5 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों तक एआई के लाभ पहुंचाएगी। अमेज़न ने वर्ष 2030 तक सरकारी-विद्यालयों के 40 लाख छात्रों को एआई साक्षरता और करियर जागरूकता प्रदान करने का भी संकल्प लिया है। कंपनी अमेज़न.इन पर करोड़ों ग्राहकों के लिए खरीदारी को और अधिक सरल तथा आकर्षक बनाने के लिए एआई का उपयोग जारी रखेगी। अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में भारत में समान अवसर प्रदान करने की क्षमता है। यह भाषा, साक्षरता और पहुंच की कमी जैसी सभी बाधाओं को दूर करता जिनकी वजह से लोग सामाजिक रूप से उपेक्षित रहे। जब कोई छोटा व्यवसायी किसी कस्बाई शहर में बैठकर कुछ ही मिनटों में एआई की मदद से पेशेवर उत्पाद-विवरण तैयार कर लेता है, या किसी सरकारी विद्यालय का छात्र ऐसे कौशल सीखता है जो नए करियर के अवसर खोल दे, या कोई ग्राहक बिना टाइप किए अपनी स्थानीय भाषा में खरीदारी कर पाता है तो इसका मतलब है कि प्रौद्योगिकी वास्तव में सभी के लिए कारगर है। हम बड़े स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुनियादी ढांचा और टूल तैयार कर रहे हैं क्योंकि हमारा विश्वास है कि हर भारतीय को इस परिवर्तन का लाभ मिलना चाहिए।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नवंबर 2025 में 5.91 लाख यूनिट्स की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नवंबर 2025 में कुल 5,91,136 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें घरेलू बिक्री में 5,33,645 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 57,491 यूनिट्स शामिल हैं। एचएमएसआई ने नवंबर 2024 की तुलना में 25% साल-दर-साल ग्रोथ दर्ज की। एफवाय-26 (अप्रैल-नवंबर 2025) की येर-टू-डेट अवधि में, एचएमएसआई ने कुल 42,32,748 यूनिट्स की बिक्री रिकॉर्ड की, जिसमें घरेलू बिक्री में 38,12,096 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 4,20,652 यूनिट्स शामिल हैं। एचएमएसआई ने रोड सेफ्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखते हुए पूरे देश में नागपुर, नासिक, खम्मम, द्वारका, बोकारो, हल्द्वानी, करनाल, बहादुरगढ़, बीकानेर, कूच बिहार, शाजापुर, थेनी और बेलगाम सहित कई शहरों में जागरूकता अभियान आयोजित किए। इन अभियानों के जरिए इंटरएक्टिव लर्निंग के माध्यम से जिम्मेदार रोड व्यवहार को प्रोत्साहित किया गया। एचएमएसआई ने बच्चों का माह भी मनायाः एचएमएसआई ने अपने सभी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स, 10 ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क्स और 6 सेफ्टी ड्राइविंग एजुकेशन सेंटर्स में किड्स कार्निवल आयोजित किया। जर्नी थ्रु ट्रैफिक लैंड थीम वाले इस अभियान का उददेश्य बच्चों के लिए रोड सेफ्टी सीखने को मज़ेदार और इंटरएक्टिव बनाना था, साथ ही उन्हें छोटी उम्र से ही सुरक्षित आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इसके अलावा, एचएमएसआई ने कोयम्बटूर और वाराणसी में रोड सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित किया, जिसमें प्रिंसिपल और शिक्षकों को बच्चों में छोटी उम्र से ही रोड सेफ्टी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का 'मिडनाईट कार्निवल' शुरू हुआ, ग्राहकों को जश्न में शामिल होने का दिया निमंत्रण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने पूरे देश में अपना मिडनाईट कार्निवल शुरू किया है। यह कार्निवल 5 से 7 दिसंबर, 2025 तक एमजी की संपूर्ण वाहन श्रृंखला के लिए है। इस कार्निवल के दौरान सभी एमजी शोरूम तीन दिनों के लिए आधी रात तक खुले रहेंगे, ताकि ग्राहकों को अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ डीलरशिप पर आकर एमजी वाहन खरीदने के लिए ज्यादा सुविधा और समय मिल सके। यहाँ पर उन्हें बिल्कुल जश्न और त्योहार जैसा अनुभव प्राप्त होगा। मिडनाईट कार्निवल से इनोवेशन और यादगार ओनरशिप अनुभवों के साथ ग्राहकों पर केंद्रित रहने की जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। शोरूम के खुले रहने का समय बढ़ाकर और डीलरशिप में दिलचस्प गतिविधियाँ पेश करके इस ब्रांड का उददेश्य कार की खरीददारी के अनुभव को एक खुशनुमा और परिवारों के अनुकूल जश्न में तब्दील करना है। इस बारे में, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विनय रैना ने कहा, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया में हम बेहतरीन अनुभवों के लिए कारों से आगे बढ़कर सेवाएं देने में यकीन रखते हैं। यह साल हमारे ब्रांड में ग्राहकों के विश्वास और प्यार का प्रमाण है। मिडनाईट कार्निवल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मिडनाईट कार्निवल के दौरान शुरू हुआ हर नया सफर हमारी ओर से एक विशेष उपहार के साथ यहाँ से जाए। इसके माध्यम से हम अपने बढ़ते हुए समुदाय को धन्यवाद कहना और खुशी फैलाना चाहते हैं। मिडनाईट कार्निवल के अंतर्गत, ग्राहकों को 11 करोड़ रुपये तक के निश्चित उपहार मिलेंगे।

# इंडिया मारुति सुज़ुकी के साथ इलेक्ट्रिक हो रहा है; एक भारत, एक ईवी प्लेटफॉर्म




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (मारुति सुज़ुकी) ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा, मारुति सुज़ुकी में, हम अपने ग्राहकों को सुखद ओनरशिप का अनुभव देने का प्रयास करते हैं ताकि कंपनी पर उनका भरोसा लम्बे समय तक बना रहे। हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुज़ुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है। सुज़ुकी की वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, हम कई ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं और इसे समर्थन देने के लिए हमारे डीलर और सीपीओ पार्टनर्स के साथ हमारा लक्ष्य 2030 तक पूरे भारत में 1 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स का नेटवर्क स्थापित करना है।

# मिंत्रा की प्रमुख फैशन ईवेंट एंड ऑफ रीजन सेल का 23वां संस्करण 5 दिसंबर से शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल डेस्टिनेशन, मिंत्रा की प्रमुख फैशन ईवेंट, एंड ऑफ रीज़न सेल का 23वां संस्करण 5 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसमें 10,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और स्वदेशी ब्रांड्स के 6 मिलियन से ज्यादा स्टाईल्स उपलब्ध होंगे। इस बार ईओआरएस में ग्राहकों को हाई-क्वालिटी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल कलेक्शन प्राईस क्रैश अभियान के अंतर्गत बेहतरीन मूल्यों में प्राप्त होगा। 23वें ईओआरएस के बारे में भरत कुमार हेड ऑफ रेवेन्यू एंड ग्रोथ, मिंत्रा ने कहा ईओआरएस भारत के फैशन कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण समय है। हमें खुशी है कि ईओआरएस-23 के दौरान हम ग्राहकों के लिए ट्रेंड-फॉरवर्ड स्टाईल के विस्तृत कलेक्शन असाधारण मूल्यों में लेकर आए हैं। इस एडिशन में कई नए लॉन्च और बेहतरीन सीज़नल कलेक्शन के साथ शॉपिंग का शानदार अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही हाईपर-स्पीड डिलीवरी और टेक पर आधारित दिलचस्प फॉर्मेट ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाएंगे। शादियों, ईयर-एंड जश्न, सर्दियों, यात्राओं और गिफ्टिंग की तैयारी करने वाले ग्राहकों को ईओआरएस-23 में उचित मूल्य में बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध होगा, ताकि हर शॉपर को अपनी जरूरत के अनुरूप सबसे बेहतर प्रोडक्ट मिल सके। मिंत्रा के विशेष समुदाय को ईओआरएस-23 की आकर्षक डील वीआईपी-ओनली स्पेशल ऑफर, समर्पित वीआईपी वीकेंड बेनेफिट्स और अतिरिक्त लाभों के साथ प्राप्त होंगी। शॉपर्स तेजी से डिलीवरी पाना पसंद करते हैं, इसलिए मिंत्रा इस बार ईओआरएस के दौरान ग्राहकों को उनके ऑर्डर ज्यादा से ज्यादा तेजी से पहुँचाने वाला है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को आईपीओ के लिए सेबी से अंतिम मंजूरी मिली

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुंबई स्थित आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को पूँजी बाजार नियामक सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से इसके इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 8 जुलाई, को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। यह आईपीओ प्रमोटर- प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर फॉर सेल के रूप में होगा। डीआरएचपी जमा करने की तारीख तक कंपनी का सब्सक्राइब्ड और पेड-अप शेयर कैपिटल 17,652,090 इक्विटी शेयर था। इसकी फेस वैल्यू 1 रुपए है। प्रस्तावित बोनस इश्यू पूरा होने के बाद कंपनी की जारी, सब्सक्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 176,520,900 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 494,258,520 इक्विटी शेयर हो जाएगी। प्रस्तावित बोनस इश्यू होने के बाद (यदि होता है), तो प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर किए जाने वाले शेयरों की संख्या अधिकतम 49,425,852 इक्विटी शेयर होगी। हर शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपए ही रहेगी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, आईसीआईसीआई बैंक और प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड का जॉइंट वेंचर है, जो 1998 से चल रहा है। यह कंपनी म्यूचुअल फंड के सक्रिय क्वार्टरली एवरेज एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (क्यूएएयूएम) के आधार पर भारत की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 31 मार्च, 2025 तक 13.3% है। 31 मार्च, 2025 तक कंपनी का कुल म्यूचुअल फंड क्यूएएयूएम 8,79,410 करोड़ रुपए था।

# चमत्कार जैसी सर्जरीः नस-नस जोड़कर बचाई उंगली, मरीज लौटा सामान्य जीवन में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री नारायणा हॉस्पिटल के प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ नीरज पांडे ने दुर्घटना में कटी हुई ऊँगली को सुपर माइक्रो वैस्कुलर सर्जरी द्वारा सफलतापूर्वक जोड़कर पूर्व की भांति, पूरी तरह से काम करने लायक बना दिया, जिससे मरीज की उंगली, रोजगार और भविष्य तीनों ही बच गए। 45 वार्षिक एक श्रमिक के दाहिने हाथ की इंडेक्स फिंगर अचानक कटर मशीन में फंसकर पूरी तरह कट कर हाथ से अलग हो गई, तेज खून बह रहा था, दर्द और घबराहट के बीच परिवार को लगा कि अब तो मरीज की रोजी-मजदूरी भी छिन जाएगी, लेकिन उन्होने सूझ-बूझ दिखाते हुए कटी हुई उंगली को पहले पॉलिथीन में अच्छी तरह से लपेटकर पैक किया और फिर बर्फ में प्रिजर्व करके तुरंत ही श्री नारायणा हॉस्पिटल पहुंचे, जहां पर डॉ. नीरज पांडे ने सबसे पहले तो उसके हाथ का खून बहना रोका और उसे तुरंत ही ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया जहां सामान्य एनेस्थीसिया देने के उपरांत एक्सरे की मदद से चोट की सटीक जगह का पता लगाकर के - वायर से उंगली की हडडी का प्रॉपर फिक्सेशन किया और फिर फ्लेक्सर और एक्सटेंशर टेंडन को जोड़ा ताकि उंगली दोबारा मुड़ या सीधी हो सके, इसके बाद 0.3 से 1.0 मिलीमीटर व्यास वाली सूक्ष्म धमनियों और शिराओं को मैग्नीफाइंग माइक्रोस्कोप के नीचे बाल से भी पतले टाँके लगाकर जोड़ा और अंत में डिस्टल नर्व की सुपर माइक्रो वैस्कुलर रिपेयर सर्जरी की ताकि खून का संचार सफलतापूर्वक पुनः शुरू हो सके, करीब 6 घंटे चली इस जटिल सर्जरी के बाद उंगली में गर्माहट और रंगत लौटने लगी, ऑपरेशन के पश्चात् मरीज को 3 सप्ताह तक आईसीयू में रखकर उसकी सतत निगरानी की गई, खून के थक्के ना बनने देने के लिए उसे एंटीकोएगुलेंट दवाइयां, एंटीबायोटिक्स तथा ड्रेसिंग बदलने का विशेष प्रोटोकॉल अपनाया गया, जब घाव भरने लगे तो उसकी फिजियोथैरेपी शुरू की गई, कुछ ही हफ्तों में मरीज अपनी कटी उंगली से हल्के वाले काम करने लगा और तीन-चार माह बाद अपने नियमित काम पर लौट आया और उसे लगने लगा कि अब जिंदगी लौटकर आ गई है वापस पटरी पर।

# कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एलुमनी मीट आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एलुमनी मीट का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सन् 2008 से 2021 तक के बैचों के पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस एलुमनी मीट में लगभग 400 पूर्व विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिससे यह आयोजन अत्यंत यादगार बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी पूर्व विद्यार्थियों के हार्दिक स्वागत से हुई। इसके पश्चात् संस्था द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के प्राचार्यगण एवं प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, जिसके साथ माँ सरस्वती की वंदना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष किशोर जादवानी, उपाध्यक्ष विजय जादवानी, तथा सचिव हरजीत सिंह हूरा ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने संस्थान की प्रेरणादायक यात्रा, भविष्य की विकास रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा सभी पूर्व विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात् कोलंबिया इंस्टिट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. एस.के. मौलिक ने भी संस्थान की निरंतर प्रगति एवं उन्नति के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन के सुनहरे पल, करियर अनुभव, व्यक्तिगत विकास की कहानियाँ और यादगार क्षण साझा किए। कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बनाने हेतु सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं सहभागितापूर्ण खेल भी आयोजित किए गए। यह अत्यंत गौरव की बात थी कि कई पूर्व विद्यार्थी प्रतिष्ठित संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं, अनेक सरकारी सेवाओं में योगदान दे रहे हैं, तथा कई पूर्व विद्यार्थियों ने अपने व्यवसाय और निर्माण कंपनियाँ सफलतापूर्वक स्थापित की हैं और उद्योग जगत में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों हेतु भोजन की विशेष व्यवस्था की गई। भोजन के पश्चात् पूर्व विद्यार्थियों ने परिसर भ्रमण किया, पुरानी यादों को ताज़ा किया, सामूहिक फोटोग्राफी में भाग लिया तथा वर्तमान विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। यह आयोजन सकारात्मकता, यादगार अनुभवों और भावनात्मक जुड़ाव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सभी पूर्व विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु हार्दिक आभार प्रकट करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ करता है। यह जानकारी प्रह्लाद चौधरी एवं उदय कुमार रजक ने दी।

# नथिंग फोन (3ए) लाइट अब सेल में नए ब्लू कलर में उपलब्ध, कीमत 19,999 से शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



लंदन-बेस्ड टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने स्मार्टफोन फोन (3ए) लाइट की सेल 05 दिसंबर से शुरू होने की घोषणा की है। इंडिया लॉन्च के दौरान कंपनी ने क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ एक नया ब्लू कलर ऑप्शन भी पेश किया है। इस डिवाइस में नथिंग का सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिज़ाइन, 6.77 इंच का एमोलेड डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल मेन कैमरा जो ट्रुलेंस इंजन 4.0 से लैस है, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो चिपसेट और 5000 एमएच बैटरी दी गई है। इस स्मार्टफोन की कीमत 20,999 रखी गई है, जो बैंक डिस्काउंट के बाद 19,999 (8जीबी + 128जीबी वैरिएंट) में खरीदा जा सकेगा। फोन (3ए) लाइट अब भारत में फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और अन्य प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। फोन (3ए) लाइट नथिंग की ट्रांसपेरेंट एस्थेटिक को आगे बढ़ाता है और इसमें आईपी54 रेज़िस्टेंस, एल्यूमिनियम इंटरनल फ्रेम और एक रिफाइंड, लाइटवेट बिल्ड दिया गया है। इसमें 6.77-इंच का फ़्लेक्सिबल एमोलेड डिस्प्ले मिलता है, जिसमें 120 हट्र्ज़ एडैप्टिव रिफ्रेश रेट और 3000 निट्स पीक एचडीआर ब्राइटनेस शामिल है। फोन में 50 मेगापिक्सल मेन कैमरा दिया गया है, जो ट्रूलेंस इंजन 4.0 से लैस है। इसके साथ अल्ट्रा एक्सडीआर, नाइट मोड और 4के वीडियो रिकॉर्डिंग 30 एफपीएस का सपोर्ट भी मिलता है।

# हाथी शावक की मौत के बाद गांव वालों ने किया दशकर्म, रीति रिवाज से पूजा कर 200 से अधिक लोगों ने किया मृत्युभोज







**पायनियर संवाददाता < रायगढ़**
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है। हाथी शावक की पानी में डूबकर मौत हो जाने के दस दिन बाद गांव के ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर मृत हाथी शावक की आत्मा की शांति के लिए विधि विधान से आज उसका दशकर्म का कार्यक्रम किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के तमनार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गौरमुड़ी गांव में पिछले दिनों तालाब में डूबकर एक हाथी शावक की मौत हो गई थी। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को घटना की जानकारी दी गई और मौके पर पहुंची वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकालते हुए पंचनामा तैयार कर शव को तालाब किनारे ही दफना दिया था। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि हाथी शावक की मौत के बाद उनके क्षेत्र में हाथियों का बढ़ गया। हाथियों ने तालाब के आसपास के अलावा किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। गांव के तालाब में ग्रामीणों ने निस्तारी करना बंद कर दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने सहमत होकर हाथी शावक की आत्मा की शांति के लिए इंसान की भांति दशकर्म करने का निर्णय किया। इसी के तहत आज तालाब किनारे हिन्दू रीति से हाथी शावक का दशकर्म का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक की संख्या में गांव के ग्रामीण शामिल होकर मृत्यु भोज भी ग्रहण किया।

### तीसरे दिन दिनेश ने कटाया बाल और दाढ़ी

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि 25 नवंबर की सुबह जब गांव के तालाब की हाथी शावक का शव मिला था, तब गांव के ही दिनेश यादव ने उसके शव को तालाब से बाहर निकाला था।हाथी शावक की मौत के तीन दिन बाद दिनेश ने नाई के पास बाल दृदाढ़ी भी कटवाया था।

### आत्मा की शांति के लिए किया गया अनुष्ठान

गांव के गोटिया शेषदेव पंडा ने बताया कि हाथी शावक की मौत के बाद तालाब की शुद्धिकरण और नन्हें मृत हाथी शावक के आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान किया गया। इस दौरान हाथी शावक के फोटो में माल्यार्पण कर पूजा की गई साथ ही पंडित ने आत्मा की शांति के लिए आहूति भी दी।

### क्या कहते हैं वन परिक्षेत्र अधिकारी

इस संबंध तमनार वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार ने बताया बीते दिनों तमनार रेंज में 34 हाथियों का दल विचरण कर रहा था। इस दौरान गौरमुड़ी में हाथियों का दल पानी पीने पहुंचा था, इसी बीच शावक हाथी की पानी में डूबने से मौत गई थी। जिस तालाब में हाथी शावक के डूबने से मौत हुई हैं वहां के ग्रामीणों ने नन्हें शावक का दशकर्म करने की जानकारी मिली है।

# जंगल का सीना छलनी करने वालों पर वन विभाग का कहर

## अवैध सेमल लकड़ी से भरे ट्रक के साथ दो गिरफ्तार, गिरोह की तलाश



**पायनियर संवाददाता < बलरामपुर**
www.dailypioneer.com

वन संपदा लूटने की कोशिश करने वालों पर इस बार वन विभाग ने नकेल कस दी है। वन परिक्षेत्र बलरामपुर के सर्किल बरदर, बीट जरहाडीह क्षेत्र में एक बड़ा अवैध लकड़ी तस्करी का मामला उजागर हुआ है, जिसमें महिंद्रा ट्रक में भरे 13 नग सेमल लट्ठा और लोडिंग में इस्तेमाल होने वाली एक लोडर मशीन को मौके पर ही जप्त कर लिया गया। पूरा माल बिना अनुमति अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन और उपवनमंडलाधिकारी अनिल कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में भारतीय वन अधिनियम की धारा 41 व 52 तथा छत्तीसगढ़ वनोपज नियम 2001 के नियम 22 के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी बलरामपुर निवासी अनिल यादव और अपफसर अली निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में साफ हुआ है कि इस अवैध परिवहन में अन्य लोगों की भी संलिप्तता है। तलाश के लिए टीमों को तैनात किया गया है। वन अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पूरा गिरोह पकड़ में आ जाएगा। जप्ती और कार्रवाई के दौरान वनपरिक्षेत्र अधिकारी निखिल सक्सेना, वनपाल अनिल कुजूर तथा वनरक्षक देवीलाल, राजेश राम, प्रवीण, अजीत कुजूर, शिवशंकर सिंह और सुरेंद्र सिंह ओइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग का कहना है कि जंगल लूटने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। अवैध वनोपज परिवहन पर अब सख्ती और तेज की जाएगी।

# अवैध धान पर हुई कार्रवाई 264 क्विंटल से अधिक धान जप्त

**पायनियर संवाददाता < मुंगेली**
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अवैध धान के क्रय-विक्रय और भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मण्डी की संयुक्त टीम द्वारा आविदा फूड ग्रेन्स सारधा में दबिश दी गई। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि फर्म का ताला तोड़ कर अवैध रूप से संग्रहित धान की जप्ती की कार्यवाही की गई, जिसमें परिसर से एक पिकअप एवं एक माजदा गाड़ी में भरे 661 बारदानों सहित कुल 264 क्विंटल से अधिक धान जप्त कर कृषि उपज मंडी, लोरमी के सुपुर्द किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चैकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी करने प्रशासन की टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है। गठित निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है और मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

### रबी फसलों के बीमा के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**मुंगेली ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2025-26 अंतर्गत रबी फसलों चना, अलसी, गेहूं सिचिंत व असिचिंत एवं राई-सरसों के लिए बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषकों को बीमा के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा करना होगा, इनमें चना के लिए 480 रूपए, अलसी के लिए 270 रूपए, गेहूं सिचिंत के लिए 450 रूपए, गेहूं असिचिंत के लिए 375 रूपए, राई-सरसों के लिए 330 रूपए प्रति हेक्टेयर की राशि जमा करना होगा। अधिसूचित फसल की बीमा के लिए अऋणी कृषकों को फसल बुआई या फसल बोने के आशय के प्रमाण पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र, बी-1, पी-2, नवीनतम आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक छायाप्रति जमा करना होगा।

# श्री कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति की पुनीत पहल महापौर के हाथों दिव्यांग जनों को किया कंबल भेंट





**पायनियर संवाददाता < कोरबा**
www.dailypioneer.com

विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी. कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति पंडित रविशंकर शुक्ला नगर के द्वारा 60 दिव्यांग जनों को कंबल भेंट किया गया। तथा उनके उत्साह वर्धन के लिए अनेक बौद्धिक जानकारी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। सायन सदन घंटाघर में कंबल भेंट किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजू देवी राजपूत नगर पालिका निगम कोरबा के अतिथि में विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुधा झा संयोजक कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल समिति रीना सिंह संरक्षिका मथुरा पदाधिकारी चंद्र ममता गुर्जर सांस्कृतिक प्रभारी के सहयोग से संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर निशक्त समिति अध्यक्ष उपेंद्र राठौर सशक्त दिव्यांगजन संघ के अध्यक्ष पन्नालाल नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टीम छत्तीसगढ़ की कुछ प्लेयर उपस्थित हुए उनका भी सम्मान किया गया जो कि निम्न है लकी सोनी कप्तान गौरी शंकर विकास चौहान अशोक पटेल दिलदार सिंह केशव चौहान होरीलाल यादव नारायण प्रसाद पटेल मनोज साहू संजय पटेल दिनेश यादव जीवन रतिया पन्नालाल समय लाल द्वद्व अलावा काफी संख्या में दिव्यांग लोग उपस्थित हुए।

# केलो को प्रदूषण मुक्त कराने फिर उठी मांग



**पायनियर संवाददाता < रायगढ़**
www.dailypioneer.com

शहर के जीवनदायिनी केलो नदी में औद्योगिक अपशिष्ट और नालियों के गंदे पानी के प्रवाह से नाराज शहर के नागरिकों ने पार्षद संजय देवांगन के नेतृत्व में निगम आयुक्त को ज्ञापन देकर केलो नदी में सफाई अभियान चलाने की मांग उठाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद संजय देवांगन सहित वार्ड नं. की महिला पार्षद रेखा देवी, वरिष्ठ कांग्रेस अनिल अग्रवाल, मनोज सागर, संतोष राय, प्रदीप मिश्रा व कर्मचारी नेता शेख कलीमुल्लाह के हस्ताक्षर किये गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि केलो नदी को रायगढ़ नगर पालिक निगम क्षेत्र के जन जन अपनी महतारी (माँ) के स्वरूप में मानते है और पूज्यनीय मानता के कारण जीवन दायनी भी मानी जाती है। रायगढ़ शहर के मध्य से गुजरने वाली केलो नदी का प्रवाह दोनों तट में रहता है पर इसके पानी जो कि आपको वोतल में उपलब्ध करवाया जा रहा है, यह बहुत ही दुख की बात है कि उक्त पानी में कोयला के अपशिष्ट और औद्योगिक अपशिष्ट का वृहद समावेश है। रायगढ़ नगर पालिक निगम के निवासियों की ओर से आग्रह है कि त्वरित प्रशासनिक दक्षता प्रदर्शित कर यह जांच हो कि कोयला और औद्योगिक अपशिष्ट कहां से और किसके द्वारा केलो नदी जो कि इस जिले की जीवन दायनी और महतारी (माँ) में प्रवाहित किया जा रहा है।

# चाकू की नोक पर धमकाकर अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट और कई बार किया बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता < रायगढ़**
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिले में चाकू की नोक पर महिला का अपहरण करके किराये के मकान में लेकर जाकर उसके साथ कई बार बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक दास ने 28 नवंबर को उर्दना स्कूल मैदान के पास पीड़िता को चाकू की नोक पर धमकाकर अपहरण किया था। उसके बाद स्कूल के बाथरूम के पीछे झाड़ियों में बंधक बनाकर मारपीट की और जबरन शारीरिक शोषण किया। रात में उसे भगवानपुर स्थित अपने किराए के मकान में ले जाकर 30 नवंबर तक बंधक रखा, जहां कई बार बलात्कार किया। आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौन रहने को मजबूर किया था। पीड़िता ने किसी तरह भागकर अपने पति को घटना बताई और थाने पहुंची। महिला थाना उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने बताया कि शिकायत मिलते ही विशेष टीम गठित की गई थी। आरोपी की तलाश में भगवानपुर और उर्दना क्षेत्र में छापेमारी की गई। आरोपी को उसके किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चाकू और अन्य सामग्री बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने कहा, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की गई है। आरोपी से पूछताछ में अपराध कबूल लिया गया है, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 138, 142, 115(2), 351(2) और 64(2)(एम) के तहत मामला दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

# कालेज से घर जाते वक्त प्रोफेसर का अपहरण कर किए थे 25 लाख रूपए की मांग, आरोपी निकलवा चुके थे 14 लाख रूपए

**पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण**
www.dailypioneer.com



शासकीय लक्ष्मणेश्वर पीजी कालेज खरौद में पदस्थ प्रोफेसर रामकुमार सिंह कंवर ने 1 दिसंबर को थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 नवंबर को उन्हें कुछ लोगों ने फोन कर खरौद बुलाया और फिर उन्हें अगवा कर लिया। आरोपियों ने उनसे 25 लाख रुपये की मांग की और मारपीट करते हुए उनका न्यूड वीडियो बनाया और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर देंगे जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल घटना स्थल पहुंचकर आस पास के लोगों से बारीकी से पूछताछ किया व आरोपियों की पतासाजी करने अलग अलग टीम रवाना हुआ। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं चांपा यदुमणि सिदार के के कुशल मार्गदर्शन में सभी आरोपियों को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर शिनाख्ती की कार्रवाई कराने पश्चात पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपीयों में करन दिनकर पिता पुनीराम दिनकर उम्र 29 वर्ष निवासी खाल्हेपारा वार्ड नं.09 भवतरा थाना शिवरीनारायण, अरूण मनहर पिता कमलसाय मनहर उम्र 19 साल निवासी कुथुर थाना पामगढ़, श्यामजी सिन्हा पिता कोमल सिन्हा उम्र 24 वर्ष नि. अंबेडकर चौक रहसबेड़ा वार्ड नं. 15 अकलतरा थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा, कार्तिकेश्वर रात्रे पिता गणेशराम रात्रे उम्र 35 वर्ष निवासी खैरा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार हामु हामु चेउडीह वृद्धविहार थाना पामगढ जिला जांजगीर चांपा उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, निरीक्षक सागर पाठक, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह साइबर सेल, सहायक उपनिरीक्षक रामप्रसाद बघेल एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# हड़कंपः एक साथ कई दुकानों पर जीएसटी की दबिश, डुप्लीकेट माल का खुलासा?

**पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज**
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 7 थाना रोड स्थित कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दोपहर उस समय हड़कंप मच गया,जब गुड्स एंड सर्विस टैक्स जीएसटी की टीम का काफिला अचानक शहर में दाखिल हुआ और कई दुकानों व गोदामों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। टीम ने दुकानों के साथ-साथ गोदामों को भी सील कर जांच अपने कब्जे में ले ली। अचानक हुई इस कार्रवाई से शहर के व्यापारी जगत में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुकानों के शटर आधे बंद होने लगे, बाज़ार में फुसफुसाहट तेज हो गई और पूरे थाना रोड इलाके में कुछ देर के लिए सन्नाटा पसर गया। जांच दल दस्तावेजों, स्टॉक और बिलों की बारीकी से पड़ताल में जुटा है। सूत्रों के मुताबिक, रामानुजगंज का सरहदी इलाका होने का फायदा उठाकर बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षों से चोरी-छिपे ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर डुप्लीकेट सिगरेट, गुटखा और तंबाकू पाउच की सप्लाई किए जाने की शिकायतें विभाग तक पहुंची थीं। आरोप है कि कुछ मुनाफाखोर व्यापारी नियम-कानून को ताक पर रखकर इस काले धंधे को खुलेआम बढ़ावा दे रहे थे। इन्हीं शिकायतों के आधार पर जीएसटी टीम ने अचानक दबिश दी है। जनचर्चा है कि कुछ प्रतिष्ठानों में बरामद स्टॉक और दस्तावेज शक के घेरे में हैं, जिनकी बारीकी से जांच की जा रही है। हालांकि विभागीय अधिकारी अभी आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं,लेकिन कार्रवाई जारी रहने की पुष्टि की है। रामानुजगंज में इस तरह की एक साथ कई जगहों पर हुई छापेमारी ने शहर के व्यापारिक तबके में खलबली मचा दी है। आगे क्या सामने आता है,इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## घर का बिजली का बिल हुआ शून्य

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना : हजारीलाल खत्री ने घर पर लगवाया सोलर पैनल

**पायनियर संवाददाता < मुंगेली**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अब केवल बिजली बचत का माध्यम नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव की कहानी बन रही है। योजना के तहत लगाए गए सोलर पैनल के माध्यम से नागरिकों का घर रोशन हो रहा है। आम नागरिकों के घरों में सूर्य की किरणों से रोशनी मिल रही है। इसी कड़ी में अम्बेडकर वार्ड मुंगेली निवासी हजारीलाल खत्री ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के बाद से उनके घर का बिजली बिल शून्य हो गया है। खत्री ने बताया कि पहले उनके घर का बिजली बिल अधिक आता था, इससे उन्हें आर्थिक परेशानी होती थी, लेकिन जब से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगवाया है, बिजली बिल से राहत मिल गई है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के बाद वे बिजली बिल से मुक्त जीवन जी रहे हैं। उन्होंने योजना के संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ÷पीएम सूर्य घर योजना÷ के तहत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने पर केन्द्र और राज्य शासन द्वारा 30 हजार रूपए से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। 01 किलोवाट का रूफ्टॉप लगवाने पर 45 हजार रूपए, 02 किलोवाट में 90 हजार रूपए और 03 किलोवाट का रूफ्टॉप लगवाने पर 01 लाख 08 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत लगाए गए सोलर प्लांट को नेट मीटरिंग प्रणाली से जोड़ा जाता है, जिससे अतिरिक्त उत्पन्न बिजली ग्रिड में भेजी जा सकती है और उपभोक्ता को उसका लाभ आय के रूप में प्राप्त होता है। रूफटॉप सोलर सिस्टम दो प्रकार के हैं, ऑफ-ग्रिड और ऑन-ग्रिड। ऑफ-ग्रिड सिस्टम में बैटरी के माध्यम से उत्पन्न बिजली का घर में ही उपयोग होता है, जो विशेषकर उन इलाकों के लिए उपयोगी है, जहां ग्रिड की सुविधा नहीं है। वहीं ऑन-ग्रिड सिस्टम में अतिरिक्त बिजली सीधे ग्रिड को भेजी जाती है और उतनी यूनिट उपभोक्ता के बिल से घटा दी जाती है। सब्सिडी की राशि 01 से 1.5 माह के भीतर सीधे उपभोक्ताओं के बैंक खाते में जमा की जाती है। इसके साथ ही कम ब्याज दर एवं आसान किश्तों में बैंक फायनेंस भी उपलब्ध है। इस योजना से पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक बचत और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को एक साथ बढ़ावा मिल रहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर को

**मुंगेली।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि तीनों विकासखंडों में इसके लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा हेतु कुल 05 हजार 432 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन नम्बर और जन्मतिथि भरकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ से डॉ. जी.सी.भारद्वाज अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में भाग लेंगे



**शिवरीनारीयण।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद, जिला जांजगीर -चांपा छत्तीसगढ़ में कार्यरत समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. जी. सी.भारद्वाज गोपाल किरण समाजसेवी संस्था ग्वालियर एवं जी. एल. ए. विश्वविद्यालय मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में 5 दिसम्बर को आयोजित होने वाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में स्रोत वक्ता के रूप में भाग लेंगे! इस दौरान वे नई शिक्षा नीति एवं समाधान तथा महिला सशक्तिकरण पर अपना व्याख्यान देंगे। इस कार्यक्रम में बाल्यावस्था- जात से जेंडर तक पुस्तक का लोकार्पण भी होगा। इस दौरान साहित्य के क्षेत्र में उन्हें महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए आई. डी. ओ. एल. अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा!





**रायपुर।** श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स एवं कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने पूरे परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया। उनके माता-पिता ने केक खिलाकर दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही उनकी धर्मपत्नी नीता नायक एवं पुत्र तेजस नायक ने साथ मिलकर केक काटते हुए खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर श्री बालाजी ग्रुप के डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डायरेक्टर विरेंद्र पटेल, डॉ. दीपक जायसवाल, सीईओ हिमांशु साहू, पायनियर के प्रकाशक भोजराम पटेल, समेत विभिन्न चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य : रामनाथ कोविंद

## संयम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़े युवा : राज्यपाल डेका

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहे। समारोह में 64 शोद्यार्थियों को शोध उपाधि, 92 गोल्ड मेडल एवं 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि दी गई। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने स्नातक छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवा पीढ़ी की ऊर्जा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और वर्तमान युवा इसका ऐतिहासिक साक्षी और भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से स्नातक होना शिक्षा की पूर्णता नहीं है, बल्कि इक्कीसवीं सदी में सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विश्वविद्यालयों में बेटियाँ शिक्षा के क्षेत्र में कई बार बेटों से आगे निकल रही हैं और इस विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेताओं में भी बेटियों की संख्या उल्लेखनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों, विशेषकर पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का सहयोग और गुरुओं का अमूल्य मार्गदर्शन भी निहित है।

### संयम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़े युवा : राज्यपाल डेका

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि जीवन में अनेक चुनौतियाँ आती हैं, जिनमें कभी-कभी हम गिरते भी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हर बार स्वयं को संभालकर फिर से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में गिरावट से भयभीत न हों और हमेशा उठने का साहस रखें। राज्यपाल ने अनुशासन को जीवन में सफलता की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि जीवन एक सुंदर यात्रा है, और इसे उददेश्यपूर्ण, सकारात्मक और सार्थक ढंग से जीना प्रत्एक व्यक्ति का दायित्व है। मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर ध्यान आकर्षित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि तनाव एक बड़ी चुनौती बन चुका है। इसलिए योग, ध्यान और नियमित शारीरिक गतिविधि को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी आग्रह किया कि वे जीवन में ऐसा कार्य चुनें जिसमें तनाव कम हो, पारदर्शिता हो और जिससे स्वयं, समाज और राष्ट्र का सकारात्मक परिवर्तन संभव हो।

### अनुशासन, नवाचार और अपनी संस्कृति से जुड़ाव-यही है सफल भविष्य की कुंजी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि सीखने की निरंतर इच्छा से तय होती है। दुनिया तेजी से बदल रही है, और जो युवा अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहते हुए तकनीक, नवाचार और मेहनत का मार्ग चुनते हैं, वहीं कल का भारत गढ़ेंगे। जीवन में अवसर हमेशा बाहर नहीं मिलते, कई बार हमें स्वयं अवसर बनाना होता है। अनुशासन, लगन और सकारात्मक दृष्टि ही वह शक्ति है, जो हर साधारण क्षण को असाधारण उपलब्धि में बदल देती है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि यह पीढ़ी छत्तीसगढ़ को और पूरे देश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह समारोह केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों, संकल्पों और संघर्षों का उत्सव है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुविषयक अध्ययन, कौशल आधारित शिक्षण, चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और आधुनिक पाठ्यचर्या जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने की सराहना की, जिससे छात्र वैश्विक अवसरों का लाभ उठा सकें।

# अवैध कारोबार पर प्रशासन की कड़ी नकेल

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़
www.dailypioneer.com

### सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 76.75 लाख का 2476 क्विंटल धान जब्त

धान अवैध परिवहन और भंडारण पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीते दिनों सख्त निगरानी अभियान चलाया। जिला प्रशासन एवं मंडी विभाग के संयुक्त प्रयासों से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अब तक 76.75 लाख रुपये मूल्य का कुल 2476 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी तथा सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 03 दिसंबर तक लगातार छापेमारी की गई। कार्रवाई का उद्देश्य केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप कोचियों और व्यापारियों द्वारा की जा रही अवैध खरीदी-बिक्री पर सख्ती जारी रहेगी। जिले में निगरानी और जांच अभियान आगे भी लगातार चलता रहेगा।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 157 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत सूरजपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु स्वीकृत कुल 157.34 लाख रुपये की लागत वाले निर्माण कार्यों की नींव रखी। मंत्री राजवाड़े ने ग्राम कसकेला में 26.05 लाख रुपए की लागत से सी.सी. सड़क और नाली निर्माण, ग्राम सिलफिली में 76.74 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण, ग्राम गणेशपुर में 37.48 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा ग्राम करमपुर में 17.07 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है।

# छात्रवृत्ति स्वीकृति निर्धारित समयसीमा में हो संपन्न : आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ.सारांश मित्तर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों में पदस्थ सहायक आयुक्तों की बैठक लेकर काम काज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सभी जिलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्गवार छात्रवृति स्वीकृति की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ली जाए, ताकि किसी भी छात्र को शिक्षा प्राप्त करने में कोई आर्थिक समस्या ना आए। उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों - बहुउददेशीय केन्द्रों के निर्माण की स्थिति, एवं उसमें होने वाले व्यय की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही सभी पूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र वास्तविक फोटोग्राफ सहित जानकारी उपलब्ध कराने एवं सभी अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत आने वाले बस्तर सभांग के 07 जिलों तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत आने वाले जिलों में अपूर्ण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर राशि के नियमानुसार उपयोग के निर्देश दिए गए।

# स्वच्छ भारत मिशन में बड़ा घोटाला: 137 ग्रामीणों से वसूली, शौचालय गायब पूर्व सरपंच परिवार पर ठगी के गंभीर आरोप, प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्तर की स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत बड़ा खुलासा हुआ है, जहां जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम नवघटा और सबराटोला के 137 गरीब ग्रामीणों से व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति दिलाने के नाम पर भारी-भरकम वसूली का आरोप सामने आया है। ग्रामीणों के मुताबिक, ग्राम पंचायत नवघटा की भूतपूर्व सरपंच तिजन बाई जायसवाल और उनके पति जीवराखन सिन्हा ने प्रति परिवार 1000 से 2000 रुपये तक की वसूली घरङ्घर जाकर की। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश परिवार बीपीएल, एपीएल, विधवा, भूमिहीन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हैं, जिन्होंने मजदूरी करके यह राशि जमा की थी। लेकिन एक साल से भी अधिक समय बीत जाने के बाद न तो शौचालय बना, न ही राशि वापस की गई। ग्रामीणों ने इस ठगी को आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक शोषण भी बताया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत भवन में खुलेआम पूर्व सरपंच के पति जीवराखन सिन्हा ने कहा कि उन्होंने शौचालय स्वीकृति के लिए जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में पदस्थ स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक उत्तम कुमार साहू को 52,000 रुपये दिए हैं। इस वसूली की हस्तलिखित सूची भी उनके पास प्रमाण के रूप में मौजूद है, फिर भी आज तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### ग्रामीणों का आरोप

ऊपर से नीचे तक सब भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही। गरीब हितग्राही महीनों से दफ्तरों के चक्क र काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन योजना का हाल यह है, तो बाकी पंचायतों की स्थिति क्या होगी, यह सोचकर ही चिंता बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा को लिखित शिकायत दी है और इसकी प्रतिलिपि जिलाधीश कबीरधाम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम सहसपुर लोहारा को भी सौंपी है।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

अवैध रूप से वसूली गई पूरी राशि तत्काल वापस कराई जाए। पूर्व सरपंच परिवार तथा संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाए। स्वच्छ भारत मिशन में फैले भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच हो। इस घटना ने स्वच्छ भारत मिशन की पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण न्याय की उम्मीद में हैं, और अब पूरा क्षेत्र जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतज़ार कर रहा है।

05 Dec. 2025 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403